मौसम

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 27.1 | 22.4 |
| डालटनगंज | 31.4 | 23.9 |
| धनबाद | 31.1 | 25.3 |

तापमान डिग्री सेल्सियस में.

# शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार

https://epaper.shubhamsandesh.net

रांची, बुधवार 20 अगस्त 2025 ● भाद्रपद कृष्ण पक्ष 12, संवत 2082 ● रांची एवं पटना से प्रकाशित ● वर्ष : 3, अंक : 133 ● मूल्य ₹ 4, पृष्ठ संख्या : 12


## नवादा में राहुल गांधी और तेजस्वी यादव ने मंगलवार को 'वोटर अधिकार यात्रा' के दौरान लगाया आरोप-बोले

# चुनाव आयोग और भाजपा में पार्टनरशिप, हम वोट चोरी नहीं होने देंगे

संवाददाता ।पटना



बिहार के नवादा में लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी और राजद नेता तेजस्वी यादव ने मंलगवार को 'वोटर अधिकार यात्रा' निकाली. रैली को संबोधित करते हुए राहुल गांधी ने कहा कि लाखों लोग ऐसे हैं जिन्होंने वोट दिया, वोटर लिस्ट में नाम था और उनका नाम वोटर लिस्ट से काट दिया गया. जब राहुल गांधी ये बात कह रहे थे उनके साथ एक व्यक्ति था जिसकी टी-शर्ट पर 'मेरा वोट चोरी हुआ है' लिखा था और वह अपनी वोटर आईडी कार्ड भी मीडिया के कैमरों को दिखा रहा था.

राहुल गांधी ने आगे कहा कि चुनाव आयोग और बीजेपी के बीच में पार्टनरशिप चल रही है. उन्होंने आरोप लगाया कि ये दोनों मिलकर वोटों की चोरी कर रहे हैं. वहां मौजूद लोगों से राहुल गांधी ने पूछा क्या आप इस बात से सहमत हैं, लोगों ने 'हां' में जवाब दिया. उन्होंने कहा कि वोट देना आपका अधिकार है. ये अधिकार संविधान आपको देता है. इसके लिए आपने लड़ाई लड़ी है. आप मेहनत करते हो और ये नरेंद्र मोदी, अमित शाह और चुनाव आयोग मिलकर आपके अधिकार छीन रहे हैं. मैं, तेजस्वी यादव और बाकी नेता उनसे कहना चाहते हैं कि हम आपको बिहार का एक भी वोट चोरी नहीं करने देंगे. महाराष्ट्र, हरियाणा, मध्य प्रदेश के चुनाव इन्होंने चोरी किए हैं. महाराष्ट्र में तकरीबन एक करोड़ नए वोटर लोकसभा चुनाव के बाद जादू से जुड़ जाते हैं. लोकसभा में हम जीतते हैं और नए वोटर आने के बाद बीजेपी जीत जाती है.

कांग्रेस सांसद ने कहा कि हमने इलेक्शन कमीशन से पूछा कि ये नए लोग कौन हैं तो जवाब नहीं मिलता. हमने कहा कि वीडियोग्राफी दिखाओ तो कानून बना दिया. अब बिहार में एसआईआर के जरिए हम इन्हें वोट चोरी नहीं करने देंगे.

**अगली बार हम राहुल गांधी को प्रधानमंत्री बनाएंगे :** वहीं रैली को संबोधित करते हुए राजद नेता तेजस्वी यादव ने कहा कि विपक्ष अगले लोकसभा चुनाव में राहुल गांधी को प्रधानमंत्री बनाने की दिशा में काम करेगा. उन्होंने संकेत दिया कि कांग्रेस सांसद इंडिया ब्लॉक का चेहरा होंगे. नवादा में 'मतदाता अधिकार' रैली का नेतृत्व करते हुए तेजस्वी ने यह बातें कही. तेजस्वी ने आरोप लगाया कि चुनाव आयोग और बीजेपी ने वोट चुराने और बिहार के लोगों को मूर्ख बनाने के लिए हाथ मिलाया है. उन्होंने कहा कि, भाजपा वोट देने का अधिकार छीनना चाहती है...हम बिहारी हैं. एक बिहारी सब पर भारी है. हम चुनावों को खैनी (तंबाकू) की तरह समझते हैं-हम इसे रगड़ते हैं और फेंक देते हैं.

## ब्रीफ न्यूज

### '3 इडियट्स' फेम अभिनेता अच्युत पोतदार का निधन

**मुंबई ।** मनोरंजन जगत से एक बेहद दुखद खबर सामने आई है. वरिष्ठ अभिनेता अच्युत पोतदार का 91 वर्ष की आयु में निधन हो गया. लंबे समय से वे उम्र संबंधी बीमारियों से जूझ रहे थे. उनकी 18 अगस्त को तबीयत अचानक बिगड़ गई, जिसके बाद उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया. तमाम कोशिशों के बावजूद डॉक्टर उन्हें बचा नहीं सके और उन्होंने अंतिम सांस ली. उनके निधन की खबर से फिल्म जगत में गहरा शोक है. अच्युत पोतदार उन कलाकारों में से रहे, जिन्होंने अपने सादगी भरे अंदाज और नैसर्गिक अभिनय से दर्शकों के दिलों पर गहरी छाप छोड़ी.

### रूस गए विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर

**नई दिल्ली ।** विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर 19-21 अगस्त को रूस की आधिकारिक यात्रा करेंगे. इस यात्रा का उद्देश्य दीर्घकालिक और समय-परीक्षित भारत-रूस विशेष और विशेषाधिकार प्राप्त रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत करना है. विदेश मंत्रालय के अनुसार 20 अगस्त को विदेश मंत्री निर्धारित व्यापार, आर्थिक, वैज्ञानिक, तकनीकी और सांस्कृतिक सहयोग पर भारत-रूस अंतर-सरकारी आयोग के 26वें सत्र की सह-अध्यक्षता करेंगे. विदेश मंत्री मॉस्को में भारत-रूस व्यापार मंच की बैठक को भी संबोधित करेंगे. इस यात्रा के दौरान विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव से भी मुलाकात करेंगे.

### बब्बर खालसा के दो आतंकी, ग्रेनेड बरामद

**चंडीगढ़ ।** बब्बर खालसा इंटरनेशनल (बीकेआई) आतंकी मॉड्यूल का पर्दाफाश होने के कुछ ही दिन बाद काउंटर इंटेलिजेंस जालंधर ने इसी मॉड्यूल के दो और सक्रिय सदस्यों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से एक 86पी हैंड-ग्रेनेड बरामद किया है. पंजाब पुलिस महानिदेशक गौरव यादव ने मंगलवार को बताया कि पंजाब पुलिस ने नवांशहर ग्रेनेड हमले में शामिल बीकेआई मॉड्यूल के पांच सदस्यों को पहले ही गिरफ्तार किया था. इनमें ऋतिक नरोलिया और सोनू कुमार उर्फ काली के साथ तीन नाबालिग थे. उस समय पुलिस ने एक 86पी हैंड-ग्रेनेड और एक .30 बोर पिस्तौल भी बरामद की थी.

### मोदी ने चीन के विदेश मंत्री से की मुलाकात

**नयी दिल्ली ।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को नई दिल्ली में चीन के विदेश मंत्री वांग यी से अपने आवास पर मुलाकात की. इससे पहले, राजधानी में वांग यी के साथ कई उच्चस्तरीय वार्ताएं हुई थीं. इस दौरान नई दिल्ली और बीजिंग एशियाई दिग्गजों के बीच द्विपक्षीय संबंधों को स्थिर और मजबूत करने की दिशा में काम कर रहे हैं. वांग यी की भारत यात्रा शंघाई सहयोग संगठन शिखर सम्मेलन के लिए मोदी की चीन यात्रा से कुछ दिन पहले हुई है. इसे इसलिए भी अहम माना जा रहा है क्योंकि यह ट्रंप द्वारा भारतीय वस्तुओं पर टैरिफ को दोगुना करके 50% कर दिए जाने के बाद भारत-अमेरिका संबंधों में बढ़ते तनाव के बीच हो बातचीत हो रही है.

## उपराष्ट्रपति चुनाव : मल्लिकार्जुन खरगे ने रेड्डी के नाम की घोषणा की

# इंडी गठबंधन ने बी. सुदर्शन रेड्डी को बनाया उम्मीदवार

- रेड्डी 21 अगस्त को अपना नामांकन दाखिल करेंगे

एजेंसी ।नयी दिल्ली

इंडी गठबंधन ने उपराष्ट्रपति चुनाव के लिए सुप्रीम कोर्ट के पूर्व न्यायाधीश बी. सुदर्शन रेड्डी को अपना संयुक्त उम्मीदवार घोषित किया है. यह ऐलान कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के आवास पर मंगलवार को गठबंधन के घटक दलों की बैठक के बाद किया गया. रेड्डी 21 अगस्त को अपना नामांकन दाखिल करेंगे. खरगे ने रेड्डी के नाम की घोषणा की. उन्होंने कहा कि रेड्डी देश के सबसे प्रतिष्ठित और प्रगतिशील न्यायविदों में से एक हैं. उन्होंने आंध्र प्रदेश हाई कोर्ट में न्यायाधीश, गौहाटी हाई कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश और सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश के रूप में लंबा और उत्कृष्ट कार्य किया है. उनका कानूनी करियर सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक न्याय के लिए संघर्ष से जुड़ा रहा है. बैठक में कांग्रेस, द्रविड़ मुन्नेत्र कड़गम (द्रमुक), तृणमूल कांग्रेस, समाजवादी पार्टी (सपा), राष्ट्रीय जनता दल (राजद), आम आदमी पार्टी (आआपा), शिवसेना (यूबीटी) सहित अन्य सहयोगी दलों के नेता मौजूद थे. सभी दलों ने सर्वसम्मति से रेड्डी को उम्मीदवार बनाए जाने पर सहमति जताई.

**चुनाव नहीं बल्कि एक विचारधारात्मक लड़ाई है :** खरगे ने कहा कि यह सिर्फ एक चुनाव नहीं बल्कि एक विचारधारात्मक लड़ाई है और लोकतंत्र की रक्षा के लिए सभी विपक्षी दल एकजुट होकर मैदान में उतर रहे हैं. उन्होंने रेड्डी को संविधान और मौलिक अधिकारों का रक्षक बताते हुए कहा कि वे गरीबों के पक्ष में कई ऐतिहासिक निर्णय दे चुके हैं. जब भी लोकतंत्र और संविधान पर खतरा आता है, विपक्ष एकजुट होकर उसका मुकाबला करता है और यही एकता इस चुनाव में भी दिखाई दे रही है. उन्होंने कहा कि रेड्डी का नाम सभी दलों की सहमति से तय किया गया है और वे 21 अगस्त को नामांकन दाखिल करेंगे.इस अवसर पर कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने भी मीडिया को संबोधित किया. उन्होंने कहा कि रेड्डी का नाम इसलिए तय किया गया क्योंकि वे स्वतंत्रता संग्राम और संविधान के मूल्यों को जीवन भर आत्मसात करते रहे हैं. यह चुनाव दो विचारों की टक्कर है और रेड्डी इन मूल्यों के प्रतीक हैं. उन्होंने खरगे का धन्यवाद देते हुए कहा कि उन्होंने सभी विपक्षी दलों की ओर से देश को एक मजबूत और वैचारिक रूप से प्रतिबद्ध विकल्प दिया है.

### बीए और एलएलबी की पढ़ाई की, 1988 से 1990 तक वे सरकारी वकील रहे

उल्लेखनीय है कि रेड्डी का जन्म 8 जुलाई 1946 को हुआ था. उन्होंने बीए और एलएलबी की पढ़ाई की और 27 दिसंबर 1971 को आंध्र प्रदेश बार काउंसिल में अधिवक्ता के रूप में पंजीकृत हुए. उन्होंने आंध्र प्रदेश हाई कोर्ट में रिट और सिविल मामलों में प्रैक्टिस की. 1988 से 1990 तक वे सरकारी वकील रहे और छह महीने केंद्र सरकार के अतिरिक्त स्थायी वकील के रूप में भी कार्य किया. उन्होंने उस्मानिया



विश्वविद्यालय के लिए कानूनी सलाहकार और स्थायी वकील के रूप में भी सेवाएं दीं. उन्हें 2 मई 1995 को आंध्र प्रदेश हाई कोर्ट का स्थायी न्यायाधीश नियुक्त किया गया और 5 दिसंबर 2005 को गौहाटी उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश बनाए गए. इसके बाद वे सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश बने. उनका पूरा करियर न्याय, संविधान और सामाजिक सरोकारों को समर्पित रहा है.

## एनडीए की बैठक में सीपी राधाकृष्णन का अभिनंदन, आज सुबह करेंगे नामांकन

एजेंसी ।नयी दिल्ली

राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के उपराष्ट्रपति पद के उम्मीदवार सीपी राधाकृष्णन का मंगलवार को सत्तारूढ़ दल के सांसदों की एक बैठक में अभिनंदन किया. इस दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और भाजपा के सहयोगी दलों के शीर्ष नेताओं ने राधाकृष्णन का अभिनंदन किया. राधाकृष्णन बुधवार सुबह 11 बजे अपना नामांकन दाखिल करेंगे. पार्लियामेंट्री लाइब्रेरी बिल्डिंग के जी.एम.सी. बालयोगी ऑडिटोरियम में मंगलवार को हुई संसदीय दल की बैठक में एनडीए के सभी लोकसभा और राज्यसभा सदस्य मौजूद रहे. बैठक के बाद केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने मीडिया को बताया कि उपराष्ट्रपति चुनाव के लिए एनडीए उम्मीदवार सीपी राधाकृष्णन का बैठक में परिचय कराया गया. एनडीए के फ्लोर लीडर्स, सांसदों ने सीपी



राधाकृष्णन का गर्मजोशी से स्वागत किया, उन्हें बधाई दी. उन्होंने बताया कि एनडीए संसदीय दल की बैठक में उनका परिचय प्रधानमंत्री मोदी ने कराया. परिचय के साथ ही प्रधानमंत्री मोदी ने अपील की है कि पूरी पार्टी और सभी दलों के सांसद एकजुट होकर उपराष्ट्रपति चुनाव के लिए एनडीए द्वारा तय किए गए उम्मीदवार का सर्वसम्मति से समर्थन करें. सीपी राधाकृष्णन उपराष्ट्रपति पद के लिए एक बहुत अच्छा नाम हैं. सभी ने इसे स्वीकार किया है. उनके जीवन में कोई विवाद नहीं, कोई भ्रष्टाचार नहीं, कोई दाग नहीं, उन्होंने बहुत ही सादा जीवन जीया है और केवल समाज और देश के लिए काम किया है. अगर ऐसा व्यक्ति देश का उपराष्ट्रपति बनता है, तो यह देश के लिए बहुत खुशी की बात होगी. उन्होंने बताया कि राजनाथ सिंह भी सभी से बात कर रहे हैं और हम चाहते हैं कि हम सब मिलकर उपराष्ट्रपति के चुनाव में राधाकृष्णन का सर्वसम्मति से समर्थन करें.

### केंद्र ने कोटा-बूंदी ग्रीन फील्ड एयरपोर्ट के विकास को दी मंजूरी

**नई दिल्ली ।** केंद्र सरकार राजस्थान के कोटा-बूंदी ग्रीन फील्ड एयरपोर्ट का 1507 करोड़ की लागत से विकास करेगी. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति ने मंगलवार को कोटा-बूंदी में हवाई अड्डे के विकास के लिए भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (एएआई) के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी. मंत्रिमंडल के फैसलों की जानकारी देते हुए केन्द्रीय मंत्री अश्वनी वैष्णव ने यहां पत्रकार वार्ता में बताया कि इस परियोजना में 20 हजार वर्ग मीटर क्षेत्र में फैले एक टर्मिनल भवन का निर्माण शामिल है.

### लोस में आईआईएम संशोधन विधेयक पारित

**नयी दिल्ली ।** लोकसभा ने मंगलवार को गुवाहाटी में भारतीय प्रबंधन संस्थान (आईआईएम) की स्थापना के लिए एक विधेयक पारित कर दिया. इसके लिए केंद्र सरकार 550 करोड़ रुपये की सहायता उपलब्ध कराएगी. भारतीय प्रबंधन संस्थान (संशोधन) विधेयक, 2025 को निचले सदन में हंगामे के बीच पारित किया गया. इससे शिलांग के बाद पूर्वोत्तर में दूसरा आईआईएम स्थापित हो सकेगा. केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने भारतीय प्रबंधन संस्थान (संशोधन) विधेयक, 2025 को पेश किया, जबकि विपक्ष ने बिहार में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के मुद्दे पर विरोध किया.

### नीट पीजी 2025 का रिजल्ट हुआ जारी

**नयी दिल्ली ।** एनबीईएमएस ने राष्ट्रीय स्नातकोत्तर सह पात्रता परीक्षा का रिजल्ट जारी कर दिया गया है. परीक्षार्थी अपना परिणाम बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट natboard.edu.in पर जाकर देख सकते हैं. नेशनल बोर्ड ऑफ एग्जामिशन इन मेडिकल साइंस ने राष्ट्रीय स्नातकोत्तर पात्रता सह प्रवेश परीक्षा के नतीजे जारी किया हैं. परीक्षा में पास होने वाले उम्मीदवार एमडी, एमएस और पीजी डिप्लोमा प्रोग्राम जैसे स्नातकोत्तर मेडिकल कोर्स में सीटें सुरक्षित करने के लिए परामर्श प्रक्रिया में भाग लेने के पात्र होंगे. नीट पीजी 2025 परीक्षा 3 अगस्त, 2025 को एक ही पारी में सुबह 9 बजे से दोपहर 12:30 बजे तक आयोजित की गई थी.

## झारखंड शराब घोटाला : गिरफ्तारी के 92 दिन बाद भी नहीं दाखिल हुई चार्जशीट

# आईएएस विनय चौबे को मिली एसीबी कोर्ट से सशर्त जमानत

शुभम संदेश।रांची



झारखंड में बहुचर्चित शराब घोटाले मामले में फंसे वरीय आईएएस अधिकारी विनय चौबे को बड़ी राहत मिली है. गिरफ्तारी के 92 दिन बाद एसीबी (भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो) की ओर से चार्जशीट दाखिल न किए जाने के आधार पर रांची स्थित एसीबी कोर्ट ने उन्हें सशर्त जमानत दे दी है. बीएनएसएस की धारा 187(2) के तहत मिली इस जमानत के लिए चौबे की ओर से अधिवक्ता देवेश अजमानी ने अदालत में पक्ष रखा. कोर्ट ने जमानत मंजूर करते हुए कुछ सख्त शर्तें भी लगाई हैं, जिनका पालन करना उनके लिए अनिवार्य होगा.

**गिरफ्तारी की पृष्ठभूमि :** एसीबी ने 20 मई 2025 को शराब घोटाले के सिलसिले में आईएएस विनय चौबे को पूछताछ के लिए बुलाया था. पूछताछ के बाद उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया और तभी से वे न्यायिक हिरासत में थे. गंभीर आरोपों के चलते सरकार ने उन्हें निलंबित भी कर दिया था. अब जबकि उन्हें जमानत मिल गई है, जेल से बाहर आने का रास्ता साफ हो गया है, लेकिन कोर्ट द्वारा तय की गई शर्तों का पालन करना उनके लिए अनिवार्य होगा.

### क्या हैं जमानत की शर्तें?

- राज्य से बाहर जाने से पहले कोर्ट को सूचित करना अनिवार्य होगा.
- ट्रायल की पूरी अवधि में वे अपना मोबाइल नंबर नहीं बदल सकेंगे.
- 25-25 हजार रुपये के दो निजी मुचलके भरने होंगे.

## केंद्र सरकार ने जारी किया आदेश

# आईपीएस कुलदीप द्विवेदी बने सीबीआई के संयुक्त निदेशक

शुभम संदेश।रांची

झारखंड कैडर के 2005 बैच के भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) के अधिकारी कुलदीप द्विवेदी को केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) में संयुक्त निदेशक के पद पर नियुक्त किया गया है. केंद्र सरकार द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार, द्विवेदी वर्तमान में सीबीआई में डिप्टी इंस्पेक्टर जनरल (डीआईजी) के रूप में कार्यरत हैं और अब उन्हें पदोन्नत कर संयुक्त निदेशक बनाया गया है.उनके साथ असम-मेघालय कैडर के 2007 बैच के आईपीएस अधिकारी सी वेंकट सुब्बा रेड्डी को भी सीबीआई का संयुक्त निदेशक नियुक्त किया गया है. इन दोनों अधिकारियों की यह नियुक्ति उनके पदभार ग्रहण करने की तिथि से प्रभावी मानी जाएगी.

कुलदीप द्विवेदी का कार्यकाल 17 जनवरी 2026 तक या फिर अगले



आदेश तक, जो भी पहले हो, मान्य रहेगा. वहीं, सी वेंकट सुब्बा रेड्डी का कार्यकाल 29 अक्टूबर 2029 तक या अगले आदेश तक रहेगा. इस संबंध में नियुक्ति का आदेश केंद्रीय गृह मंत्रालय द्वारा जारी किया गया है, जिसकी प्रतियां सीबीआई निदेशक, केंद्रीय सतर्कता आयोग और अन्य संबंधित विभागों को भेज दी गई हैं. यह नियुक्ति सीबीआई में शीर्ष स्तर के नेतृत्व को और सुदृढ़ करने की दिशा में एक अहम कदम मानी जा रही है.

## भारतीय समयानुसार, यह चंद्रग्रहण रविवार, 7 सितंबर को रात 9:58 बजे लगेगा

# भाद्रपद मास की पूर्णिमा पर साल का दूसरा चंद्रग्रहण लगेगा

एजेंसी ।नयी दिल्ली

इस साल भाद्रपद मास की पूर्णिमा पर साल का दूसरा चंद्र ग्रहण लगने जा रहा है. भाद्रपद पूर्णिमा से श्राद्धपक्ष की शुरुआत होती है और इस बार उसी दिन पूर्णिमा पर चंद्र ग्रहण लगेगा. यह एक ग्रहण पूर्ण चंद्र ग्रहण होगा और भारत में स्पष्ट रूप से दिखाई देगा. इसी कारण इस बार इसका सूतक काल भी मान्य रहेगा. भारतीय समयानुसार, यह चंद्र ग्रहण रविवार, 7 सितंबर को रात 9 बजकर 58 मिनट पर लगेगा और इसका समापन रात 1 बजकर 26 मिनट पर होगा. इस दौरान चंद्रमा का रंग लाल दिखाई देगा, जिसे खगोलशास्त्र में ब्लड मून कहा जाता है.

**कहां कहां दिखेगा चंद्र ग्रहण :** साल का दूसरा और आखिरी चंद्र ग्रहण है जो भारत में तो देखा ही जा सकेगा. इसके अलावा यह एशिया, ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड, अमेरिका, फिजी और अंटार्कटिका के कुछ हिस्सों में भी दृश्यमान रहेगा.

**भारत में कितने बजे लगेगा सूतक काल :** चूंकि यह ग्रहण भारत में दिखाई देगा, इसलिए इसका सूतक काल भी मान्य होगा. चंद्र ग्रहण शुरू होने से लगभग 9 घंटे पहले सूतक लग जाता है. 7 सितंबर 2025 को लगने वाले चंद्र ग्रहण का सूतक काल दोपहर 12 बजकर 57 मिनट पर शुरू हो जाएगा.

**ब्लड मून क्या होता है :** खगोलविदों के मुताबिक, जब चंद्रमा पूरी तरह धरती की परछाई से ढंक जाए और उस पर सूर्य की रोशनी न पड़े तो वो काला दिखने की बजाए लाल रंग का चमकने लगता है. खगोलविद इसी घटना को ब्लड मून कहते हैं.



### सूतक काल में न करें ये गलतियां

सूतक काल में कुछ खास कार्य वर्जित माने गए हैं. इस दौरान मंदिरों में पूजा-अर्चना और धार्मिक कार्य नहीं किए जाते. इसलिए मंदिरों के कपाट भी बंद रहते हैं. इस समय केवल मंत्र-जप और आंतरिक भक्ति ही की जा सकती है. चंद्र ग्रहण में धारदार या नुकीले उपकरणों का इस्तेमाल भी वर्जित माना गया है. इस दौरान खाना पकाने से बचें और घर में पहले से रखे खाने में तुलसी के पत्ते जरूर डालें. चंद्र ग्रहण की अवधि में गर्भवती महिलाओं, बुजुर्गों और बच्चों को विशेष सावधानी बरतनी चाहिए. ग्रहण समाप्त होने के बाद मंदिर की शुद्धि की जाती है और फिर पूजा-पाठ शुरू होता है. एक और महत्वपूर्ण बात यह है कि चंद्र ग्रहण का सूतक काल दोपहर 12.57 बजे शुरू हो जाएगा. इसलिए पितृपक्ष भी शुरू हो रहा है. इसलिए बेहतर होगा कि आप चंद्र ग्रहण का सूतक काल लगने से पहले ही पितृपक्ष से जुड़े रिवाज संपन्न कर लें.

## वोट चोरी' विवाद : संजय कुमार ने महाराष्ट्र के डेटा को गलत बताकर मांगी माफी

एजेंसी ।नयी दिल्ली

लोकनीति-सीएसडीएस के को-डायरेक्टर और जाने-माने चुनाव विश्लेषक संजय कुमार ने एक्स पर एक पोस्ट डिलीट करके राजनीतिक तूफान खड़ा कर दिया है, जिसमें उन्होंने 2024 के लोकसभा और विधानसभा चुनावों के बीच महाराष्ट्र के दो विधानसभा क्षेत्रों नासिक पश्चिम और हिंगना में मतदाताओं की संख्या में भारी बढ़ोतरी की जानकारी दी थी. संजय कुमार ने वह डेटा शेयर किया था जिसे महाराष्ट्र में कांग्रेस के 'वोट चोरी' के आरोपों को मजबूती देने वाले के रूप में देखा जा रहा था, जिसे नेता राहुल गांधी ने और बढ़ा-चढ़ाकर पेश किया है. बता दें कि संजय कुमार ने 17 अगस्त को एक्स पर एक पोस्ट में ये आंकड़े साझा किए, लेकिन बाद में उन्हें हटा दिया.



उन्होंने दावा किया कि नासिक पश्चिम में 47.38% और हिंगना में 43.08% मतदाताओं की संख्या में बढ़ोतरी हुई है.

इसके बाद संजय कुमार ने माफी मांगते हुए एक अन्य पोस्ट में कहा, 'मैं महाराष्ट्र चुनावों के संबंध में पोस्ट किए गए ट्वीट के लिए ईमानदारी से माफी मांगता हूं. 2024 के लोकसभा और 2024 के विधानसभा के आंकड़ों की तुलना करते समय गलती हुई. हमारी डेटा टीम की तरफ से गलत पढ़ा गया था. ट्वीट को बाद में हटा दिया गया है. मेरा किसी भी प्रकार की गलत सूचना फैलाने का कोई इरादा नहीं था.'

**भाजपा ने संजय कुमार को घेरा :** इस घटना ने वोटर लिस्ट में कथित हेराफेरी को लेकर चल रहे विवाद को और बढ़ा दिया है, जिसके बारे में कांग्रेस का दावा है कि यह चुनाव आयोग और बीजेपी की मिलीभगत से किया गया. वहीं, बीजेपी ने संजय कुमार की कड़ी आलोचना करते हुए उन्हें 'लापरवाह' बताया और उन पर चुनावी धोखाधड़ी के विपक्ष के दावे को हवा देने का आरोप लगाया.

**राहुल ने उठाया था महाराष्ट्र का मुद्दा :** कांग्रेस के नेतृत्व वाला विपक्ष इस साल के अंत में बिहार में होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले चुनाव आयोग की ओर से बिहार में चलाए जा रहे एसआईआर अभियान के बीच वोटर लिस्ट में हेराफेरी का आरोप लगा रहे हैं.

आरएसएस के पलामू विभाग संचालक रहे ध्रुव नारायण सिंह के अंतिम संस्कार में शामिल हुए पूर्व सीएम अर्जुन मुंडा

# सूर्या हांसदा एनकाउंटर पर बोले मुंडा - खनिज के कारण रची गई साजिश, तैयार की जा रही है जांच रिपोर्ट

**शुभम संदेश। पलामू/गोड्डा**

भाजपा नेता और पूर्व मुख्यमंत्री अजुर्न मुंडा को भाजपा के प्रदेश महामंत्री मनोज सिंह के पिता ध्रुव नारायण सिंह के अंतिम संस्कार में हिस्सा लेने पलामू पहुंचे. ध्रुव नारायण सिंह राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के पलामू विभाग संचालक रह चुके थे. मंगलवार को मेदिनीनगर के राजा हरिश्चंद्र घाट पर उनका अंतिम संस्कार किया गया. उन्होंने ध्रुव नारायण सिंह के पार्थिव शरीर पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी. मीडिया से बातचीत करते हुए पूर्व सीएम अर्जुन मुंडा ने कहा कि सूर्या हांसदा एनकाउंटर मामले की जांच के लिए सात सदस्यीय टीम के साथ वह गोड्डा के ललमटिया गए थे. मारे गए सूर्या हांसदा के परिजनों व वहां के लोगों से बातचीत कर जानकारी ली. कहा कि यह एनकाउंटर खनिज को लेकर की गई गहरी साजिश लग रही है. भाजपा की तरफ से एक जांच रिपोर्ट तैयार की जा रही है. जांच रिपोर्ट के आधार पर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई के लिए कहा जाएगा.



• **राहुल गांधी की वोटर अधिकार यात्रा राजनीतक लाभ लेने की कोशिश :** पूर्व सीएम अर्जुन मुंडा ने बिहार में राहुल गांधी की वोटर अधिकार यात्रा पर बोलते हुए कहा कि सारी बातें बेबुनियाद है. बातों का कोई निष्कर्ष निकालने वाला नहीं है. राजनीतिक लाभ लेने की कोशिश की जा रही है. कांग्रेस ने देश में लंबे समय तक शासन किया है. इस शासन का दुष्परिणाम दिख रहा है.

**सूर्या हांसदा एनकाउंटर के बाद सहमे पूर्व मंत्री:** गोड्डा में सूर्या हांसदा एनकाउंटर के बाद उनके राजनीतिक प्रतिद्वंदी भी सहमे हुए हैं. पूर्व मंत्री और भाजपा नेता लोबिन हेम्ब्रम ने कहा कि सूर्या हांसदा के एनकाउंटर के बाद वे खुद भी सहमे हुए हैं. उन्होंने दिशोम गुरु शिबू सोरेन को याद करते हुए कहा कि उनसे ही गलत को गलत कहना सीखा है, चाहे उनकी अपनी पार्टी की सरकार क्यों ना रही हो और इसी सोच के तहत पिछली सरकार में अवैध उत्खनन समेत छर्री, गिट्टी को दूसरे राज्य में भेजने का विरोध किया था.

### अब लोबिन हेम्ब्रम को भी सता रहा अनहोनी का डर


लोबिन नें कहा–उन्हें भी इस बात का डर सता रहा है कि उनके साथ भी कोई अनहोनी न हो जाए. बताया कि वे सूर्या हांसदा के विरुद्ध चुनाव लड़े थे और ये सब राजनीति में होता है. वे इस बात पर नहीं जाते कि उन पर कितने मामले दर्ज थे? लेकिन एनकाउंटर को कभी भी सही नहीं ठहराया जा सकता है. उन्होंने झामुमो के प्रदेश सचिव पंकज मिश्रा की भूमिका पर भी सवाल उठाये हैं. गौरतलब है कि वे लगातार पंकज मिश्रा पर आरोप लगाते रहे हैं और इस घटना में सूर्या हांसदा की मां सूर्यमणि हांसदा ने पंकज मिश्रा की भूमिका होने का आरोप लगाया है.

सरकार पर आदिवासी विरोधी मानसिकता का लगाया आरोप
सूर्या हांसदा एनकाउंटर की सीबीआई जांच की मांग

# 24 अगस्त को नगड़ी में होगा हल जोत आंदोलन, चंपाई सोरेन बोले - नहीं छीनने देंगे आदिवासियों की जमीन

**शुभम संदेश। रांची**

झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने मौजूदा महागठबंधन सरकार पर आदिवासी विरोधी रवैया अपनाने का गंभीर आरोप लगाया है. सोमवार को रांची में मोरहाबादी स्थित आवास पर पत्रकारों से बातचीत करते हुए उन्होंने कहा कि नगड़ी में रिम्स-2 के निर्माण के नाम पर आदिवासी किसानों की उपजाऊ जमीन जबरन छीनी जा रही है. उन्होंने स्पष्ट किया कि वे अस्पताल निर्माण के खिलाफ नहीं हैं, लेकिन जमीन अधिग्रहण की प्रक्रिया में पारदर्शिता और किसानों की सहमति होनी चाहिए. चंपाई ने कहा कि जब सरकार के पास स्मार्ट सिटी में सैकड़ों एकड़ जमीन मौजूद है, तो फिर आदिवासियों की जमीन क्यों?" पूर्व सीएम चंपाई ने बताया कि नगड़ी के किसानों ने पिछले वर्ष तक वहां खेती की थी, लेकिन अब वहां तारबंदी कर दी गई है और उन्हें खेतों में जाने से रोका जा रहा है. किसानों को न तो कोई अधिसूचना दी गई, न मुआवजा और न ही ग्राम सभा की सहमति ली गई. उन्होंने आरोप



लगाया कि 2013 का भूमि अधिग्रहण कानून, सीएनटी एक्ट और आदिवासी ग्राम सभा की अनदेखी कर सरकार जबरन जमीन पर कब्जा कर रही है. इसी विरोध के समर्थन में चंपाई सोरेन ने 24 अगस्त को नगड़ी में 'हल जोतो, रोपा रोपो' आंदोलन में भाग लेने की घोषणा की है. इस दिन वे स्वयं रिम्स-2 के लिए प्रस्तावित जमीन पर हल चलाएंगे.

चंपाई सोरेन ने हाल ही में गोड्डा में हुए सूर्या हांसदा एनकाउंटर को फर्जी करार देते हुए उसकी सीबीआई जांच की मांग की. उन्होंने कहा कि सूर्या हांसदा आदिवासी था, इसलिए उसे मार दिया गया. यह सीधे तौर पर राज्य की आदिवासी विरोधी सोच को दर्शाता है.

उन्होंने सूर्या को समाजसेवी बताते हुए कहा कि वह विस्थापितों और आदिवासी बच्चों की शिक्षा के लिए समर्पित था. उन्होंने कहा कि एक ऐसे व्यक्ति का एनकाउंटर, जो कई मामलों में बरी हो चुका था, सरकार की कथनी और करनी का अंतर उजागर करता है. चंपाई ने सवाल उठाया कि आदिवासी वीरों के नाम पर कार्यक्रमों का आयोजन करने वाली सरकार, हूल दिवस पर सिदो-कान्हू के वंशजों पर लाठीचार्ज करती है और वीर चांद-भैरव के नाम से चल रहे स्कूल को बंद करवा देती है. वहीं दूसरी ओर, बोकारो में आदिवासी महिलाओं से दुष्कर्म की कोशिश करने वालों को इनाम और नौकरी मिलती है. उन्होंने इतिहास के पन्ने पलटते हुए कहा कि 1770 से लेकर आज तक आदिवासी समाज जल, जंगल और जमीन के लिए लड़ रहा है, लेकिन आज भी हम 5 किलो चावल के लिए राशन कार्ड के भरोसे हैं. यह परिस्थिति बदलेगी, तभी झारखंड अलग राज्य का असली सपना साकार होगा.

# एनकाउंटर में मारे गए सूर्या हांसदा के परिजनों से मिलने आज गोड्डा जाएंगे नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी



**रांची।** गोड्डा जिले में सूर्या हांसदा एनकाउंटर मामले ने राज्य की राजनीति में हलचल मचा दी है. इसी क्रम में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी और पूर्व नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी बुधवार को गोड्डा का दौरा करेंगे. वे मृतक सूर्या हांसदा के परिजनों से मुलाकात करेंगे और पूरे मामले की समीक्षा करेंगे .इससे पहले, भाजपा की सात सदस्यीय जांच समिति ने भी गोड्डा पहुंचकर विस्तृत जांच की थी. इस समिति का गठन बाबूलाल मरांडी के निर्देश पर किया गया था, जिसमें पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा, अमर कुमार बाउरी, भानु प्रताप शाही, रणधीर सिंह, सुनील सोरेन, अमित मंडल और अनिता सोरेन शामिल हैं. समिति ने न केवल सूर्या के परिजनों से मुलाकात की, बल्कि उनके द्वारा संचालित स्कूल का भी दौरा किया. स्कूल के बच्चों से बातचीत कर उन्होंने घटना के विभिन्न पहलुओं की जानकारी जुटाई.

### प्रदेश भाजपा 17 सितंबर से दो अक्टूबर तक सेवा पखवाड़ा मनाएगी

**रांची ।** प्रदेश भाजपा 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक सेवा पखवाड़ा मनाएगी. कार्यक्रम के प्रदेश संयोजक एवं प्रदेश उपाध्यक्ष बालमुकुंद सहाय ने यह जानकारी दी. मंगलवार को इस संबंध में गठित प्रदेश टोली की बैठक प्रदेश कार्यालय में अध्यक्ष सह नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी की अध्यक्षता में संपन्न हुई. बैठक में आयोजित होने वाले विभिन्न कार्यक्रमों, अभियानों की विस्तृत चर्चा हुई. कार्यक्रम के संयोजक बालमुकुंद सहाय ने कहा कि 17 सितंबर को देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जन्मदिन है, जिसे सेवा दिवस के रूप में पार्टी कार्यकर्ता मनाएंगे. सेवा पखवाड़ा के तहत स्वच्छता अभियान ,रक्तदान शिविर, दिव्यांगजन सहायता उपकरण वितरण,पौधरोपण, सांसद खेलकूद प्रतियोगिता, प्रदर्शनी और विचार गोष्ठी आयोजित की जाएगी. बैठक में प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी सहित उपाध्यक्ष बालमुकुंद सहाय, राकेश प्रसाद,गणेश मिश्र, सुनीता सिंह, सरोज सिंह, शशांक राज, अमरदीप यादव, आरती सिंह, किशुन दास, नारायण दास,जीतुचरण राम, कुमार अमित,राकेश भास्कर, अमित सिंह,डॉ रामदीन,बबन गुप्ता, रूपेश सिन्हा, अविनाश वर्मा, सागर उरांव,राजेश कुशवाहा , अशोक शर्मा आदि शामिल थे

आजसू नेताओं ने मुख्य सचिव और डीजीपी को सौंपा ज्ञापन

# आजसू प्रमुख सुदेश की हत्या की रची जा रही साजिश की हो जांच

• मुख्य सचिव एवं डीजीपी ने दिया जांच करवाने का आश्वासन

**शुभम संदेश। रांची**

आजसू पार्टी का प्रतिनिधिमंडल मुख्य सचिव तथा डीजीपी से मिला और स्मार पत्र सौंपकर पूर्व उपमुख्यमंत्री एवं पार्टी प्रमुख सुदेश महतो की हत्या की साजिश उग्रवादियों द्वारा बार बार रचे जाने और उनका नाम हिटलिस्ट में रखने की जांच राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) से कराने और उनकी सुरक्षा की नए सिरे से समीक्षा करने की मांग की. आजसू पार्टी के शीर्ष नेताओं ने कहा कि इस बात का खुलासा होना चाहिए कि सुदेश महतो लगातार उग्रवादियों के निशाने पर क्यों हैं? प्रतिनिधिमंडल में पूर्व विधायक डॉ लंबोदर महतो, मुख्य प्रवक्ता डॉ देवशरण भगत, केंद्रीय उपाध्यक्ष द्वय प्रवीण प्रभाकर एवं



हसन अंसारी शामिल थे. मुख्य सचिव अलका तिवारी व डीजीपी अनुराग गुप्ता ने आजसू प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त किया कि उग्रवादियों की हिटलिस्ट में सुदेश कुमार महतो का नाम बार बार आने के मामले की जांच करायी जाएगी.

पार्टी के मुख्य प्रवक्ता डॉ देवशरण भगत ने बताया कि बार-बार उग्रवादियों द्वारा सुदेश महतो की हत्या की साजिश की जानकारी सामने आती रहती है, लेकिन इसके कारणों का अभी तक पुलिस द्वारा खुलासा नहीं किया गया है. इस संबंध में पार्टी नेताओं ने राज्य के मुख्य सचिव और डीजीपी से मिलकर स्मारपत्र सौंपा. डॉ भगत ने कहा कि विगत 5 अगस्त को गुमला जिले के कामडारा थाना क्षेत्र में पुलिस मुठभेड़ में मारे गए पीएलएफआई उग्रवादी मार्टिन केरकेट्टा ने भी सुदेश महतो को अपनी हिटलिस्ट में रखा था और हमले की फिराक में था. उसने 2023 में अनगड़ा थाना क्षेत्र में बैठक कर सुदेश महतो की हत्या की योजना बनाई थी, जिसका खुलासा पुलिस ने किया था. उग्रवादियों ने अपने सदस्य देव सिंह मुंडा को योजना के तहत आजसू पार्टी में शामिल भी करवाया था.

हसन अंसारी ने कहा कि इससे पूर्व किसी राजनेता द्वारा सुदेश महतो की हत्या के लिए उग्रवादियों को 5 करोड़ रुपयों की सुपारी देने की बात सामने आ चुकी है. इस बात का खुलासा होना चाहिए कि बार बार किस कारण से हत्या की साजिश रची जा रही है और इस साजिश के पीछे कौन है?

आजसू नेताओं ने कहा कि 2005 में सिल्ली से पोगड़ा जाने के रास्ते में केन बम लगाने की साजिश सामने आई थी. 2013 में पीएलएफआई कमांडर जीदन गुड़िया द्वारा किसी राजनेता से 5 करोड़ की सुपारी ली गई थी, जिसके बाद 27 एवं 28यू जनवरी 2014 को सिल्ली प्रतिभा महोत्सव में टाइम बम लगाकर हमले का प्रयास किया गया. इसमें विफल होने पर 26 फरवरी 2014 को जोन्हा में एक विवाह समारोह में हमले की योजना बनाई गई, जिसे पुलिस और ग्रामीणों की तत्परता से विफल किया गया. बाद में खुलासा हुआ कि एक उग्रवादी देव सिंह मुंडा को साजिश के तहत आजसू में शामिल भी करवाया गया था.

आजसू नेताओं ने बताया कि पीएलएफआई द्वारा 2014 में पार्टी के केंद्रीय महासचिव स्व तिलेश्वर साहु की भी हत्या हजारीबाग जिले के बरही में कर दी गई .

### पूर्व मंत्री रामचंद्र सहिस को भी सुरक्षा देने की मांग की

आजसू नेताओं ने डीजीपी से मांग की कि पूर्व मंत्री एवं पार्टी के प्रधान महासचिव रामचंद्र सहिस की भी सुरक्षा वापस ले ली गई है, जिसे तुरंत वापस किया जाए.

## एक नजर

### सरला बिरला विवि के कुलपति ने राज्यपाल को 'स्वर्णिम भारत एक्सपो-2025' में शामिल होने को आमंत्रित किया



**रांची।** राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार से मंगलवार को सरला बिरला विश्वविद्यालय, रांची के कुलपति प्रो जगनाथन चोकलिंगम सहित अन्य ने भेंट की. भेंट के क्रम में राज्यपाल को उन्होंने विश्वविद्यालय द्वारा 21 से 23 अगस्त तक आयोजित मेगा प्रदर्शनी 'स्वर्णिम भारत एक्स्पो-2025' में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया.

### मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू ने दिवंगत रामदास सोरेन को श्रद्धांजलि अर्पित की, परिवार को बंधाया ढांढस



**रांची।** नगर विकास मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू दिवंगत पूर्व शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन के घोड़ाबांधा स्थित आवास पहुंचे. वहां उन्होंने दिवंगत रामदास सोरेन को श्रद्धांजलि अर्पित की और उनके परिवार के प्रति शोक संवेदना व्यक्त करते हुए ढांढस बंधाया.मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू ने कहा कि यह दुःखद घटना न केवल एक परिवार के लिए, बल्कि संपूर्ण झामुमो परिवार के लिए भी एक अपूरणीय क्षति है. झामुमो परिवार ने एक मार्गदर्शक और संरक्षक खो दिया है. शोक संतप्त परिवार के प्रति अपनी हार्दिक संवेदना व्यक्त करता हूं और उन्हें सांत्वना देता हूं. झामुमो केवल एक राजनीतिक दल नहीं है, बल्कि एक मजबूत सामाजिक संगठन भी है, जो अपने सदस्यों और उनके परिवारों के साथ हर परिस्थिति में एकजुटता से खड़ा रहता है.

### एसीबी ने जानबूझकर चार्जशीट दायर न कर विनय चौबे की बेल की राह आसान की : बाबूलाल

**रांची।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सह नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने शराब घोटाला में जेल में बंद आईएएस अधिकारी विनय चौबे को जमानत मिलने पर कड़ी प्रतिक्रिया दी. कहा कि इस मामले में राज्य सरकार की कार्रवाई शुरू से शक के घेरे में है. तकरीबन 1000 करोड़ रुपये के शराब घोटाले में सीएम के पूर्व सचिव के खिलाफ एसीबी ने जानबूझकर 90 दिनों के भीतर चार्जशीट दाखिल नहीं की, जिससे उनकी जमानत का रास्ता आसान हो गया. दरअसल सरकार ने अपने ही पूर्व सचिव की गिरफ्तारी का नाटकीय षडयंत्र इसलिए रचा था, ताकि ईडी की जांच प्रभावित हो सके और सबूतों को मिटाया जा सके. कहा कि ईडी के निदेशक को जनता के हजारों करोड़ की लूट में शामिल भ्रष्टाचारियों पर कठोर और विधिसम्मत कार्रवाई कार्रवाई करनी चाहिए.

जेएसएससी पेपर लीक मामला : झारखंड हाईकोर्ट ने कहा-

# एसपी रैंक के अधिकारी से कराई जाए रिपोर्ट की जांच

**शुभम संदेश। रांची**

झारखंड कर्मचारी चयन आयोग (जेएसएससी) की परीक्षा में कथित पेपर लीक मामले को लेकर झारखंड हाईकोर्ट में सोमवार को सुनवाई हुई. मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति तरलोक सिंह चौहान की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने इस दौरान सीआईडी द्वारा अब तक प्रस्तुत जांच रिपोर्ट पर असंतोष जताते हुए महत्वपूर्ण निर्देश दिए. अदालत ने स्पष्ट किया कि इस गंभीर और संवेदनशील मामले की रिपोर्ट की जांच डीएसपी स्तर के



अधिकारी से नहीं कराई जा सकती. इसके स्थान पर अब जांच की जिम्मेदारी एक एसपी रैंक के अधिकारी को सौंपी जाए. कोर्ट ने 15 दिनों के भीतर नए जांच अधिकारी द्वारा अद्यतन रिपोर्ट दाखिल करने का आदेश दिया है.

**सीबीआई जांच की मांग अस्वीकृत :** परीक्षा में असफल उम्मीदवारों की ओर से मामले की सीबीआई जांच की मांग की गई थी, जिसे कोर्ट ने इस चरण में खारिज कर दिया. अदालत ने कहा कि फिलहाल जांच सीआईडी द्वारा की जा रही है, जो एक भरोसेमंद एजेंसी है, इसलिए जांच प्रक्रिया को जारी रहने दिया जाए. सुनवाई के दौरान उन अभ्यर्थियों का पक्ष भी कोर्ट के समक्ष रखा गया जिनका दस्तावेज़ सत्यापन पूर्ण हो चुका है. अदालत ने कहा कि उनकी मांगों पर विचार किया जा रहा है, लेकिन अंतिम निर्णय जांच रिपोर्ट प्राप्त होने के बाद ही लिया जाएगा.मामले की अगली सुनवाई की तिथि 16 सितंबर निर्धारित की गई है.

# अबुआ आवास योजना अब अबुआ निराशा योजना : प्रतुल शाहदेव

• राज्य सरकार ने गरीबों को छत नहीं, सिर्फ अधूरा सपना दिया

**शुभम संदेश। रांची**

भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने हेमंत सरकार की अबुआ आवास योजना को लेकर तीखा प्रहार करते हुए कहा कि यह योजना गरीबों के लिए छत का सपना नहीं बल्कि निराशा का प्रतीक बन गई है.उन्होंने कहा कि सरकार ने 2026 तक 8 लाख पक्के मकान देने का वादा किया था और इसके लिए 16 हज़ार करोड़ रुपये से ज्यादा का बजट तय किया था. लेकिन आज की हकीकत यह है कि पूरे राज्य में अब तक लक्ष्य का मुश्किल से 15 प्रतिशत प्राप्त किया जा सका, वो भी आधा अधूरा. प्रतुल ने कहा कि राज्य सरकार ने जो लक्ष्य निर्धारित किया था, उसके अनुसार में 2023-24 में 2 लाख मकान, 2024-25 में 3.5 लाख मकान, 2025-26 में 2.5 लाख मकान बनाने का लक्ष्य था.



शाहदेव ने अनेक उदाहरण देते हुए बताया कि ये योजना अपने लक्ष्य से बहुत पीछे चल रही है और भ्रष्टाचार का भी शिकार हो गई है.प्रतुल ने कहा कि **रांची (खलारी प्रखंड):** 1033 मकानों का लक्ष्य, पूरे हुए सिर्फ 337.गढ़वा (भंडरिया प्रखंड) : 850 मकानों का लक्ष्य, तैयार हुए महज़ 210. **दुमका (रामगढ़ प्रखंड):** 720 का लक्ष्य, पूरे हुए केवल 150. पाकुड़ जिला: 950 मकानों का वादा, 200 भी पूरे नहीं हुए. चतरा व लातेहार में तो स्थिति और भी बदतर है. अधूरे मकानों में लोग बिना छत के रहने को मजबूर हैं. प्रतुल ने कहा कि कमोबेश पूरे राज्य की यही स्थिति है.

प्रतुल शाहदेव ने कहा कि हेमंत सरकार ने फाइलों में तो 6.5 लाख मकानों की स्वीकृति दिखा दी, लेकिन जमीन पर स्थिति यह है कि गरीबों के घर आधे-अधूरे खड़े हैं. फंड की समय पर उपलब्धता नहीं होने, भुगतान में देरी और कामकाज की सुस्ती के कारण लोग बरसात में बिना छत के जीने को मजबूर हैं.

रांची में 22 अगस्त से होगी अंडर- 23 राष्ट्रीय कुश्ती प्रतियोगिता

# 1100 से अधिक पहलवान दिखाएंगे दम

**शुभम संदेश। रांची**

रांची के खेलगांव स्थित गणपत राय इंडोर स्टेडियम में 22 से 24 अगस्त तक अंडर-23 राष्ट्रीय कुश्ती प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा. इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट में देशभर से 1100 से अधिक पहलवान भाग लेंगे. उद्घाटन झारखंड के खेल मंत्री सुदिव्य कुमार करेंगे. इस आयोजन की मेजबानी झारखंड राज्य कुश्ती संघ कर रहा है, जिसे राज्य खेल विभाग का पूर्ण सहयोग मिल रहा है.



**20 अगस्त से टीमें पहुंचेंगी रांची:** प्रतियोगिता में पुरुष वर्ग के फ्रीस्टाइल, ग्रीको-रोमन और महिला वर्ग के मुकाबले शामिल होंगे. झारखंड कुश्ती संघ के महासचिव रजनीश कुमार सिंह ने बताया कि प्रतियोगिता की सभी तैयारियां पूरी हो चुकी हैं और विभिन्न राज्यों से टीमें 20 अगस्त से रांची पहुंचना शुरू कर देंगी. खिलाड़ियों, कोचों और अधिकारियों के रहने-खाने की पूरी व्यवस्था की गई है.

**वर्ल्ड चैंपियनशिप के लिए होगा चयन :** इस प्रतियोगिता के जरिए वर्ल्ड रेसलिंग चैंपियनशिप के लिए भारतीय टीम का चयन भी किया जाएगा, जिससे यह टूर्नामेंट खिलाड़ियों के लिए और भी महत्वपूर्ण बन गया है.

### रांची को फिर मिला बड़ा आयोजन

रांची को एक बार फिर इतने बड़े राष्ट्रीय आयोजन की मेजबानी का अवसर मिला है, जिससे स्थानीय खिलाड़ियों को सीखने और आगे बढ़ने का सुनहरा मौका मिलेगा. साथ ही दर्शक तीन दिनों तक कुश्ती के रोमांचक मुकाबलों का आनंद ले सकेंगे. आयोजकों ने बताया कि सुरक्षा और अन्य सभी व्यवस्थाएं पूरी तरह से दुरुस्त हैं.

शराब घोटाला

### आरोपी नीरज सिंह की प्रोविजनल बेल पर सुनवाई पूरी

• फैसला 25 अगस्त को

**रांची।** झारखंड के शराब घोटाले मामले में जेल में बंद मार्शल कंपनी के कर्मचारी नीरज कुमार सिंह की ओर से दाखिल औपबंधिक जमानत याचिका पर मंगलवार को रांची स्थित एसीबी की विशेष अदालत में सुनवाई हुई. सुनवाई के बाद अदालत ने अपना आदेश सुरक्षित रख लिया है और 25 अगस्त को फैसला सुनाएगी. नीरज सिंह ने बीमारी का हवाला देते हुए 5 अगस्त को औपबंधिक जमानत की मांग की थी. आरोपी को एसीबी ने 21 मई को गिरफ्तार किया था और तब से वह न्यायिक हिरासत में है. इससे पहले 26 जुलाई को उसकी जमानत याचिका अदालत ने खारिज कर दी थी, इस बार उसने इलाज के आधार पर औपबंधिक जमानत मांगी है.

राज्यसभा सांसद प्रदीप वर्मा ने रेलमंत्री को लिखा पत्र

# बड़बिल-रांची फास्ट मेमू ट्रेन जल्द शुरू हो

**शुभम संदेश। रांची**

राज्यसभा सांसद प्रदीप वर्मा ने रेलमंत्री को पत्र लिखकर झारखंड और ओडिशा के ग्रामीण एवं औद्योगिक क्षेत्रों के सर्वांगीण विकास हेतु बड़बिल से रांची के बीच फास्ट मेमू ट्रेन सेवा शीघ्र प्रारंभ करने की मांग की है. उन्होंने कहा कि कोल्हान क्षेत्र के बड़ाजामदा, गुआ, नोवामुंडी, डोंगवापोसी, झिंकपानी, चाईबासा, राजखरसावां तथा ओडिशा के क्योंझर जिले में स्थित बड़बिल जैसे क्षेत्रों में भारी मात्रा में आयरन-ओर और बॉक्साइट की ढुलाई होती है. इससे चक्रधरपुर रेल मंडल भारतीय रेलवे को लगातार सर्वाधिक राजस्व प्रदान करता आ रहा है.इसके बावजूद, इन क्षेत्रों की बड़ी आबादी अब भी रेल परिवहन की पर्याप्त





सुविधा से वंचित है.

सांसद वर्मा ने इस ओर ध्यान दिलाते हुए कहा कि सड़क मार्ग से सफर करने पर ग्रामीण जनता को अधिक खर्च वहन करना पड़ता है, जिससे आमजन को कठिनाई होती है. उन्होंने जोर देकर कहा कि रांची से सीधे रेल संपर्क की आवश्यकता को लंबे समय से महसूस की जा रही है और इसे अब और टाला नहीं जाना चाहिए. उन्होंने रेलमंत्री से आग्रह किया कि बड़बिल से रांची के लिए फास्ट मेमू ट्रेन का शीघ्र रैक आवंटन कर उसका परिचालन शुरू किया जाए. यह सेवा शुरू होने से क्षेत्र के हजारों यात्रियों को आवागमन में सुविधा मिलेगी और समय एवं पैसे की बचत होगी. दक्षिण पूर्व रेलवे के जेडआरयूसीसी सदस्य अरुण जोशी ने इस पहल की जानकारी साझा करते हुए राज्यसभा सांसद प्रदीप वर्मा के प्रयासों के लिए आभार जताया और इसे क्षेत्र के लिए एक सकारात्मक कदम बताया.

# शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार






रांची, बुधवार 20 अगस्त 2025 I भाद्रपद कृष्ण पक्ष 12, संवत 2082 I रांची एवं पटना से प्रकाशित I वर्ष : 3, अंक : 133 I मूल्य ₹ 4, पृष्ठ संख्या : 12


# नगड़ी की जमीन पर सरकार का अवैध कब्जा ?

**ग्लैडसन डुंगडुंग**



झारखंड की राजधानी रांची से सटे कांके थाना क्षेत्र में स्थित विस्थापन के खिलाफ आंदोलन के लिए चर्चित आदिवासी बहुल गांव नगड़ी, एक बार फिर से सुर्खियों में है. विगत 12 एवं 13 मई 2025 को झारखंड सरकार ने नगड़ी मौजा की 150.53 एकड़ जमीन की तार से घेराबंदी करते हुए काबिज किया, जहां एशिया का सबसे बड़ा अस्पाताल ''रिम्स-2'' बनाने की योजना है. झारखंड सरकार दावा करती है कि उक्त जमीन को तत्कालीन बिहार सरकार ने 1957-58 में कृषि विश्वविद्यालय के विस्तार हेतु अधिगृहित किया था, इसलिए यह जमीन उनकी है. लेकिन नगड़ी के भू-स्वामी उक्त जमीन पर अपनी दावेदारी जताते हुए आगामी 24 जुलाई 2025 को तार का घेरा तोड़कर धान रोपने की तैयारी कर रहे हैं. ऐसी स्थिति में यह परखना जरूरी है कि क्या उक्त जमीन नगड़ी के भू-स्वामियों की है, जिसे झारखंड सरकार ने अवैध रूप से कब्जा किया है.

झारखंड सरकार यह दलील देती है कि यह जमीन 1957-58 में बिरसा कृषि विश्वविद्यालय के विस्तारीकरण एवं सीड बैंक के लिए अधिग्रहित की गई थी. लेकिन हकीकत यह है कि उस समय भी आदिवासियों ने भारी विरोध किया था और 153 में से 128 भू-स्वामियों ने मुआवजा नहीं लिया. 25 भू-स्वामी, जिन्होंने मुआवजा लिया वे एक विशेष समुदाय से आते हैं. 128 आदिवासी रैयतों द्वारा मुआवजा राशि 1,33,732 रुपये ठुकराने पर उस राशि को तत्कालीन सरकार ने बड़ी चालाकी से रांची कोषागार में जमा कर दिया. लेकिन इसके बारे में भू-स्वामियों को कोई जानकारी नहीं दी गई. यह नगड़ी के भू-स्वामियों के साथ सरासर धोखाधड़ी है.

झारखंड सरकार के भू-अर्जन विभाग, रांची के हवाले से उपलब्ध दस्तावेजों के अनुसार नगड़ी मौजा की 227.71 एकड़ खेती की जमीन को तत्कालीन बिहार सरकार के द्वारा बड़ी चालाकी से अधिगृहित एवं अर्जित घोषित की गई थी, जिसमें भू-अर्जन वाद संख्या-21/1957-58 के द्वारा भूमि अधिग्रहण अधिनियम 1894 की धारा-17(4) के तहत कृषिविश्वविद्यालय के विस्तार हेतु 202.27 एकड़ अधिगृहित जमीन एवं भू-अर्जन वाद संख्या 31/58-59 के द्वारा भूमि अधिग्रहण अधिनियम 1894 की धारा-17(1) के तहत कृषिविश्वविद्यालय के सीड बैंक हेतु 25.44 एकड़ अर्जित भूमि शामिल है. लेकिन सरकार ने विगत 60 वर्षों तक उक्त भूमि को अपने कब्जे में नहीं लिया. जमीन पर भू-स्वामियों का कब्जा बरकरा रहा और वे सरकार को इसका जमाबंदी देते रहे. इससे स्पष्ट है कि भूमि अधिग्रहण की कोई ''अर्जेंसी'' नहीं थी, बल्कि भूमि अधिग्रहण अधिनियम 1894 की धारा-17(1) एवं 17(4) का दुरूपयोग करते हुए इसे अधिगृहित एवं अर्जित घोषित की गई थी.

भूमि अधिग्रहण कानून 1894 की धारा-17(4) के मामले में सुप्रीम कोर्ट ने ''एसएलपीसी सं. 8939 वर्ष 2010 देवशरण एवं अन्य बनाम स्टेट ऑफ यूपी एवं अन्य'' के मामले में फैसला दिया कि राज्य सरकार द्वारा अधिगृहित घोषित जमीन के कब्जे में देरी इस बात को दर्शाता है कि जमीन अधिग्रहण की कोई ''अर्जेंसी'' नहीं थी. इस मामले में उत्तर प्रदेश सरकार ने शाहजहांपुर जिले के पूर्वायन तहसील अन्तर्गत मोछा गांव की 63.93 एकड़ कृषि भूमि को जिला जेल बनाने के लिए भूमि अधिग्रहण कानून 1894 की धारा-17(4) के तहत ''अर्जेंसी'' दिखाकर जनसुनवाई किये बगैर भूमि को अधिगृहित घोषित किया था, लेकिन 11 महीने तक उसे कब्जे में नहीं लिया था. सुप्रीम कोर्ट ने उपरोक्त धारा का दुरूपयोग पाते हुए रैयतों के पक्ष में फैसला दिया.

हमें यह भी समझने की जरूरत है कि झारखंड के छोटानागपुर क्षेत्र के लिए छोटानागपुर काश्तकारी अधिनियम 1908 ''विशेष कानून'' है. इसलिए इस क्षेत्र में भूमि अधिग्रहण सीएनटी एक्ट 1908 की धारा-50 के तहत किया जाना है और भूमि अधिग्रहण अधिनियम 1894 का उपयोग सिर्फ मुआवजा देने के लिए होना था. सीएनटी एक्ट 1908 की धारा-50(2) में स्पष्टरूप से उल्लेखित है कि अधिगृहित भूमि का मुआवजा भूमि अधिग्रहण अधिनियम 1894 की धारा-23 के तहत दिया जाएगा. इससे स्पष्ट है कि नगड़ी की जमीन को भूमि अधिग्रहण अधिनियम 1894 के तहत अधिगृहित एवं अर्जित घोषित करना सीएनटी एक्ट 1908 की धारा-50 का घोर उल्लंघन है.

सुप्रीम कोर्ट ने ''महाराजा प्रताप सिंह बहादुर एवं मनमोहन देव एआईआर 1966 एससी 1931'' सहित कई अन्य जजमेंट में फैसला दिया है कि ''विशेष कानून के उपर सामान्य कानून'' लागू नहीं होगा. ''छोटानागपुर काश्तकारी अधिनियम 1908'' झारखंड के छोटानागपुर क्षेत्र के लिए विशेष कानून है. लेकिन तत्कालीन बिहार सरकार ने सीएनटी एक्ट 1908 की धारा-50 को जानबुझकर इसलिए बाईपास करते हुए नगड़ी मौजा की जमीन को भूमि अधिग्रहण कानून 1894 की धारा-17(1) एवं धारा-17(4) के तहत अधिगृहित किया, क्योंकि सीएनटी एक्ट 1908 में भूमि अधिग्रहण हेतु ''अर्जेंसी'' का प्रावधान नहीं है.

भूमि अधिग्रहण अधिनियम 1894 के तहत लंबित भूमि अधिग्रहण कार्यवाही को संचालित करने हेतु भूमि अधिग्रहण, पुनर्वास एवं पुर्नास्थापना अधिनियम 2013 की धारा-24 में प्रावधान किया गया है, जिसकी धारा-24(2) में स्पष्ट उल्लेखित है कि यदि भूमि अधिग्रहण अधिनियम 1894 के तहत जमीन का मुआवजा दिया जा चुका है, लेकिन भूमि पर कब्जा नहीं लिया गया है, तो अधिनियम 2013 के अनुसार कार्यवाही समाप्त मानी जाएगी. झारखंड सरकार नगड़ी मौजा की जमीन को अधिगृहित मानती है लेकिन उक्त जमीन पर ''रिम्स-टू'' के निर्माण हेतु 12 एवं 13 मई 2025 को तार से घेरा करते हुए काबिज किया जो, भूमि अधिग्रहण, पुनर्वास एवं पुनस्र्थापना अधिनियम 2013 की धारा-24(2) का घोर उल्लंघन है.

सीएनटी एक्ट 1908 का धारा-46 में स्पष्ट उल्लेखित है कि ''अनुसूचित जनजाति'' के भू-स्वामी अपने जमीन का एक हिस्सा ही किसी अन्य को हस्तांतरित कर सकता है. इसी तरह संविधान की ''पांचवीं अनुसूची पैरा-5(2)(ए) में प्रावधान किया गया है कि राज्यपाल आदिवासियों की भूमि हस्तांतरण को रोकने के लिए ''रेग्युलेशन'' बना सकता है. उपरोक्त दोनों प्रावधानों का मकसद है ''भूमि हस्तांतरण'' की वजह से आदिवासी भूमिहीन न हो इसको सुनिश्चित करना. नगड़ी के भू-स्वामियों की जमीन को ''जनहित एवं विकास'' के नाम पर पूर्व में कई मरतबा अधिगृहित की गई है. और अब फिर से ''रिम्स-टू'' के लिए उनकी जमीन को कब्जा किया जा जाता है तो वे पूर्णरूप से ''भूमिहीन'' हो जायेंगे. आदिवासियों को भूमिहीन बनाना सीएनटी एक्ट एवं पांचवीं अनुसूची का घोर उल्लंघन है.


- शेष पेज 7 पर


## ब्रीफ न्यूज

### मनी लॉन्ड्रिंग मामलों की सुनवाई के लिए सप्ताह में दो विशेष दिन तय

**रांची।** झारखंड राज्य और राजधानी रांची से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग (पीएमएलए) मामलों की सुनवाई के लिए अब सप्ताह में दो खास दिन तय किए गए हैं. झारखंड हाईकोर्ट के निर्देशानुसार अपर न्यायायुक्त द्वारा आदेश जारी किया गया है. आदेश के मुताबिक, अपर न्यायायुक्त-18 एवं सीबीआई व पीएमएलए के विशेष न्यायाधीश श्याम नंदन तिवारी की अदालत में मनी लॉन्ड्रिंग के मामले हर बुधवार और शनिवार को सुने जाएंगे. वहीं, अपर न्यायायुक्त प्रथम व पीएमएलए के विशेष न्यायाधीश योगेश कुमार की अदालत में सुनवाई हर महीने के प्रथम और तृतीय शनिवार को होगी. आदेश में यह भी कहा गया है कि यदि निर्धारित दिन अवकाश हो तो सुनवाई अगले कार्य दिवस को की जाएगी. यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू होगा.

### सांप के डसने से बुजुर्ग की हो गई मौत

**हुसैनाबाद (पलामू)।** पलामू जिले के हुसैनाबाद थाना क्षेत्र के अलीनगर गांव में एक 60 वर्षीय बुजुर्ग दुर्गा पासवान की जहरीले सांप के काटने से मौत हो गई. जानकारी के अनुसार, देर रात करीब दो बजे दुर्गा पासवान अपने खाट पर सो रहे थे, तभी एक जहरीले सांप ने उन्हें डस लिया. उन्होंने सांप को मार तो दिया, लेकिन किसी को इसकी सूचना नहीं दी. बाद में उनकी तबीयत अचानक बिगड़ गई, तो उन्होंने परिजनों को बताया. परिवार के लोग उन्हें हुसैनाबाद अनुमंडलीय अस्पताल ले गए, जहां से मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया गया, जहां पहुंचते ही डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया

### युवती का पांच साल तक किया शोषण, आरोपी गिरफ्तार

**जमशेदपुर।** परसुडीह थाना क्षेत्र की पुलिस ने गंभीर कार्रवाई करते हुए बारीगोड़ा के गायत्री नगर निवासी चंदन साह उर्फ बिट्टू को मंगलवार को गिरफ्तार कर लिया. उस पर एक युवती को पांच वर्षों तक ब्लैकमेल कर शारीरिक शोषण करने का आरोप है. पीड़िता के अनुसार, आरोपी उसकी निजी तस्वीरों को सोशल मीडिया पर वायरल करने की धमकी देकर उसे डरा-धमकाकर लगातार शोषण करता रहा. मानसिक और शारीरिक प्रताड़ना से तंग आकर युवती ने आखिरकार परसुडीह थाना में लिखित शिकायत दर्ज कराई.

## हजारीबाग पुलिस की बड़ी कार्रवाई, ताबड़तोड़ छापेमारी

# होटलों में चल रहे देह व्यापार का भंडाफोड़, 23 गिरफ्तार

**शुभम संदेश। हजारीबाग**

हजारीबाग में देह व्यापार के खिलाफ पुलिस ने मंगलवार को बड़ी कार्रवाई करते हुए कई होटलों में ताबतोड़ छापेमारी कर युवक-युवतियां सहित 23 लोगों को गिरफ्तार किया है. पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि शहर के कई होटलों में अवैध देह व्यापार का धंधा जोरशोर से चल रहा है. इसी सूचना के आधार पर एसपी अंजनी अंजन के निर्देश पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी (सदर), छह दंडाधिकारी और बड़ी संख्या में पुलिस बल ने संयुक्त रूप से छापेमारी अभियान चलाया.

**कई होटल बने निशाना :** पुलिस टीम ने एक साथ शहर के विभिन्न होटलों में छेपामारी की. इनमें होटल रेस्टोरेंट 7 डेज, होटल रुक्मणी, होटल 2 ईंट, होटल स्पाइसी, होटल सिद्धिविनायक और होटल रेस्टोरेंट

**आधा दर्जन होटलों को सील किया गया**



वर्णिका शामिल हैं. छापेमारी के दौरान पुलिस ने कुल 23 महिला और पुरुष को गिरफ्तार किया. वहीं, सभी होटलों को तुरंत सील कर दिया गया.

**जिले में मचा हड़कंप :** पुलिस की इस कार्रवाई के बाद पूरे हजारीबाग जिले में हड़कंप मच गया. पुलिस प्रशासन ने साफ किया कि शहर में अवैध गतिविधियों को किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा. अनुमंडल पदाधिकारी वैधनाथ कामति ने बताया कि "होटलों में चल रहे देह व्यापार की जानकारी मिलते ही तुरंत छापेमारी की गई. इस तरह के अवैध कार्यों पर सख्त कार्रवाई होगी." पुलिस की इस कार्रवाई की आम लोगों ने सराहना की है. लोगों का कहना है कि इस तरह के अभियान नियमित रूप से चलाए जाने चाहिए ताकि शहर का माहौल सुरक्षित और स्वच्छ बना रहे.

# साहिबगंज में कबाड़ व्यवसायी के ठिकानों पर ईडी की छापेमारी

**शुभम संदेश। साहिबगंज**



प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने मंगलवार सुबह साहिबगंज के बंगाली टोला इलाके में बड़ी कार्रवाई करते हुए कबाड़ व्यवसायी बबलू के ठिकानों पर छापेमारी की. इस कार्रवाई से पूरे इलाके में हड़कंप मच गया है. ईडी की टीम के साथ दर्जनों सीआरपीएफ जवान मौके पर तैनात थे. कार्रवाई के दौरान टीम घर और कारोबारी के प्रतिष्ठानों की बारीकी से तलाशी कर रही थी. सूत्रों के अनुसार, यह छापेमारी मनी लॉन्ड्रिंग और आर्थिक अनियमितताओं से जुड़े मामलों की जांच के तहत की गई. हालांकि अभी तक ईडी की ओर से आधिकारिक पुष्टि नहीं की गई है.

## बैग लूटकर अपराधी फरार, जांच में जुटी पुलिस

**जमशेदपुर।** आज़ादनगर थाना क्षेत्र में लूटपाट की वारदातों का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है. ताजा मामला शाही गार्डन के बगल रोड का है, जहां मंगलवार को बदमाशों ने एक कंपनी कर्मचारी को निशाना बनाया. वारदात को अंजाम देने के बाद हड़बड़ी में आरोपित अपनी बाइक मौके पर ही छोड़कर फरार हो गए, जिसे पुलिस ने जब्त कर लिया है. जानकारी के अनुसार मोहम्मद अनस, जो डिमना एनएच -33 स्थित 5एस साइन कंपनी में कार्यरत हैं, नायरा अपार्टमेंट से अपने दोस्त से मिलने नेचर पार्क की ओर जा रहे थे, इसी दौरान स्प्लेंडर बाइक (संख्या जेएच 05डिवाई 4225) पर सवार दो युवक पहुंचे और उनका बैग और मोबाइल छीनने का प्रयास किया. अनस ने विरोध किया तो बदमाशों ने उन्हें धक्का देकर बैग छीन लिया व भागने लगे. जल्दबाजी में दोनों बाइक मौके पर ही छोड़कर फरार हो गए. बैग में 10 हजार रुपये नकद और जरूरी दस्तावेज थे. घटना की सूचना अनस ने तुरंत आज़ादनगर थाना पुलिस को दी. पुलिस ने कांड संख्या 157/25 दर्ज कर जांच शुरू कर दी है. बदमाशों की छोड़ी हुई बाइक थाने लाकर जब्त कर ली गई है. पुलिस सूत्रों का कहना है कि बाइक के रजिस्ट्रेशन नंबर के आधार पर आरोपियों की पहचान जल्द संभव है. पुलिस की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही है.

# पतरातू मे पीएसएमई कंपनी के बेस कैंप पर फायरिंग, अपराधी राहुल दुबे ने ली जिम्मेदारी

## रंगदारी को लेकर दी धमकी, सोशल मीडिया पर पोस्ट कर ठेकेदारों को चेताया, पुलिस जांच में जुटी

**शुभम संदेश। पतरातू/रामगढ़**

रामगढ़ जिले के सयाल डी परियोजना क्षेत्र में काम कर रही पीएसएमई कंपनी के बेस कैंप पर सोमवार रात दो अपराधियों ने फायरिंग की. यह फायरिंग रंगदारी वसूली के इरादे से की गई. घटना के बाद मौके पर पहुंचे पतरातू एसडीपीओ गौरव गोस्वामी ने बताया कि दोनों अपराधी एक ब्लैक स्कूटी पर सवार होकर आए थे. मेन गेट पर एक राउंड गोली चलाने के बाद वे पर्चा छोड़कर सयाल की ओर भाग निकले.

पुलिस का मानना है कि अपराधियों का मकसद दहशत फैलाना था. जांच के लिए इलाके के अन्य सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं. पुलिस ने जल्द ही अपराधियों की गिरफ्तारी का भरोसा दिलाया है. साथ ही सीसीएल क्षेत्र में काम कर रहे ठेकेदारों और कंपनियों को सुरक्षा उपलब्ध कराने का आश्वासन भी दिया गया है.

घटना की जिम्मेदारी अपराधी राहुल दुबे ने सोशल मीडिया पर ली है. उसने पोस्ट किए गए पर्चे में कंपनी से रंगदारी की मांग की है और टीके राव के लिए इसे अंतिम चेतावनी बताया है. उसने साफ तौर पर लिखा है कि जीएम ऑफिस में काम करने वाले सभी ठेकेदार इस चेतावनी को गंभीरता से लें. पीएसएमई कंपनी के इंचार्ज कुंदन और एक सिक्योरिटी गार्ड ने बताया कि अपराधियों द्वारा की गई फायरिंग से मेन गेट पर छेद हो गया है. फायरिंग के बाद से कंपनी कर्मियों में दहशत का माहौल है.

# जेपी केंद्रीय कारा में जिला प्रशासन ने की छापेमारी

## खामियों पर जताई सख्ती, सुधार के निर्देश

**हजारीबाग।** मंगलवार देर शाम हजारीबाग जिला प्रशासन ने जेपी केंद्रीय कारा में अचानक छापेमारी कर जेल की सुरक्षा और व्यवस्था की गहन जांच की. इस छापेमारी का नेतृत्व उपायुक्त शशि प्रकाश सिंह और पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन ने किया. घंटों चले इस अभियान में जेल के प्रत्येक वार्ड और विभाग की बारीकी से जांच की गई. जांच के दौरान कई कमियां सामने आईं. कुछ वार्डों में पानी का रिसाव देखा गया, जबकि कई स्थानों पर रोशनी की समुचित व्यवस्था नहीं मिली. उपायुक्त ने इन खामियों को गंभीरता से लेते हुए संबंधित अधिकारियों को तत्काल सुधार करने का निर्देश दिया. एसडीएम बैजनाथ कामती ने इस जांच को नियमित प्रक्रिया बताया और स्पष्ट किया कि कोई आपत्तिजनक सामान बरामद नहीं हुआ है. उन्होंने यह भी कहा कि जेल प्रशासन की ओर से किसी भी प्रकार की लापरवाही को बर्दाश्त नहीं की जाएगी. उन्होंने चेतावनी दी कि जेल कि व्यवस्था में बाधा डालने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई होगी और समय-समय पर ऐसे औचक निरीक्षण जारी रहेंगे.

# कोचिंग का संचालन करनेवाले शिक्षक पर दुष्कर्म का लगा आरोप, केस दर्ज

**शुभम संदेश। पलामू**

कोचिंग का संचालन करनेवाले एक शिक्षक पर नौवीं की छात्रा के साथ दुष्कर्म का आरोप लगा है. पीड़िता ने मामले में 19 अगस्त को मेदिनीनगर टाउन महिला थाना में एफआईआर दर्ज कराई है. दुष्कर्म का आरोपी शिक्षक फरार हो गया है. बताया जा रहा है कि पीड़िता पलामू के पांकी के इलाके में अपने सहेली के साथ एक किराए के मकान में रह कर पढ़ाई करती थी. घटना के दिन पीड़िता अपने रूम में अकेली थी, जबकि बगल में ही रहने वाले शिक्षक की पत्नी भी बाहर गई थी. आरोप है कि देर रात शिक्षक पीड़िता के कमरे में गया था और उसके साथ दुष्कर्म किया है.

घटना के बाद पीड़िता अपने गांव गई थी और पूरे मामले की जानकारी अपने मां को दिया था. मां के माध्यम से परिजनों को जानकारी भी इसके बाद पूरे मामले में टाउन महिला थाना में आरोपी शिक्षक तुकेश्वर यादव के खिलाफ पॉक्सो समेत गंभीर धाराओं में एफआईआर दर्ज की गई है.

पुलिस ने पीड़िता को मेडिकल जांच के लिए भेज दिया है. वहीं आरोपी की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है. टाउन महिला थाना प्रभारी रूपा बाखला ने बताया कि पीड़िता के आवेदन के आधार पर एफआईआर दर्ज की गई है.

पुलिस पूरे मामले में आरोपी की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही है और आगे की छानबीन की जा रही है. दुष्कर्म का आरोपी कोचिंग का संचालन करता है और पीड़िता के पड़ोस में ही रहता है.

# डेली मोबाइल लॉटरी और अवैध शराब के खिलाफ महिलाओं का फूटा गुस्सा

## पहुंचीं थाने, सख्ती कदम उठाने की मांग, सामूहिक शिकायत दर्ज कराईं

**शुभम संदेश। जमशेदपुर**



मानगो उलीडीह के डिमना बस्ती में डेली मोबाइल लॉटरी और अवैध शराब के खिलाफ अब महिलाओं ने मोर्चा खोल दिया है. मंगलवार को मोहल्ले की दर्जनों महिलाएं भाजपा के पूर्व नेता विकास सिंह के नेतृत्व में उलीडीह थाना पहुंचीं और सामूहिक रूप से इस अवैध कारोबार को बंद कराने की मांग करते हुए थानेदार को लिखित शिकायत सौंपी. महिलाओं ने आरोप लगाया कि इस गैरकानूनी गतिविधि ने बस्ती के सामाजिक ढांचे को तहस-नहस कर दिया है. नशे की लत के चलते युवा परिवार की जरूरतों तक की परवाह नहीं कर रहे हैं. कई लोग तो सरकारी राशन तक बेचने लगे हैं, जिससे घरों में भूखे रहने की नौबत आ गई है. स्थानीय लोगों ने बताया कि पुलिस को कई बार शिकायत देने के बावजूद कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई, उल्टा अवैध कारोबार और भी फैलता जा रहा है. महिलाओं ने चेतावनी दी कि यदि जल्द कार्रवाई नहीं हुई, तो वे सड़कों पर उतर कर लॉटरी और अवैध शराब अड्डों को खुद ही नेस्तनाबूद करेंगी.

उलीडीह थानेदार ने महिलाओं को भरोसा दिलाया कि हर हाल में इस अवैध धंधे पर रोक लगाई जाएगी.

विरोध जताने में विकास सिंह के साथ दर्जनों महिलाएं और समाजसेवी मौजूद थे, जिनमें प्रमुख रूप से विशाल कुंभकार, संतोष दत्ता, दुर्गा दत्ता, बासमती लोहार, माया देवी, रूबी देवी, चंदा देवी, और फुलमनी देवी शामिल थीं. भाजपा के पूर्व नेता विकास सिंह ने कहा कि मानगो का इलाका पूरी तरह डेली मोबाइल लॉटरी का अड्डा बन गया है, जिससे अपराध और सामाजिक विघटन तेजी से बढ़ रहा है. उन्होंने प्रशासन को दो दिन का अल्टीमेटम देते हुए सख्त कदम उठाने की मांग की.

# नाइजर में अगवा 5 मजदूरों के परिजन पहुंचे जनता दरबार, डीसी से सकुशल वतन वापसी की लगाई गुहार

## चार महीने से लापता मजदूरों के परिवार आर्थिक तंगी से जूझ रहे, बच्चों की पढ़ाई और इलाज पर भी संकट

**शुभम संदेश। गिरिडीह**




झारखंड के गिरिडीह जिले के बगोदर प्रखंड से अफ्रीकी देश नाइजर में मजदूरी करने गए पांच प्रवासी मजदूरों के अगवा होने की घटना को चार महीने से अधिक समय बीत चुका है, लेकिन अब तक उनकी सुरक्षित रिहाई संभव नहीं हो सकी है. मजदूरों की सलामती और वापसी को लेकर मंगलवार को परिजन गिरिडीह उपायुक्त रामनिवास यादव द्वारा आयोजित जनता दरबार पहुंचे, जहां उन्होंने सरकार से त्वरित हस्तक्षेप की मांग की. बताया गया कि जिन पांच मजदूरों को अप्रैल महीने में अज्ञात उग्रवादियों ने अगवा किया, वे सभी ट्रांसमिशन लाइन प्रोजेक्ट पर काम कर रहे थे. अगवा मजदूरों में संजय महतो (39) असिस्टेंट सुपरवाइजर हैं, जबकि चंद्रिका महतो (35), फलजीत महतो (32), राजू कुमार (27) और उत्तम महतो (32) टेक्निशियन के तौर पर कार्यरत थे. काम के दौरान ही बंदूकधारी उग्रवादी उन्हें अगवा करके ले गए.

मजदूरों के परिजनों ने बताया कि चार महीने बीत जाने के बावजूद अभी तक सरकार की ओर से कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है. परिवार केसदस्य बेहद आर्थिक संकट से गुजर रहे हैं. खाने-पीने की व्यवस्था तक प्रभावित हो गई है, बच्चों की स्कूल फीस नहीं भर पा रहे हैं और कई परिजनों पैसों के अभाव में इलाज तक रुक गया है.

परिजनों की फरियाद सुनते हुए उपायुक्त रामनिवास यादव ने उन्हें भरोसा दिलाया कि इस गंभीर मामले को शीघ्र ही विदेश मंत्रालय और अन्य उच्च अधिकारियों तक पहुंचाया जाएगा. उन्होंने कहा कि प्रशासन मजदूरों की सुरक्षित वापसी सुनिश्चित करने के लिए हरसंभव प्रयास करेगा.उपायुक्त से भरोसा मिलने के बाद परिजनों को उम्मीद बंधी है कि है कि सरकार जल्द हस्तक्षेप करेगी और उनके अपनों को सकुशल वतन वापस लाया जाएगा.

रांची में यूनिसेफ और झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद की तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला की शुरुआत

# 10 कॉमिक्स बुक के माध्यम से बच्चों में विकसित की जाएगी सामाजिक और भावनात्मक समझ

## जीवन कौशल विकास के अंतर्गत केजीबीवी, जेबीएवी और रांची के चयनित 100 स्कूलों से कार्यक्रम का रहा संचालन

शुभम संदेश। रांची

राज्य में जीवन कौशल विकास के अन्तर्गत कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय, झारखंड बालिका आवासीय विद्यालय और रांची जिला के माध्यमिक /उच्च माध्यमिक के चयनित 100 विद्यालयों (जहां गैर आवासीय विद्यालय संचालित हैं) में केवाईओएन कार्ड और आधा-पूर्ण कॉमिक के माध्यम से किशोरावस्था की भागीदारी को मज़बूत करने के लिए व्यापक कार्यक्रम चलाया जा रहा है. इस कार्यक्रम के तहत् यूनिसेफ के द्वारा 10 कॉमिक्स बुक्स का संग्रह आधा फुल कॉमिक बच्चों को उपलब्ध कराया गया है, जिससे बच्चे में लैंगिक समानता, शारीरिक शर्मिंदगी,



भावनात्मक विकास और मनोसामाजिक कल्याण की समझ को विकसित किया जाएगा और एक केवाईओएन कार्ड विकसित किया गया है, इसका उपयोग अभिभावकों को उक्त कार्यक्रम में सम्मिलित करने हेतु अभिभावक शिक्षक बैठक (पीटीएं) में किया जाएगा.



आज इस संबंध में झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद एवं यूनिसेफ के संयुक्त तत्वाधान में तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला की शुरुआत हुई. उक्त कार्यशाला में राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ. अविनव कुमार, यूनिसेफ की शिक्षा विशेषज्ञ श्रीमती पारुल शर्मा, यूनिसेफ की सामाजिक



व्यवहार परिवर्तन विशेषज्ञ श्रीमती जोशीला पल्लपति, सभी 24 जिलों से मास्टर ट्रेनर, देवनेट, ड्रीम एंड ड्रीम, उगम फाउंडेशन, प्लान इंडिया से रिसोर्स पर्सन शामिल हुए. कार्यशाला को संबोधित करते हुए राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ. अविनाव कुमार ने कहा कि बच्चों के समग्र विकास में जीवन कौशल की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है. इस पहल से किशोरों में न केवल आत्मविश्वास मिलेगा, बल्कि वे सामाजिक चुनौतियों का सामना भी मजबूती से कर सकेंगे. अभिभावकों की सक्रिय भागीदारी से यह कार्यक्रम और भी प्रभावी सिद्ध होगा.

शिक्षा विशेषज्ञ पारुल शर्मा ने कहा कि जाने-अनजाने में बच्चे, विशेषकर बालिकाएं सामाजिक व रूढ़िवादी रूप रंग से संबंधित अवधारणाओं के कारण हींन भावना से ग्रस्त हो जाती है. उन्हें यह महसूस करवाया जाता है कि वे अगर और गोरी, लम्बी या दुबली होतीं तो बेहतर होता. इस सोच को बदलना ज़रूरी है. हमें बच्चियों को बताना है कि वे आत्मसम्मान के साथ जिएं और दूसरों के द्वारा तय किये मापदंडों को खुद पर न थोपें. जोशीला पल्लपति ने कहा कि किशोरावस्था वह अवस्था है, जहां बच्चों को सबसे अधिक मार्गदर्शन और सहारे की आवश्यकता होती है. आधा फुल कॉमिक्स और केवाईओएन कार्ड बच्चों को संवेदनशील विषयों पर खुलकर सोचने और अपने अनुभव साझा करने का अवसर देंगे. यह पहल उनके आत्मविश्वास को बढ़ाने के साथ-साथ परिवार और समुदाय को भी सकारात्मक बदलाव की ओर प्रेरित करेगी.

नागपुरी भाषा परिषद का प्रतिनिधिमंडल राज्यपाल से मिला, सौंपा ज्ञापन

# नागपुरी को जनगणना अभिलेखों में एकीकृत और स्पष्ट रूप से दर्ज करने की मांग

शुभम संदेश। रांची

नागपुरी भाषा परिषद के एक प्रतिनिधिमंडल ने परिषद के वरीय सदस्य पद्मश्री मधु मंसूरी हंसमुख के नेतृत्व में झारखंड के राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार से राजभवन में मुलाकात की. इस दौरान प्रतिनिधिमंडल ने नागपुरी भाषा के नाम को लेकर जनगणना अभिलेखों में व्याप्त भ्रम पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए राज्यपाल को एक ज्ञापन सौंपा. ज्ञापन में आग्रह किया गया कि झारखंड की द्वितीय राजभाषा नागपुरी को राष्ट्रीय जनगणना अभिलेखों में केवल 'नागपुरी' नाम से ही एकीकृत एवं स्पष्ट रूप से दर्ज किया जाए. प्रतिनिधिमंडल ने बताया कि नागपुरी भाषा को यूजीसी, जेपीएससी, जेएसएससी एवं झारखंड ओपन यूनिवर्सिटी जैसी प्रतिष्ठित संस्थाओं से विधिवत मान्यता प्राप्त है.



प्रतिनिधिमंडल ने बताया कि राष्ट्रीय जनसंख्या रजिस्टर 2020 की अनुदेश पुस्तिका में नागपुरी को दो कोडों, कोड 188 (नागपुरिया) एवं कोड 231 (सदान/सादरी) के अंतर्गत दर्ज किया गया है. यह कृत्रिम विभाजन ना केवल भाषा की अस्मिता पर प्रश्नचिह्न लगाता है, बल्कि जनगणना में भाषा-भाषियों की वास्तविक संख्या को भी प्रभावित करता है, जो भविष्य में शैक्षणिक, सांस्कृतिक एवं नीतिगत निर्णयों को प्रभावित करेगा.

परिषद ने राज्यपाल से केंद्र एवं राज्य सरकार से हस्तक्षेप कर केवल "नागपुरी" नाम से ही भाषा को दर्ज कराने का आग्रह किया. इसके साथ ही परिषद ने मांग की कि प्रदेश के विद्यालयों, महाविद्यालयों और विश्वविद्यालयों में नागपुरी भाषा के लिए नियमित पद सृजित कर शिक्षकों की नियुक्ति की जाए, जिससे भाषा की शैक्षणिक परंपरा और अधिक सुदृढ़ हो सके.

ज्ञापन में यह भी रेखांकित किया गया कि रांची विश्वविद्यालय के जनजातीय एवं क्षेत्रीय भाषा विभाग की स्थापना 1980 में हुई थी और 1981 से नागपुरी भाषा की शिक्षा औपचारिक रूप से प्रारंभ हो चुकी है. आज यह पढ़ाई 8वीं कक्षा से लेकर स्नातकोत्तर तक अनेक शिक्षण संस्थानों में हो रही है. ऐसे में नागपुरी को ₹सदान₹ या ₹सादरी₹ के नाम से विभाजित करना न तो शैक्षणिक दृष्टि से उपयुक्त है, न ही न्यायसंगत.

राज्यपाल ने प्रतिनिधिमंडल को इस विषय पर न्यायसंगत एवं अग्रेतर कार्रवाई का आश्वासन दिया. प्रतिनिधिमंडल में पद्मश्री मधु मंसूरी हंसमुख, डॉ शकुन्तला मिश्र, डॉ सुखदेव साहू, डॉ राम कुमार, तबरेज मंसुरी आदि शामिल थे.



# मुख्य सचिव अलका तिवारी ने आईसीएआई रांची शाखा की वेबसाइट का किया शुभारंभ

शुभम संदेश। रांची

झारखंड की मुख्य सचिव अलका तिवारी ने दी इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया (आईसीएआई) की रांची शाखा की आधिकारिक वेबसाइट का शुभारंभ किया. इस अवसर पर मुख्य सचिव ने कहा कि डिजिटल युग में सूचना और संवाद के क्षेत्र में वेबसाइट जैसे माध्यम संस्थाओं को अधिक पारदर्शी, गतिशील और प्रभावशाली बनाने में सहायक सिद्ध होते हैं. उन्होंने वेबसाइट को संस्था के सदस्यों और विद्यार्थियों के लिए एक उपयोगी मंच बताया. रांची शाखा के अध्यक्ष सीए अभिषेक केडिया ने बताया कि यह वेबसाइट न केवल शाखा की गतिविधियों की जानकारी प्रदान करेगी, बल्कि यह विद्यार्थियों और सदस्यों के लिए शैक्षणिक सामग्री और संसाधनों का केंद्र भी बनेगी. कार्यक्रम में शाखा के उपाध्यक्ष सीए अनीश जैन, सचिव सीए भुवनेश कुमार ठाकुर, सीपीइ कमेटी के अध्यक्ष सीए हरेन्दर, और सीए विकास रंजन सहाय सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे.

## अग्रसेन भवन में अंतर विद्यालय चित्रकला व जस्ट ए मिनट भाषण प्रतियोगिता 24 को



शुभम संदेश। रांची

अग्रवाल सभा रांची के 49 वें वार्षिकोत्सव के उपलक्ष्य में 24 अगस्त को समाज के विभिन्न वर्गों के लिए अंतरविद्यालय प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा. सभा के सैकड़ो सदस्यों की उपस्थिति में कार्यक्रम की रूपरेखा हेतु पोस्टर का विमोचन किया गया. इसमें चित्रकला एवं जस्ट ए मिनट भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है. प्रोजेक्ट चेयरमैन प्रभाकर अग्रवाल व जयंती संयोजक अमर अग्रवाल ने बताया कि चित्रकला प्रतियोगिता चार वर्गों में आयोजित की जाएगी. कक्षा 2 - 3 के लिए प्रातः 8:30 से 9:30 ), कक्षा 4 से 6 के लिए प्रातः 10:30 से 11:30, कक्षा 7 – 8 के लिए दोपहर 12:30 से 1.30, कक्षा 9 से 12 तक के लिए दोपहर 12:30 से 2 बजे तक प्रतियोगिता होगी. सभी वर्गों के लिए विषय आत्मनिर्भर भारत रखा गया है. जस्ट ए मिनट भाषण प्रतियोगिता दोपहर 2:30 बजे से केवल कक्षा 8 से 10 तक के लिए आयोजित की जाएगी. इसमें भाषा केवल हिंदी होगी. भाषण का विषय प्रतियोगिता स्थल पर ही दिया जाएगा.सभी प्रतियोगिताओं में प्रवेश निःशुल्क है. अधिक जानकारी के लिए अग्रसेन भवन अपर बाजार रांची और फोन नंबर 9708603305, 8002500579 पर संपर्क किया जा सकता है. यह जानकारी जयंती सहसंयोजक व मीडिया प्रभारी जितेश अग्रवाल ने दी.

झारखंड कांग्रेस अध्यक्ष के नेतृत्व में सैकड़ों कार्यकर्ता पहुंचे नवादा

# वोट अधिकार यात्रा को मिला अभूतपूर्व जनसमर्थन : केशव

शुभम संदेश। रांची/ नवादा

बिहार के नवादा जिले में आयोजित वोट अधिकार यात्रा में झारखंड प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश के नेतृत्व में झारखंड से सैकड़ों कांग्रेस नेता एवं कार्यकर्ता शामिल हुए. यह यात्रा कांग्रेस नेता राहुल गांधी के नेतृत्व में लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा और नागरिकों के वोट के अधिकार की चेतना को मजबूत करने के उद्देश्य से निकाली गई है, जिसकी कुल दूरी 1300 किलोमीटर है. नवादा की धरती पर इस यात्रा के दौरान अभूतपूर्व जनसैलाब उमड़ा. लोगों ने हाथों में तिरंगा और "वोट हमारा अधिकार है" जैसे नारों के साथ पूरे जोश और उत्साह के साथ यात्रा का स्वागत किया. इस दौरान बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव समेत यूपीए गठबंधन के सभी प्रमुख नेताओं ने भी भाग लेकर लोकतांत्रिक व्यवस्था एवं संविधान की रक्षा के प्रति अपना संकल्प दोहराया.



झारखंड प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने कहा कि यह यात्रा केवल एक राजनीतिक कार्यक्रम नहीं, बल्कि लोकतंत्र को बचाने का एक राष्ट्रीय आंदोलन है. भाजपा सरकार देश की लोकतांत्रिक संस्थाओं को कमजोर कर रही है और आमजन के संवैधानिक अधिकारों को छीनने का प्रयास कर रही है. लेकिन अब देश की जनता जाग चुकी है और अपने अधिकारों की रक्षा के लिए एकजुट होकर संघर्ष कर रही है." उन्होंने नवादा की जनता का दिल से आभार व्यक्त करते हुए कहा कि झारखंड प्रदेश कांग्रेस इस आंदोलन को जन-जन तक पहुंचाने के लिए और अधिक व्यापक प्रयास करेगी.

नवादा की वोट अधिकार यात्रा में पूर्व प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर, प्रदीप कुमार बलमुचू, पूर्व सांसद धीरज प्रसाद साहू, फुरकान अंसारी, मंत्री दीपिका पांडे सिंह, डॉ. इरफान अंसारी, विधायक दल के उप नेता राजेश कच्छप, विधायक सुरेश बैठा, रामचंद्र सिंह, भूषण बाड़ा, नमन विकसल, सोनाराम सिंकू, रविंद्र सिंह, सतीश पॉल मुजनी, केदार पासवान, जयशंकर पाठक, ज्योति सिंह माथारू, किशोर सहदेव, आलोक दुबे, शांतनु मिश्रा, एम. तौसीफ, अभिलाष साहू, अमरिंदर सिंह, विनय सिंह, विनय सिन्हा, दीपू कमल ठाकुर, अजय जैन, अजय सिंह, रविंद्र वर्मा, सुल्तान अहमद, शमशेर आलम, अरुण साहू, विनोद कुशवाहा, मुन्ना सिंह, प्रमोद दुबे, राकेश किरण महतो, चंद्रशेखर दास, सचिदा चौधरी, सत्यनारायण सिंह, धनंजय तिवारी, विजय चौबे, विनय उरांव, सतीश केडिया, ईश्वर आनंद, नरेश वर्मा, जवाहर महतो, मदन महतो, सुखेर भगत, भगीरथ पासवान सहित सैकड़ों कांग्रेस नेता- कार्यकर्ता शामिल थे.

## हेमंत सरकार की योजनाओं से घबराई भाजपा फैला रही झूठ : विनोद कुमार पांडेय

**रांची।** झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के महासचिव विनोद कुमार पांडेय ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर तीखा हमला करते हुए आरोप लगाया कि वह हेमंत सरकार की लोकप्रियता से घबराकर झूठ और भ्रम की राजनीति कर रही है. उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का सपना है कि राज्य के हर गरीब और वंचित को पक्का घर मिले, और 'अबुआ आवास योजना' के जरिए यह सपना हकीकत बनता जा रहा है. पांडेय ने कहा कि आज झारखंड की जनता प्रधानमंत्री आवास योजना से ज़्यादा अबुआ आवास को प्राथमिकता दे रही है और यही भाजपा को परेशान कर रहा है. उन्होंने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार ने जानबूझकर झारखंड को प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत मिलने वाले आवासों से वंचित रखा. वहीं, राज्य सरकार ने अपनी पहल पर ₹अबुआ आवास योजना₹ शुरू कर गरीबों को सम्मानजनक जीवन देने की दिशा में बड़ा कदम उठाया है.उन्होंने भाजपा पर आरोप लगाते हुए कहा कि यह वही पार्टी है जो हर बार चुनी हुई सरकार के विकास कार्यों में रोड़े अटकाती है. आज जिस योजना पर सवाल उठाए जा रहे हैं, वह पूरी तरह राज्य सरकार द्वारा संचालित है और जनता के बीच बेहद लोकप्रिय हो चुकी है.

## एक नजर

### सरला बिरला विश्वविद्यालय के आयुष राज ने ताइक्वांडो चैंपियनशिप में जीता गोल्ड



**रांची।** कोडरमा में आयोजित 25वीं सीनियर ताइक्वांडो चैंपियनशिप में सरला बिरला विश्वविद्यालय (एसबीयू) के छात्र आयुष राज ने स्वर्ण पदक जीता है. उन्हें 18 वर्ष से अधिक मिक्स्ड पूमसे वर्ग में यह पदक हासिल हुआ.झारखंड ताइक्वांडो एसोसिएशन के तत्वावधान में आयोजित इस प्रतियोगिता में राज्य के सभी जिलों के ताइक्वांडो खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया था. इसमें विजेता खिलाड़ी तेलंगाना में होनेवाली राष्ट्रीय प्रतियोगिता में शिरकत करेंगे.आयुष राज की इस सफलता पर एसबीयू के प्रतिकुलाधिपति बिजय कुमार दलान, महानिदेशक प्रो गोपाल पाठक, कुलपति प्रो सी जगनाथन एवं राज्यसभा सांसद डॉ प्रदीप कुमार वर्मा ने हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दी हैं.

### हथियारों संग पकड़े गए कुख्यात अपराधी बिट्टू सिंह को कोर्ट से जमानत, संदीप थापा बरी



**रांची।** रांची के कुख्यात अपराधी बिट्टू सिंह को रांची सिविल कोर्ट से बड़ी राहत मिली है. अपर न्यायायुक्त-5 की अदालत ने उसे जमानत दे दी है. बिट्टू की ओर से अधिवक्ताओं सुनील पांडेय और जेनी विभा ने कोर्ट में मजबूती से पैरवी की, जिसके बाद अदालत ने यह निर्णय सुनाया. बिट्टू सिंह को पुलिस ने 13 जून को गिरफ्तार किया था. गिरफ्तारी के समय उसके पास से दो रायफल, 23 जिंदा कारतूस, एक कार और कई आपत्तिजनक सामान बरामद हुए थे. उसके साथ संदीप थापा नामक व्यक्ति को भी पकड़ा गया .बिट्टू सिंह पर हत्या, हत्या की कोशिश और रंगदारी जैसे गंभीर अपराधों में मामले दर्ज थे. लेकिन सुनवाई के दौरान अभियोजन पक्ष इन आरोपों को प्रमाणित करने के लिए ठोस सबूत पेश नहीं कर सका. इसी आधार पर अदालत ने बिट्टू सिंह को जमानत और संदीप थापा को सभी आरोपों से बरी कर दिया.

### मारवाड़ी महिला मंच के रजत जयंती महोत्सव पर श्रीमद्भागवत कथा सात सितंबर से



**रांची।** मारवाड़ी महिला मंच की रांची शाखा रजत जयंती महोत्सव पर श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन कर रही है. यह 7 से 13 सितंबर तक चलेगा. नासिक से पधार रहीं कथावाचक गुरु मां चैतन्य मीरा कथा का श्रवण करेंगी.महाराजा अग्रसेन भवन में आयोजन से संबंधित पूरी जानकारी और समितियों के गठन के लिए बैठक की गयी. इस अवसर पर प्रचार प्रसार के लिए पोस्टर का विमोचन भी किया गया.कार्यक्रम को सफल बनाने में अंशु नेवटिया, मंजू केडिया, बीना मोदी, रीना सुरेखा, बबीता नारसरिया, सीमा ताटीय, प्रीति अग्रवाल, छाया अग्रवाल, प्रीति पोद्दार, सीमा पोद्दार, सुशीला पोद्दार, कमला विजयवर्गीय, रेनू राजगढ़िया, करुणा अग्रवाल, मीरा टिंबरेवाल, सुनीता सरावगी, संगीता गोयल, अनीता अग्रवाल, सुषमा पोद्दार, सरिता अग्रवाल, ममता बूबना, मंजू कड़ोदिया, पुष्पा अग्रवाल, सरिता मोदी, शोभा लगीं हुई हैं.

## रांची डीसी को वाईबीएन विवि के स्टूडेंट्स की परेशानी दूर करें : मंत्री

**रांची।** वाईबीएन यूनिवर्सिटी, रांची में छात्रों को बस सुविधा को लेकर हो रही समस्याओं पर अब सरकार की नजर पड़ी है. झारखंड के परिवहन मंत्री दीपक बिरुआ ने जेएलकेएम (झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा) के एक ट्वीट पर संज्ञान लेते हुए रांची के उपायुक्त को निर्देश दिया है कि वे मामले की जांच करें और जल्द समाधान सुनिश्चित करें. जेएलकेएम ने सोशल मीडिया के माध्यम से मंत्री को संबोधित करते हुए लिखा, " परिवहन मंत्री, आपसे विनम्र अपील है कि रांची स्थित वाईबीएन विवि में स्टूडेंट्स से बस के नाम पर मोटी फीस ली जाती है और फिर उन्हें जानवरों की तरह ठूंस दिया जाता है. छात्र-छात्राओं को अत्यंत कठिनाई का सामना करना पड़ता है, विशेषकर छात्राओं को. कृपया इस पर कड़ी कार्रवाई करें."

**झारखंड शिक्षा परियोजना :** राज्य स्तरीय जवाहरलाल नेहरू हॉकी प्रतियोगिता का दूसरा दिन

# कई टीमों के बीच हुए मुकाबले, फाइनल के लिए हुआ टीमों का चयन

शुभम संदेश। रांची

स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग, झारखंड अंतर्गत झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद, रांची द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय जवाहरलाल नेहरू हॉकी प्रतियोगिता का दूसरा दिन बेहद रोमांचक रहा. प्रतियोगिता का आयोजन मारंग गोमके जयपाल सिंह एस्ट्रोटर्फ हॉकी स्टेडियम, मोराबादी और मुख्यमंत्री उत्कृष्ट उच्च विद्यालय, बरियातू में किया गया, जहां अंडर-17 बालक एवं बालिका वर्ग तथा अंडर-15 बालक वर्ग के क्वार्टर फाइनल और सेमीफाइनल मैच खेले गए.





अंडर-17 बालिका वर्ग में क्वार्टर फाइनल में रांची ने गढ़वा को 10-0 से, खूंटी ने रामगढ़ को 6-0 से, हजारीबाग ने गुमला को 3-0 से और सिमडेगा ने जामताड़ा को 7-0 से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया. इसके बाद सेमीफाइनल में रांची ने खूंटी को 6-0 से मात देकर फाइनल में जगह बनाई, जबकि दूसरी ओर सिमडेगा ने हजारीबाग को 8-0 से हराकर फाइनल का टिकट हासिल किया.

अंडर-17 बालक वर्ग में क्वार्टर फाइनल मुकाबलों में हजारीबाग, जामताड़ा, सिमडेगा, रांची और धनबाद ने जीत दर्ज की. वहीं सेमीफाइनल में खूंटी ने रांची को 12-1 से पराजित कर फाइनल में प्रवेश किया, जबकि हजारीबाग ने कड़े संघर्ष में सिमडेगा को 3-2 से हराकर फाइनल में जगह बनाई.

अंडर-15 बालक वर्ग के सेमीफाइनल मुकाबलों में सिमडेगा ने रांची को 4-0 से हराया और खूंटी ने गुमला को 4-0 से पराजित किया। अब इस वर्ग का फाइनल सिमडेगा और खूंटी के बीच खेला जाएगा.

राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी धीरसेन ए सोरेंग ने कहा कि पहली बार राज्य के सरकारी विद्यालयों से इतनी बड़ी संख्या में खिलाड़ी इस प्रतियोगिता में भाग ले रहे हैं. यह झारखंड में हॉकी के बढ़ते जुनून और लोकप्रियता का प्रमाण है.

## ब्रीफ न्यूज

### गणेश महोत्सव को लेकर बैठक संपन्न

**लातेहार।** 27 अगस्त को गणेश महोत्सव मनाने को लेकर राधाकृष्ण मंदिर (ठाकुरबाड़ी) में आम लोगों की एक बैठक आयोजित की गई. बैठक की अध्यक्षता निर्मल महलका ने की. बैठक में सर्वसम्मति से आगामी 27 अगस्त को धूमधाम से गणेश महोत्सव मनाने का निर्णय लिया गया. गणेश महोत्सव की जानकारी देते हुए निर्मल महलका ने बताया कि 27 अगस्त को भगवान गणेश की प्रतिमा स्थापित की जाएगी एवं विधि विधान से पूजा आरंभ की जाएगी. महलका ने गणेश महोत्सव को सफल बनाने में भक्त तन मन धन से सहयोग करने की अपील की है. मौके पर विजय प्रसाद गुप्ता, राजेश कुमार अग्रवाल मौजूद थे.

### पूर्व सीएम अर्जुन मुंडा से मिले कार्यकर्ता

**विश्रामपुर।** पलामू दौरे पर आये पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा ने मंगलवार को विश्रामपुर के आरसीयू परिसर स्थित गेस्ट हाउस में पार्टी नेताओं व कार्यकर्ताओं के साथ संगठन की मजबूती पर चर्चा किया. इस दौरान भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य सह आरसीयू के कुलाधिपति डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी ने अर्जुन मुंडा को मोमेंटों व अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया. वहीं भाजपा कार्यकर्ताओं ने भी पुष्पगुच्छ देकर श्री मुंडा का स्वागत किया. श्री मुंडा ने पार्टी के सभी कार्यकर्ताओं से बातें कर सबका हालचाल लिया वहीं पार्टी व संगठन की मजबूती पर भी विस्तृत चर्चा किया. डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी से मेडिकल कॉलेज व अन्य शिक्षण संस्थानों को जानकारी ली. चंद्रवंशी ने उन्हें बताया कि करीब एक सौ एकड़ में फैले क्षेत्र में अवस्थित विभिन्न शिक्षण संस्थानों में दस से पंद्रह हजार विद्यार्थी शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं.

### जनता दरबार में राशन वितरण की समस्या रखी गई

**गढ़वा।** समाहरणालय सभागार में मंगलवार को उपायुक्त-सह-जिला दंडाधिकारी दिनेश कुमार यादव की अध्यक्षता में जनता दरबार का आयोजन किया गया. इसमें जिले के विभिन्न प्रखंडों से आए नागरिकों ने अपनी समस्याएं रखीं. उपायुक्त ने मौके पर ही संबंधित विभागों को त्वरित एवं निष्पक्ष कार्रवाई के निर्देश दिए. जनता दरबार में नगर ऊंटारी प्रखंड के पीपरडीह, सरहसताल और बारोडीह के राशन कार्डधारियों ने आवेदन देकर पूर्ववर्ती जन वितरण प्रणाली दुकानदार रविंद्र प्रताप देव से ही राशन वितरण की अनुमति देने का अनुरोध किया.

### पाचाडूमर गांव में दुर्गा पूजा की तैयारी शुरू

**केतार।** गढ़वा के केतार प्रखंड के पाचाडूमर गांव में दुर्गा पूजा को हर्षोल्लास से मनाने के लिए मंगलवार को एक बैठक का आयोजन किया गया. बैठक की अध्यक्षता प्रमुख प्रतिनिधि सुरेंद्र कमलापुरी ने की, जबकि कार्यक्रम में मुखिया श्याम सुंदर बैठा भी उपस्थित रहे. बैठक में ग्रामीणों ने सामूहिक रूप से दुर्गा पूजा को भव्य और सांस्कृतिक कार्यक्रमों से परिपूर्ण बनाने का निर्णय लिया. कार्यक्रम के सफल संचालन हेतु कमिटी का गठन किया गया, जिसमें उदय प्रसाद को अध्यक्ष, मुरारी प्रसाद को उपाध्यक्ष, बल्लू कुमार रजक को सचिव, राहुल रंजन प्रसाद को उप सचिव तथा नंदू प्रसाद को कोषाध्यक्ष बनाया गया. वहीं, मुखिया श्याम सुंदर बैठा, सुरेंद्र कमलापुरी, बिमलेश कुमार, मुंशी चौधरी और मोहन मेहता को संरक्षक की भूमिका सौंपी गई.

संयुक्त नक्सल अभियान को लेकर बिहार-झारखंड के पुलिस पदाधिकारियों की हुई उच्चस्तरीय बैठक

# नक्सली कमांडर नितेश के खिलाफ चलेगा अभियान

**शुभम संदेश।मेदिनीनगर**



पलामू डीआईजी नौशाद आलम की अध्यक्षता में मंगलवार को बिहार और झारखंड के नक्सल अभियान से जुड़े शीर्ष अधिकारियों की संयुक्त बैठक हुई. बैठक में दोनों राज्यों की साझा चुनौतियों पर चर्चा की गई और विशेष रूप से कुख्यात नक्सली कमांडर नितेश यादव को मुख्यधारा में लाने अथवा अभियान चलाकर उसे जीवित पकड़ने की रणनीति पर जोर दिया गया. बैठक में कहा गया कि माओवादी संगठन में रीजनल कमांडर के पद पर रह चुके नीतेश यादव पर झारखंड सरकार ने 15 लाख रुपये का इनाम घोषित कर रखा है तथा उसे नितेश जी, इरफ़ान, नंदू, किरानी के नामों से भी जाना जाता है. नितेश यादव पर 100 से अधिक हमलों का आरोप है, जिनमें लगभग 25 जवानों ने शहादत दी. हाल ही में पलामू में उनके खिलाफ चलाए गए अभियान में आईईडी और हथियार बरामद किए गए हैं. पुलिस ने अदालत के आदेश पर उनके घर पर इश्तेहार भी चिपकाया है ताकि जनता भी उसकी पहचान कर सके. डीआईजी नौशाद आलम ने कहा कि नक्सली गतिविधियाँ राज्य और समाज के लिए सबसे बड़ी चुनौती हैं. नितेश यादव जैसे बड़े नक्सली को या तो मुख्यधारा में लाना होगा या फिर अभियान के जरिए पकड़ना ही हमारा लक्ष्य है. बिहार और झारखंड पुलिस की साझा कार्रवाई से नक्सलियों की कमर तोड़ी जाएगी. अब नक्सलवाद के लिए इस क्षेत्र में कोई जगह नहीं बचेगी. बैठक के बाद दोनों राज्यों के सुरक्षा बलों ने संयुक्त अभियान को और तेज करने का संकल्प लिया. बैठक में मुख्य रूप से रमाकांत प्रसाद (एडिशनल एसपी, एसआईजी बिहार), अखिलेश कुमार (डीएसपी अभियान मगध), इंस्पेक्टर रवि शर्मा (अभियान इंस्पेक्टर), बिनीत कुमार (एसआईजी बिहार) और एएसपी अभियान राकेश (पलामू) शामिल थे.

उपायुक्त समीरा एस ने कार्यपालक अभियंताओं के साथ की बैठक, कहा

# विकास योजनाओं पर त्वरित कार्य प्रारंभ किया जाए

**शुभम संदेश।पलामू**



पलामू जिला में विकास योजनाओं की धीमी रफ्तार पर मंगलवार को उपायुक्त समीरा एस ने गहरी चिंता व्यक्त की. समाहरणालय सभागार में आयोजित तकनीकी विभागों के कार्यपालक अभियंताओं के साथ समीक्षा बैठक में यह सामने आया कि कई योजनाएं छोटी-छोटी तकनीकी या प्रशासनिक कारणों से अभी तक शुरू नहीं हो सकी हैं. विशेष रूप से शिलान्यास न होने और भूमि की अनुपलब्धता को बड़ी बाधा के रूप में चिह्नित किया गया. बैठक में उपायुक्त ने स्पष्ट निर्देश दिया कि ऐसी सभी योजनाएं, जिनका शिलान्यास नहीं हुआ है, उनके लिए संबंधित जनप्रतिनिधियों से समन्वय स्थापित कर शीघ्र शिलान्यास कराया जाए. इसके बाद योजनाओं पर त्वरित कार्य प्रारंभ किया जाए. उपायुक्त ने कहा कि अनाबद्ध योजनाएं और डीएमएफटी (जिला खनिज फाउंडेशन ट्रस्ट) मद से संचालित योजनाएं समयबद्ध रूप से पूरी की जानी चाहिए. बैठक के दौरान उपायुक्त समीरा एस ने पाया कि कई योजनाएं निविदा की प्रक्रिया पूर्ण होने के बावजूद प्रारंभ नहीं हो पाई हैं. उन्होंने निर्देश दिया कि सभी तकनीकी विभाग अपने संवेदकों (ठेकेदारों) के साथ बेहतर तालमेल बनाएं और कार्य में अनावश्यक देरी न हो, यह सुनिश्चित करें. एक अन्य महत्वपूर्ण बिंदु के रूप में उपायुक्त ने रेखांकित किया कि कई योजनाएं सिर्फ भूमि की उपलब्धता न होने के कारण महीनों से लंबित हैं. उन्होंने ऐसे सभी मामलों को अगली जिला स्तरीय समन्वय समिति की बैठक में लाने और संबंधित पत्रावली के साथ उपस्थित रहने का आदेश दिया, ताकि समय पर निर्णय लेकर समाधान निकाला जा सके.

समीक्षा बैठक में उपायुक्त ने निर्देश दिया कि जो योजनाएं पूर्ण हो चुकी हैं और हस्तगत की जा चुकी हैं, उन्हें सूची से हटाया जाए, ताकि संसाधनों का बेहतर प्रबंधन हो सके. उन्होंने तकनीकी विभागों को प्राथमिकता तय कर कार्ययोजना बनाकर लंबित कार्यों को अभियान रूप में शीघ्र पूरा करने का भी निर्देश दिया. बैठक में विशेष रूप से बिजली विभाग, पथ निर्माण विभाग, भवन निर्माण प्रमंडल, जल संसाधन विभाग, लघु सिंचाई प्रमंडल, राष्ट्रीय उच्च पथ सहित अन्य तकनीकी विभागों की योजनाओं की विस्तार से समीक्षा की गई. इस समीक्षा बैठक में डीडीसी जावेद हुसैन, भूमि सुधार उप समाहर्ता प्यारेलाल समेत विभिन्न तकनीकी विभागों के कार्यपालक अभियंता और पदाधिकारी उपस्थित थे. उपायुक्त ने अंत में स्पष्ट किया कि विकास योजनाओं में किसी प्रकार की लापरवाही या देरी को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और जवाबदेही तय की जाएगी.

### स्टूडेंट्स फेडरेशन ने की जीएलए कॉलेज के प्राचार्य से मुलाक़ात

**मेदिनीनगर।** वाईजेके स्टूडेंट्स फेडरेशन के एक प्रतिनिधिमंडल ने मंगलवार को जिला उपाध्यक्ष कृष्णा यादव के नेतृत्व में नीलांबर पीतांबर विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक अजय कुमार से मुलाक़ात की और सेमेस्टर 3 की परीक्षा परिणाम नहीं आने पर चर्चा की. परीक्षा विभाग ने प्रतिनिधिमंडल सदस्यों को बताया कि हमें जीएलए कॉलेज द्वारा आंतरिक परीक्षा के नंबर नहीं उपलब्ध कराए गए हैं. जिसके बाद प्रतिनिधिमंडल ने जीएलए कॉलेज के प्राचार्य से मुलाकात की. उनका साफ कहना था कि हमारे पास कर्मचारियों की बहुत भारी कमी है, जिसकी वजह से हम बहुत सारे काम करने में असमर्थ हैं. इस पर कृष्णा यादव ने कहा कि कर्मचारी नहीं होने के कारण विद्यार्थी को दिक्कत हो रही है, यह विषय विद्यार्थियों का नहीं है की कर्मचारी नहीं है. जिस पर उन्होंने कहा कि हमने विश्वविद्यालय से यह मांग की है लेकिन इसके बाद भी हमें अभी तक कर्मचारियों की उपलब्धता नहीं कराई गई है. कृष्णा यादव आगे कहा कि महाविद्यालय और विश्वविद्यालय के बीच समन्वय ना होने के कारण विद्यार्थी परेशान हो रहे हैं. इसका यथाशीघ्र समाधान करना चाहिए. प्रतिनिधिमंडल ने परीक्षा विभाग से यह मांग भी की कि सेमेस्टर 4 की परीक्षा तिथि जारी की जाए. इसका परिणाम यह हुआ कि त्वरित कार्रवाई कर परीक्षा की तिथि घोषणा कर दी गई है. मौके पर नवीन, अमित, किशन, अगस्त समेत कई विद्यार्थी मौजूद थे.

## एक नजर

### राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग के सदस्य ने की बैठक



**मेदिनीनगर।** झारखंड राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग के सदस्य उज्जवल प्रकाश तिवारी की अध्यक्षता में मंगलवार को समाहरणालय के दूसरे तल्ले पर विभिन्न विभाग के पदाधिकारियों की बैठक हुई. बैठक में तिवारी ने बाल अधिकार संरक्षण से संबंधित कार्यों की जानकारी लेने के बाद संबंधित विभाग के पदाधिकारियों क़ बाल अधिकार के प्रति संवेदनशीलता के साथ कार्य करने की बात कही. उन्होंने शिक्षा विभाग अंतर्गत बिना रजिस्टर्ड स्कूलों की जानकारी लेते हुए सभी का जल्द से जल्द रजिस्ट्रेशन करवाने तथा ड्राप आउट बच्चों को चिन्हित कर पुनः शिक्षा से जोड़ने की बात कही. उन्होंने कहा कि माइंस,इट भट्टे,बीड़ी पत्ता चुनने के कार्य में बच्चों की भागीदारी शून्य हो, इसे सुनिश्चित किया जाना चाहिए. उन्होंने जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी को श्रम विभाग, आपूर्ति विभाग, स्वास्थ्य विभाग, शिक्षा विभाग व अन्य सभी विभागों के साथ बेहतर समन्वय स्थापित करते हुए विभिन्न जगहों पर बाल मजदूरी के रोकथाम हेतु लगातार छापामारी करने हेतु निर्देशित किया.

### कारपोरेट और राजनीति पर व्यंग्य करता नाटक भगत सिंह



**मेदनीनगर ।** इप्टा द्वारा संचालित सांस्कृतिक पाठशाला की 80वीं कड़ी में वरिष्ठ नाटककार अबरार अहमद द्वारा लिखित नाटक ₹भगत सिंह₹ का पाठ आयोजित किया गया. कार्यक्रम की अध्यक्षता ज्ञान विज्ञान समिति के अध्यक्ष शिव शंकर प्रसाद एवं शिक्षक अच्छे लाल प्रजापति ने संयुक्त रूप से की. नाटक का प्रभावी पाठ प्रेम प्रकाश ने प्रस्तुत किया. मौके पर मुख्य वक्ता सेवानिवृत्त व्याख्याता केडी ओझा ने नाटककार अबरार अहमद की लेखनी की सराहना करते हुए कहा कि यह नाटक वर्तमान समय में वैचारिक नाटकों के मंचन में आने वाली बाधाओं को पात्रों के माध्यम से बखूबी उजागर करता है. उन्होंने कहा "यह नाटक, नाटक में नाटक है. इसमें कारपोरेट जगत और समकालीन राजनीति पर गहरा व्यंग्य किया गया है. साथ ही रंगकर्म की प्रतिबद्धता और भगत सिंह के विचारों को भी प्रमुखता से प्रस्तुत किया गया है. छोटे और चुटीले संवाद नाटक की प्रभावशीलता को और बढ़ाते हैं. यह नाटक केवल पठनीय ही नहीं बल्कि मंचीय भी है, इसलिए इसका मंचन होने के बाद इसका प्रभाव और गहराई से समझा जा सकेगा."

### जिला परिषद की बैठक में दिशोम गुरू को दी श्रद्धांजलि



**लातेहार।** समाहरणालय के सभागार में जिला परिषद की बैठक अध्यक्ष पूनम देवी की अध्यक्षता में आयोजित की गई. बैठक में उपाध्यक्ष अनिता देवी व मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी सह उप विकास आयुक्त सैय्यद रियाज अहमद मुख्य रूप से मौजूद थे. बैठक में सर्वप्रथम दिशोम गुरू स्व शिबू सोरेन और शिक्षा मंत्री स्व रामदास सोरेन को श्रद्धाजंली दी गई. इसके बाद बैठक की कार्यवाही प्रारंभ हुई. सबसे पहले पूर्व की बैठक मे लिये गये निर्णय की समीक्षा की गयी. लातेहार जिला परिषद सदस्य विनोद उरांव ने जिले के कई प्रखंडो मे कल्याण विभाग से बनने वाले सरना स्थल योजना का मामला उठाया. उन्होने कहा कि समाज कल्याण विभाग से जिले के आंगनबाड़ी केंद्रो मे आपूर्ति किये गये सामानो की गुणवत्ता सही नही है. उरांव ने जिले के विकास कार्यो मे उचित मजदूरी नही मिलने का मामला रखा, जिस पर संज्ञान लेते हुए उचित निर्णय का आश्वासन दिया गया. मनिका प्रखंड के जिप सदस्य बलवंत सिंह ने बरवाडीह प्रखंड के नवरनागू गांव के 23 रैयतों ने मनिका के पटना वन भूमि क्षेत्र मे पुनर्वास का मामला उठाया. श्री सिंह ने कहा कि पीटीआर द्वारा बिना ग्राम सभा कराये पुनर्वास की योजना बनाई गई जो गलत है. सिंह ने मनिका प्रखंड मुख्यालय मे स्ट्रीट लाई लगाने और जिला परिषद से दुकान बनाने का मामला रखा. इसके अलावा अन्य जिप सदस्यों ने अपने-अपने क्षेत्र की कई समस्याओ का मामला उठाया, जिस पर संबंधित विभाग के पदाधिकारियो को उचित कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया.

### नीरू ने समाज में अपनी एक अलग पहचान बनायी

**लातेहार।** सदर प्रखंड के शीशी पंचायत की दुर्गा समूह की एक मजबूत और प्रेरणादायक सदस्य नीरू देवी ने एक महत्वपूर्ण मुकाम हासिल किया है. बैंक ऑफ बड़ौदा द्वारा उन्हें सीएसपी की सुविधा प्रदान की गई है. ताकि वह अपने व्यवसाय को और भी मजबूत बना सकें. नीरू की यह उपलब्धि न केवल उनके लिए बल्कि उनके परिवार और समाज के लिए भी एक बड़ी सफलता है. उन्होंने अपने करियर की शुरुआत एक कैडर के रूप में की और धीरे-धीरे अपनी मेहनत और लगन से बैंक की सीएसपी प्राप्त करने में सफल रहीं. अब नीरू अपने पैरों पर खड़ी होकर न केवल अपना व्यवसाय चला रही हैं बल्कि समाज के लिए एक रोल मॉडल के रूप में भी काम कर रही हैं. वह आज अन्य ग्रामीण महिलाओं के एक मिशाल साबित हो रही है. उनके द्वारा स्थापित केंद्र में विभिन्न प्रकार की सुविधाएं प्रदान की जा रही हैं. जिसमें बैंक अकाउंट खोलना, बीमा करना, और सरकार की विभिन्न योजनाओं का लाभ दिलाना शामिल है. नीरू की इस उपलब्धि से न केवल उनके परिवार को बल्कि पूरे समाज को प्रेरणा मिलेगी. उनकी कहानी यह साबित करती है कि मेहनत और दृढ़ संकल्प से किसी भी लक्ष्य को हासिल किया जा सकता है.

# कार्रवाई नहीं होने पर अधिवक्ता करेंगे आंदोलन



**मेदिनीनगर।** पलामू जिला अधिवक्ता संघ के सदस्य अधिवक्ता अभिषेक रंजन और सुधांशु कुमार बिरंची के साथ 12 अगस्त को सदर अस्पताल परिसर में पुलिसकर्मियों द्वारा किए गए कथित दुर्व्यवहार और मारपीट को लेकर सोमवार को संघ की आपातकालीन बैठक हुई. बार एसोसिएशन भवन में आयोजित बैठक की अध्यक्षता महामंत्री अजय कुमार पांडेय ने की. बैठक में घटना की कड़ी निंदा करते हुए कहा गया कि पुलिसकर्मियों का यह आचरण न केवल अधिवक्ताओं के सम्मान पर आघात है, बल्कि न्याय व्यवस्था पर भी प्रश्नचिह्न खड़ा करता है. उपस्थित अधिवक्ताओं ने सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित कर दोषी पुलिसकर्मियों पर शीघ्र कार्रवाई की मांग की. बैठक में अधिवक्ता अभिषेक रंजन एवं सुधांशु कुमार बिरंची के साथ हुए दुर्व्यवहार एवं मारपीट की उच्च स्तरीय जांच कर दोषी पुलिसकर्मियों पर एक सप्ताह के भीतर कार्रवाई, अधिवक्ताओं द्वारा दिए गए आवेदन पर संज्ञान लेते हुए त्वरित प्राथमिकी दर्ज करने, पुलिसकर्मियों की भूमिका की निष्पक्ष जांच कर दोषियों को चिह्नित करने की मांग शामिल है. इसे लेकर जारी प्रेस बयान में यह भी कहा गया है कि यदि प्राथमिकी दर्ज नहीं होती है, तो अधिवक्ता संघ न्यायालय में परिवाद-पत्र दायर करेगा.

अपराध की योजना बना रहे राहुल सिंह गैंग के चार अपराधी गिरफ्तार

# हथियार व गोली समेत तीन बाइक बरामद

**शुभम संदेश।मेदिनीनगर**



पुलिस ने सदर थाना क्षेत्र अन्तर्गत एनएच पर चल रहे कार्य में लेवी मांगने के उद्देश्य से एक जगह जमा चार अपराधियों को गिरफ्तार किया है. गिरफ्तार आरोपियों के नाम सहजाद आलम, साहिल कुमार, रोहित कुमार और फरहान कुरैशी हैं. गिरफ्तार सहजाद आलम पर शहर थाना कांड सं0-309/2019 रोहित कुमार पर चैनपुर थाना कांड सं. 117/2024 व फरहान कुरैशी उर्फ शैलु कुरैशी पर चैनपुर थाना कांड सं0-245/2024 व चैनपुर थाना कांड सं 246/2024 पहले से दर्ज है. पुलिस ने इनके पास से एक देसी एवं एक विदेशी पिस्टल, 9 एमएम का 50 जिंदा गोली, चार मोबाईल तथा सिंगरा गोली कांड में उपयोग किया गया एक स्पलेंडर प्लस समेत तीन बाईक, रंगदारी से वसुला गया बाईस हजार रूपये बरामद किए हैं. इस संबंध में सदर एसडीपीओ ने बताया कि पलामू सूचना के बाद गठित विशेष टीम एनएच के पास स्थित पोखराहा अकड़ाही आहर के पास टीम पहुंची तब बाइक पर चार लोग संदेहास्पद स्थिति में पाये गये. संदेह होने पर उनलोगो की तलाशी ली गई. इस दौरान उनके पास से हथियार समेत नगद रुपए बरामद किए गए. उन्होंने बताया कि पकड़े गए चार लोगों में से तीन का अपराधिक इतिहास रहा है. पूछताछ में उनलोगों ने यह भी बताया कि 04 जुलाई को सिंगरा फ्लाई ओवर के निर्माण कार्य में गोली चली थी, जिसमें एक मजदुर को गोली लगा था. उस घटना को सहजाद आलम एवं साहिल कुमार ने एक बाइक से जाकर गैंगेस्टर राहुल सिंह के आदेश पर उनके गुर्गे द्वारा उपलब्ध कराये गये हथियार से सहजाब आलम द्वारा गोली मार घटना का अंजाम दिया गया था तथा अन्य जगहों पर भी इनलोगों के द्वारा घटना का अंजाम देने का कोशिश की गई लेकिन नकाम रहे. छापामारी दल में सदर एसडीपीओ मणिभूषण प्रसाद, पुलिस निरीक्षक सुरेश राम, सदर थाना प्रभारी लालजी, चैनपुर थाना प्रभारी श्रीराम शर्मा, पुअनि संजय कुमार, व रंजीत कुमार शामिल थे.

**लातेहार** उपायुक्त ने जन शिकायत निवारण शिविर में सुनी ग्रामीणों की समस्याएं, कहा

# समस्याओं का समयबद्ध समाधान सुनिश्चित हो

**शुभम संदेश।लातेहार**



लातेहार जिला उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी उत्कर्ष गुप्ता की अध्यक्षता में आज उपायुक्त कार्यालय कक्ष में साप्ताहिक जन शिकायत निवारण शिविर का आयोजन किया गया. जिले के विभिन्न प्रखंडों एवं नगर क्षेत्रों से आए नागरिकों ने अपनी-अपनी समस्याएं उपायुक्त के समक्ष रखीं. उपायुक्त ने प्रत्येक शिकायतकर्ता से व्यक्तिगत रूप से मुलाकात की और उनकी समस्याएं गंभीरता से सुनीं. जन सुनवाई के दौरान कई महत्वपूर्ण मुद्दे सामने आए जिनमें भूमि विवाद, ज़मीन अधिग्रहण में विलंब, पेंशन स्वीकृति में देरी, कार्य कराने के बाद भुगतान नहीं होना, नव-निर्मित पीसीसी सड़कों पर नाली का गंदा पानी बहना तथा सहायता राशि न मिलने जैसी शिकायतें प्रमुख रहीं. उपायुक्त ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी समस्याओं का समयबद्ध एवं निष्पक्ष समाधान सुनिश्चित किया जाए.

उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि सभी आवेदन पत्रों का भौतिक सत्यापन कर वास्तविक स्थिति की जांच की जाए, ताकि उचित कार्रवाई की जा सके. उपायुक्त ने लोगों को आश्वस्त किया कि उनकी शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई होगी और दोषियों के विरुद्ध आवश्यक कदम उठाए जाएंगे. उन्होंने यह भी बताया कि जिला प्रशासन आम जनता की समस्याओं को गंभीरता से लेता है और इसके समाधान के लिए प्रत्येक मंगलवार और शुक्रवार को जन शिकायत निवारण शिविर का आयोजन जिला, अनुमंडल एवं प्रखंड स्तर पर नियमित रूप से किया जा रहा है. इस पहल का उद्देश्य है कि आम लोग अपनी समस्याएं सीधे प्रशासन के समक्ष रख सकें और उनका त्वरित समाधान हो सके. जन शिकायत निवारण शिविर में संबंधित विभागों के अधिकारी भी उपस्थित रहे और मौके पर ही कई मामलों में प्राथमिक स्तर पर समाधान की प्रक्रिया शुरू की गई.

# झामुमो के स्तंभ थे रामदास : राजेंद्र

**शुभम संदेश।मेदिनीनगर**



झारखंड आंदोलन के प्रणेता राज्य के शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन के निधन पर स्थानीय झारखंड मुक्ति मोर्चा जिला कार्यालय में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया. श्रद्धांजलि सभा में मौजूद लोगों ने स्व. सोरेन की तस्वीर पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी. साथ ही दो मिनट का मौन रख कर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की गई. श्रद्धांजलि सभा में जिलाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद सिंहा ने कहा कि स्व रामदास सोरेन केवल एक राजनेता ही नहीं, बल्कि झारखंड आंदोलन के महान योद्धा थे. और कोल्हान में झामुमो के भीष्म पितामह के नाम से जाने जाते थे. उनके छत्रछाया में संगठन ताकतवर बनाऔर राज्य स्तर तक विधायक, मंत्री होने के साथ साथ जिलाध्यक्ष के रुप में उन्होंने संगठन को मजबूती प्रदान किया.उनके निधन से राज्य ने एक सच्चा मार्गदर्शक और जननायक खो दिया. उनकी स्मृतियां और विचार सदैव लोगो को प्रेरित करते रहेंगे.

मौके पर केंद्रीय समिति सदस्य संजीव तिवारी,चंदन सिन्हा,सुशीला मिश्रा,जिला सचिव रंजन चंद्रवंशी, उपाध्यक्ष राकेश कुमार सिंहा, बालकिशन उरांव,रमेश सिंह,विशाल सिन्हा संगठन सचिव देवानंद भारद्वाज, शाहबाज आलम, महानगर अध्यक्ष रंजीत जायसवाल, मन्नत सिंह बग्गा युवा मोर्चा अध्यक्ष सूरज कुमार, कौशल किशोर, अरविन्द चौधरी, संजय चंद्रवंशी, महिला मोर्चा मंजू देवी, रज़िया नियाजी, बेवी देवी व्यापार मोर्चा दीपू चौरसिया क्रीड़ा मोर्चा अध्यक्ष सुमित वर्मन, बुद्धिजीवी मोर्चा अध्यक्ष मनोज सिंहा वरिष्ठ नेता अविनाश देव, हाजी ललन सनी शुक्ला, मुकेश चौधरी छात्र मोर्चा सचिव सैय्यद फैजल, सैय्यद सोनू, कौशल सिंह, कौशिक, चैनपुर प्रखंड अध्यक्ष कमरूदीन अंसारी, उपाध्यक्ष रंजीत तिवारी, नलिन चंद्र कुमार, हुसैन मियां, मुस्लिम अंसारी, अनिल चंद्रवंशी लेस्लीगंज नवलेश मेहता, कुलदीप यादव,सुनील सिंह, मुस्ताक अहमद मौजूद थे.

## ब्रीफ न्यूज

### लावालौंग उप प्रमुख पर लगा मारपीट का आरोप

**चतरा।** लावालौंग प्रखंड उप प्रमुख महमूद खान पर बेरहमी से पिटाई करने का आरोप लगा है. पीड़त कोची गांव निवासी महफूज खान ने थाना में आवेदन दिया है. आवेदन में मारपीट करने वालों में महमूद खान के साथ-साथ शंभू भुइयां, चंद्रिका भुइयां, मुद्रिका भुइयां, मतिया देवी, निरवा देवी, प्रयाग भुइयां की पत्नी, भोला साव एवं कटिया गांव निवासी बिहारी भारती का नाम शामिल है. महफूज खान नें सहमें शब्दों में थाना प्रभारी से गुहार लगाया है कि महमूद खान ने मुझे हत्या करने की धमकी दिया है. उक्त के विषय थाना प्रभारी ने बताया कि तत्काल महफूज को इलाज के लिए स्वास्थ्य केंद्र भेज दिया गया है. इस मामले का जल्द उद्भेदन किया जाएगा.

### मकईयाटांड़ में युवा क्लब ढौठवा फुटबॉल टूर्नामेंट का हुआ भव्य शुभारंभ

# खेल को लेकर युवाओं में दिखा जबरदस्त उत्साह

**शुभम संदेश। कटकमसांडी (हजारीबाग)**

कटकमसांडी प्रखंड के पंचायत ढौठवा स्थित मकईयाटांड़ फुटबॉल मैदान में युवा क्लब ढौठवा द्वारा आयोजित फुटबॉल टूर्नामेंट का भव्य उद्घाटन किया गया. टूर्नामेंट का शुभारंभ पूर्व विधायक प्रतिनिधि किशोरी राणा, विधायक प्रतिनिधि सुमन राय, भाजपा पश्चिमी मंडल अध्यक्ष कैलाश यादव, शाहपुर के पूर्व मुखिया प्रेम प्रसाद और सामाजिक कार्यकर्ता मिथलेश सिंह ने फीता काटकर, फुटबॉल में किक मारकर और खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर संयुक्त रूप से किया. उद्घाटन के साथ ही पूरे मैदान में जयकारे और आतिशबाजी की गूंज से



माहौल गूंज उठा. राष्ट्रगान 'जन-गण-मन' के साथ वातावरण भक्तिमय हो गया. उद्घाटन मैच बेलहरी और एएफसी क्लब डुमरी के बीच खेला गया, जिसमें रोमांचक मुकाबले में बेलहरी ने 1-0 से जीत दर्ज की. टूर्नामेंट के आयोजन से ग्रामीण क्षेत्र के युवाओं में खेल के प्रति नई ऊर्जा और उत्साह देखने को मिल रहा है. मुख्य अतिथि किशोरी राणा ने कहा कि सांसद मनीष जायसवाल का खेल के क्षेत्र में विशेष योगदान है. वे प्रखंड में आयोजित होने वाले हर टूर्नामेंट में न केवल आर्थिक सहयोग करते हैं, बल्कि खिलाड़ियों को आवश्यक खेल सामग्री जैसे फुटबॉल, नेट, जर्सी, बूट आदि भी उपलब्ध कराते हैं. उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में खेल न केवल शारीरिक और मानसिक विकास का माध्यम है, बल्कि रोजगार के क्षेत्र में भी इसका अहम योगदान है. खासकर सेना और पुलिस भर्ती में युवाओं की सफलता में खेल की बड़ी भूमिका है.

विशिष्ट अतिथि कैलाश यादव ने कहा कि सांसद मनीष जायसवाल हजारीबाग जिले के हर प्रखंड में खेल को पुनर्जीवित करने और खिलाड़ियों को बेहतर प्लेटफॉर्म देने के लिए प्रतिबद्ध हैं.

पहले संसाधनों की कमी से खिलाड़ी पीछे रह जाते थे, लेकिन अब उनके पास आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं. उन्होंने कहा कि कटकमसांडी में लंबे समय से सुस्त पड़े फुटबॉल खेल को पुनर्जीवित करने में सांसद की भूमिका सराहनीय रही है.

उन्होंने यह भी बताया कि प्रखंड के करीब एक दर्जन पंचायतों में जब भी टूर्नामेंट होता है, सांसद की ओर से आकर्षक 'नमो जर्सी' देकर खिलाड़ियों को सम्मानित किया जाता है. इससे खिलाड़ियों में आत्मविश्वास और उत्साह बढ़ता है. इस अवसर पर पंचायत समिति सदस्य प्रतिनिधि सोहर राणा, पूर्व मुखिया दिलीप कुमार रवि, युवा मोर्चा प्रखंड अध्यक्ष दीपक मेहता, उप मुखिया किशोरी यादव, अरविंद यादव सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण और खेलप्रेमी मौजूद थे.

### ऑटो संचालकों की मनमानी पर जिला प्रशासन सख्त

**हजारीबाग।** नगर निगम क्षेत्र के खिरगांव में ऑटो स्टैंड संचालकों द्वारा टोटो रिक्शा को जबरन रोककर यात्रियों को परेशान किए जाने की सूचना प्राप्त होते ही उपायुक्त श्री शशि प्रकाश सिंह ने तत्काल संज्ञान लिया. उपायुक्त के निर्देश पर जिला प्रशासन की टीम मौके पर पहुंची और स्थिति का जायजा लिया. मौके पर जिला प्रशासन की टीम ने ऑटो संघ के अध्यक्ष एवं ऑटो संचालकों से पूछताछ की. गलत तरीके से टोटो रिक्शा के संचालन पर रोक लगाने को लेकर ऑटो संचालकों को कड़ी फटकार लगाई गई तथा भविष्य में ऐसी हरकत पर कड़ी कार्रवाई की चेतावनी दी गई. इस दौरान ऑटो संघ के अध्यक्ष एवं संचालकों ने अपनी गलती स्वीकार की और आश्वासन दिया कि ऐसी पुनरावृति नहीं होगी.

### हंटरगंज थाना पुलिस ने चलाया वाहन चेकिंग अभियान

**हंटरगंज (चतरा)।** चतरा जिले के हंटरगंज थाना गेट समीप मंगलवार को पुलिस ने एंटी क्राइम और सड़क सुरक्षा को लेकर वाहन चेकिंग अभियान चलाया. अभियान के दौरान वाहनों के दस्तावेज, लाइसेंस, हेलमेट और डिक्की की जांच की गई. इस दौरान पुलिस ने चालकों को यातायात नियमों के तहत वाहन चलाने की हिदायत भी दी. हंटरगंज थाना सब इंस्पेक्टर बीर बहादुर सिंह ने बताया कि पुलिस अधीक्षक महोदय का निर्देश के बाद थाना गेट के समीप वाहन चेकिंग अभियान लगाया गया जिसमें दर्जनों बिना हेलमेट के बाइक चला रहे चालको से बाइक जब्त की गई है.

### विधायक प्रदीप प्रसाद ने की प्रतिनिधियों की घोषणा

**हजारीबाग।** हजारीबाग सदर विधानसभा क्षेत्र के विधायक प्रदीप प्रसाद ने अपने प्रतिनिधियों की घोषणा की. इस दौरान कटकमसांडी प्रखंड के विधायक प्रतिनिधि के रूप में सुमन कुमार अंगद, सदर प्रखंड के कार्यालय प्रभारी के रूप में बिरजू कुमार रवि तथा कटकमसांडी प्रखंड के कार्यालय प्रभारी के रूप में मिथिलेश राणा को मनोनीत किया गया विधायक प्रदीप प्रसाद ने इस अवसर पर विश्वास जताया कि सभी नवनियुक्त प्रतिनिधि अपने कर्तव्यों का निर्वहन पूरी निष्ठा और ईमानदारी के साथ करेंगे. उन्होंने कहा कि इन प्रतिनिधियों की नियुक्ति का उद्देश्य आम जनता और विधायक कार्यालय के बीच और अधिक सशक्त संवाद एवं संपर्क स्थापित करना है.

### कलाकारों में दिखा गणपति बप्पा के स्वागत का उत्साह

**हजारीबाग।** गणेश चतुर्थी की रौनक हर ओर दिखाई दे रही है. यह भारत का सबसे रंगीन और उल्लास से भरा त्योहार अब बस आने ही वाला है. गलियाँ रोशनी से जगमगा रही हैं, घरों में भक्ति गीतों की गूंज सुनाई दे रही है और हर कोई बप्पा के स्वागत की तैयारी में जुटा है. ऐसे में एण्डटीवी के कलाकार भी पीछे नहीं हैं. अपनी व्यस्त दिनचर्या से समय निकालकर वे पूरे श्रद्धा, उमंग और रचनात्मकता के साथ गणपति बप्पा का स्वागत कर रहे हैं. इनमें निहारिका रॉय ('घरवाली पड़वाली' की सावी), हिमानी शिवपुरी और रोहिताश्व गौड़ शामिल हैं. निहारिका रॉय ने कहा, "हम घर पर गणपति की स्थापना नहीं करते, लेकिन मुझे अपने दोस्तों के घर जाकर इस पर्व का हिस्सा बनना बहुत अच्छा लगता है. गणेश चतुर्थी हमेशा से मुझे बहुत आकर्षित करती रही है.

### राहुल की वोट अधिकार यात्रा में शामिल हुए मुन्ना

**हजारीबाग।** लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी द्वारा संचालित वोट अधिकार यात्रा मंगलवार को नवादा पहुंची. लोकतंत्र को बचाने और जनता के अधिकारों को सशक्त करने के इस आंदोलन में झारखंड से भी बड़ी संख्या में नेता और कार्यकर्ता शामिल हुए. झारखंड से आए नेताओं में पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोध कांत सहाय, पूर्व राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू, पूर्व सांसद फुरकान अंसारी, स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी, मंत्री दीपिका पांडे सिंह, विधायक दल के उपनेता राजेश कच्छप, सिमडेगा विधायक नमन विक्सल कोंगाडी, मनिका विधायक रामचंद्र सिंह, प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप बालमुचू, वरिष्ठ नेता राजेश ठाकुर समेत अनेक बड़े चेहरे शामिल रहे.

### कुलियों ने डीआरएम को सौंपा पत्रक

**कोडरमा।** रेलवे के आधुनिकीकरण और निजीकरण के कारण कुलियों के सामने उत्पन्न आजीविका संकट को दूर करने की मांग आज कोडरमा में भी जोर-शोर से उठी. राष्ट्रीय कुली मोर्चा के आह्वान पर देशभर की तरह कोडरमा में भी कुलियों ने डीआरएम कार्यालय को पत्रक सौंपकर भारत सरकार और रेल मंत्रालय से रोजगार व सामाजिक सुरक्षा सुनिश्चित करने की अपील की. कुलियों का कहना था कि रेलवे में लंबे समय से काम करने के बावजूद उन्हें स्थायी नौकरी नहीं दी जा रही है.

### सभी अंचलों में विशेष राजस्व कैंप का आयोजन

**कोडरमा।** उपायुक्त कोडरमा ऋतुराज के निर्देशानुसार कोडरमा जिला अंतर्गत सभी अंचलों में दिनांक 19, 20 एवं 21 अगस्त को विशेष राजस्व कैंप का आयोजन किया जा रहा है. यह कैम्प दाखिल-खारिज, निबंधन, भूमि सुधार एवं राजस्व विभाग से संबंधित अन्य लंबित मामलों के निष्पादन हेतु जनहित में आयोजित किया जा रहा है. इसी कड़ी में आज कोडरमा जिला अंतर्गत सभी अंचलों में विशेष राजस्व कैम्प का आयोजन किया गया.

### जयनगर थाना परिसर में सड़क सुरक्षा को लेकर जागरूकता अभियान

# लोगों को हेलमेट पहनने के लिए किया गया प्रेरित

**शुभम संदेश। जयनगर (कोडरमा)**

मंगलवार को जयनगर थाना परिसर में सड़क सुरक्षा और ट्रैफिक नियमों के पालन को लेकर विशेष जागरूकता अभियान चलाया गया. यह अभियान पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर झारखंड पुलिस एसोसिएशन की टीम द्वारा आयोजित किया गया, जिसमें न केवल थाना के पुलिसकर्मियों बल्कि थाना में उपस्थित आम नागरिकों को भी ट्रैफिक नियमों के पालन और हेलमेट पहनने के लिए प्रेरित किया गया. कार्यक्रम की अगुवाई झारखंड पुलिस एसोसिएशन के अध्यक्ष प्रशांत कुमार, उपाध्यक्ष मुकेश कुमार रवि और उपाध्यक्ष द्वितीय पंकज कुमार सिंह ने की. टीम ने बताया कि सड़क दुर्घटनाओं में मृत्यु का प्रमुख कारण हेलमेट नहीं पहनना है. हेलमेट न केवल कानूनी बाध्यता है बल्कि यह जीवन की सुरक्षा का एक अहम कवच भी है. पुलिस अधिकारियों ने कहा कि अगर पुलिसकर्मी स्वयं ट्रैफिक नियमों का पालन करेंगे, तो आम जनता में भी एक सकारात्मक संदेश जाएगा और नियमों के पालन की प्रवृत्ति बढ़ेगी. कार्यक्रम के दौरान



एसोसिएशन की टीम ने थाना परिसर में मौजूद स्थानीय लोगों से संवाद कर उन्हें ट्रैफिक नियमों के पालन का महत्व समझाया.

इस अवसर पर थाना में कार्यरत पुलिसकर्मियों ने अपनी कई समस्याओं को भी सामने रखा. कर्मियों ने एसोसिएशन के समक्ष बेड की व्यवस्था, पेयजल के लिए आरओ मशीन की सुविधा, और अन्य बुनियादी जरूरतों की मांग रखी. उन्होंने कहा कि बेहतर कार्य निष्पादन के लिए आवश्यक बुनियादी सुविधाएं होना जरूरी है. थाना प्रभारी बब्लू कुमार सिंह ने भी इस मौके पर हेलमेट के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि दुर्घटनाओं से बचाव के लिए हर व्यक्ति को ट्रैफिक नियमों का पालन करना चाहिए. उन्होंने कहा कि नियम पालन की शुरुआत खुद पुलिसकर्मियों को करनी होगी, तभी आमजन तक इसका असर पहुंचेगा. यह जागरूकता अभियान जहां एक ओर ट्रैफिक नियमों के प्रति सजगता लाया, वहीं दूसरी ओर पुलिसकर्मियों की मौलिक सुविधाओं की ओर भी प्रशासन का ध्यान आकर्षित किया.

### लापरवाह मवेशी पालकों पर होगी कड़ी कार्यवाई

**जयनगर (कोडरमा)।** थाना क्षेत्र में इन दिनों सड़कों पर खुले में छोड़े गए मवेशियों का जमावड़ा आम राहगीरों और वाहन चालकों के लिए बड़ी समस्या बनती जा रही है. आए दिन इन मवेशियों के कारण सड़क दुर्घटना की घटना बढ़ती जा रही है. इस गंभीर मुद्दे पर जयनगर थाना प्रभारी बब्लू कुमार सिंह ने मंगलवार को अखबारों के माध्यम से मवेशी पालकों से सख्त अपील की है. उन्होंने कहा कि सड़क पर मवेशियों को खुला छोड़ना न केवल यातायात व्यवस्था को बाधित करता है बल्कि राहगीरों की जान को भी जोखिम में डालता है. थाना प्रभारी ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि अब लापरवाह मवेशी पालकों पर प्रशासन कड़ी कार्यवाही करेगा और मवेशियों को भी पकड़ लिया जाएगा. उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि कोई भी मवेशी पालक अपने जानवरों को सड़क पर छोड़ते पाए गए तो उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी. थाना प्रभारी ने सभी मवेशी पालकों से सहयोग की अपील करते हुए कहा कि अपने मवेशियों को बांधकर रखें ताकि दुर्घटनाओं और अनचाही घटनाओं से बचा जा सके.

### दोषी पाए जाने के बावजूद शिक्षक पर नहीं हुई कार्रवाई

# ग्रामीणों में आक्रोश, आंदोलन की चेतावनी

**शुभम संदेश। हंटरगंज (चतरा)**

हंटरगंज प्रखंड अंतर्गत उत्क्रमित मध्य विद्यालय कल्याणपुर के प्रधानाध्यापक अशोक कुमार पर फर्जी उपस्थिति और रजिस्टर में छेड़छाड़ जैसे गंभीर आरोपों की पुष्टि होने के बावजूद अब तक कोई ठोस विभागीय कार्रवाई नहीं की गई है. यह मामला तब और चर्चित हो गया जब चतरा अनुमंडल पदाधिकारी (एसडीओ) ने भी गहन जांच के बाद आरोपों को सत्य पाया और शिक्षा विभाग के वरीय पदाधिकारियों को दो दिन के भीतर कार्रवाई का आदेश दिया, लेकिन अब तक वह आदेश भी ठंडे बस्ते में डाल दिया गया है. इस मामले को लेकर ग्रामीणों में भारी आक्रोश है और उन्होंने आंदोलन की चेतावनी दी है. पूरा मामला जनवरी 2023 का है, जब विद्यालय के उपस्थिति पंजी में हेरफेर की बात सामने आई थी. ग्रामीणों द्वारा गठित



विद्यालय प्रबंधन समिति के पूर्व अध्यक्ष धनंजय कुमार ने जब रजिस्टर की जांच की, तो उन्हें कई अनियमितताएं दिखीं. इसकी जानकारी मिलते ही दर्जनों ग्रामीण प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी (बीईओ) के पास पहुंचे और लिखित शिकायत दर्ज कराई.

बीईओ ने आरोपों की जांच के लिए सीआरपी रामचंद्र ठाकुर को जिम्मा सौंपा. जांच में यह स्पष्ट हो गया कि प्रधानाध्यापक ने फर्जी सीएल और उपस्थिति में हेराफेरी की थी. इस जांच के बाद बीईओ ने शिक्षक से स्पष्टीकरण मांगा, लेकिन जवाब संतोषजनक नहीं होने पर उन्होंने जिला शिक्षा पदाधिकारी से शिक्षक पर विभागीय कार्रवाई की अनुशंसा की. इसके बाद एक बार फिर से जांच कराई गई, जिसमें सभी आरोपों की पुष्टि हुई, लेकिन कार्रवाई का कोई नामोनिशान नहीं दिखा. आखिरकार ग्रामीणों ने चतरा एसडीओ से संपर्क कर न्याय की गुहार लगाई. एसडीओ ने मामले की गंभीरता को देखते हुए फिर से जांच कराई और ग्रामीणों के आरोपों को सही पाया.

### थाना प्रभारी सम्मानित

**चौपारण।** चौपारण प्रखंड के वार्ड सदस्य संगठन की ओर से नवनियुक्त चौपारण थाना प्रभारी सरोज सिंह चौधरी को सम्मानित किया गया. प्रखंड वार्ड संघ अध्यक्ष राजेश कुमार ने कहा कि हम लोगो को आशा ही नही पूर्ण विश्वास है कि प्रखंड में थाना प्रभारी चौधरी सर अपनी कुशल नेतृत्व में जनसमस्याओं के प्रति संवेदनशीलता और बेहतर कानून व्यवस्था बनाने में सफल होंगे.इस दौरान मौके पर सचिन, रणजीत सिंह, उपसचिव सुकेश कुमार, कोषाध्यक्ष सुजीत कुमार यादव, मीडिया प्रभारी राजेश राणा, एमडी सलाउद्दीन, अली अकबर उर्फ सोनू ठेकेदार, रामेंद्र यादव, वीरेंद्र कुमार (उप मुखिया प्रतिनिधि), रामाधीन तुरी, प्रियंका कुमारी, बबीता कुमारी, किरण कुमारी, शोभा देवी, एमडी शकील, पप्पू, विनोद कुमार, संजय कुमार सहित समस्त 26 पंचायतों के वार्ड सदस्य मौजूद रहे. सभी पदाधिकारियों और सदस्यों ने संयुक्त रूप से कहा कि थाना प्रभारी चौधरी हमेशा आम जनता के साथ खड़े रहते हैं और उनकी समस्याओं के समाधान में तत्पर रहते हैं.

## एक नजर

### हितधारक उन्मुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन



**कोडरमा।** समाहरणालय सभागार में सोमवार को राष्ट्रीय सामाजिक सहायता कार्यक्रम के अंतर्गत सामाजिक अंकेक्षण हेतु जिला स्तरीय हितधारकों के उन्मुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ. यह कार्यक्रम वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से आयोजित किया गया, जिसमें विभिन्न विभागों के अधिकारियों, सामाजिक अंकेक्षण टीमों, पंचायत प्रतिनिधियों एवं संबंधित हितधारकों ने सहभागिता की. कार्यक्रम में उप विकास आयुक्त रवि जैन विशेष रूप से सम्मिलित हुए और उन्होंने सामाजिक अंकेक्षण की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि ₹सामाजिक अंकेक्षण एक पारदर्शी और उत्तरदायी शासन प्रणाली की ओर एक सशक्त कदम है. इससे न केवल योजनाओं की प्रभावशीलता बढ़ती है, बल्कि हितग्राहियों तक योजनाओं का वास्तविक लाभ भी सुनिश्चित होता है.

### डीसी के निर्देश पर हटाए जा रहे अनावश्यक पोल

**कोडरमा।** आमजनों की सुविधा और शहरी क्षेत्रों में यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से उपायुक्त श्री ऋतुराज के निर्देशानुसार अनावश्यक रूप से लगे बिजली के पोलों को हटाने का कार्य प्रारंभ किया गया है. उपायुक्त से प्राप्त मार्गदर्शन के क्रम में कार्यपालक अभियंता, विद्युत विभाग के नेतृत्व में यह कार्रवाई की जा रही है. इसी कड़ी में नगर परिषद् झुमरी तिलैया क्षेत्र अंतर्गत झंडा चौक के समीप अशोका होटल के पास से अनावश्यक रूप से लगे बिजली पोलों को हटाया गया. उपायुक्त ने कहा कि "शहर में सुचारू यातायात व्यवस्था सुनिश्चित करना प्रशासन की प्राथमिकता है.

### प्रोजेक्ट कोऑर्डिनेटर का हार्ट अटैक से निधन

**केरेडारी।** एनटीपीसी के अधीन कार्यरत रित्विक कंपनी में प्रोजेक्ट कोऑर्डिनेटर के पद पर तैनात रिजवान शरीफ, निवासी तिरुपति बालाजी, का मंगलवार सुबह हार्ट अटैक से निधन हो गया. जानकारी के अनुसार, रोज की तरह वे तैयार होकर ड्यूटी पर जाने की तैयारी कर रहे थे, तभी अचानक सीने में तेज दर्द उठा. परिजन उन्हें आनन-फानन में आरोग्यं अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया. रिजवान शरीफ बीते तीन वर्षों से रित्विक कंपनी में कार्यरत थे और अपनी सरलता एवं मिलनसार स्वभाव के कारण सभी के चहेते थे. उनकी मृत्यु की खबर से एनटीपीसी एवं रित्विक कंपनी के अधिकारी और कर्मचारी वर्ग में शोक की लहर है.

### वायरल ऑडियो क्लिप विवाद: प्रबंधन ने दी सफाई

**केरेडारी।** पूर्व विधायक अम्बा प्रसाद द्वारा रित्विक कंपनी के डायरेक्टर सीएम राजेश के साथ हुई बातचीत का 10 सेकेंड का ऑडियो क्लिप सोशल मीडिया पर वायरल करने के मामले में रित्विक प्रबंधन ने अपना पक्ष सामने रखा है. कंपनी ने आरोप लगाया कि वायरल किया गया ऑडियो अधूरा है, जबकि पूरी बातचीत करीब 3 से 4 मिनट की थी. प्रबंधन का कहना है कि यदि सच्चाई दिखानी है तो पूरा ऑडियो सार्वजनिक किया जाए. कंपनी के समन्वयक रवि सिन्हा और संतोष सिंह ने पूर्व मंत्री योगेंद्र साव, उनकी बेटी अम्बा प्रसाद व बेटे सुमित कुमार साव पर निजी लाभ के लिए आंदोलन करने और लोगों को गुमराह करने का आरोप लगाया है.

### रोशन लाल चौधरी ने डीसी के साथ की बैठक

**केरेडारी।** विधायक रोशन लाल चौधरी ने जिला समाहरणालय में उपायुक्त शशि प्रकाश सिंह के साथ महत्वपूर्ण बैठक की. बैठक में क्षेत्र में चल रही कल्याणकारी योजनाओं पर चर्चा हुई. विधायक श्री चौधरी ने केरेडारी प्रखंड के बुंडू पंचायत के उत्क्रमित मध्य विद्यालय खपिया में शिक्षकों की कमी से जिला उपायुक्त को अवगत कराया. और कहा कि शिक्षक नहीं होने की वजह से बच्चों का नियमित पढ़ाई लिखाई नहीं हो पा रहा है. इसके अलावा कोटी झरना पाइपलाइन को मरम्मत करने के लिए जिला उपायुक्त से बात कही. साथ ही साथ केरेडारी प्रखंड के सलगा पंचायत नीरी गांव में सड़क और बिजली बहाल करने कि बात कही. मौके पर विधायक रोशन लाल चौधरी ने कहा कि बिजली नहीं रहने की वजह से लोगों का जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया है.

### अपर समाहर्ता ने किया राजस्व शिविर का निरीक्षण

**कोडरमा।** अपर समाहर्ता पूनम कुजुर, जिला आपूर्ति पदाधिकारी प्रदीप कुमार शुक्ला ने अंचल कार्यालय में आयोजित शिविर का निरीक्षण किया. उन्होंने शिविर में आए आवेदनों का शीघ्र और निष्पक्ष निपटारा करने का निर्देश दिया. सभी अंचल अधिकारी यह सुनिश्चित करें कि अधिक-से-अधिक लंबित मामलों का निष्पादन हो तथा प्राप्त आवेदनों पर संवेदनशीलता के साथ शीघ्र कार्रवाई की जाए. परिशोधन के तहत प्राप्त सभी मामलों में दस्तावेजों का गहन सत्यापन कर, संतुष्टि के उपरांत ही निर्णय लिया जाए. अनुमंडल पदाधिकारी ने जिलेवासियों से अपील की है कि वे शिविर में उपस्थित होकर अपने राजस्व संबंधित मामलों का समाधान कराएं.

### पुलिस ने दो फरार अभियुक्त को किया गिरफ्तार

**चतरा।** लावालौंग थाना पुलिस ने नशीले पदार्थों से जुड़े पुराने मामलों में वांछित फरार अभियुक्तों को गिरफ्तार कर बड़ी सफलता हासिल की है. यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक चतरा के निर्देश पर फरार अभियुक्तों के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत की गई. इस संबंध में जानकारी देते हुए थाना प्रभारी प्रशांत मिश्रा ने बताया कि गिरफ्तार दोनों अभियुक्तों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट एवं धारा के तहत प्राथमिकी दर्ज थी. छापामारी कर दोनों को गिरफ्तार किया गया. गिरफ्तार अभियुक्तों की पहचान करम गंझू, पिता सोना गंझु, ग्राम सांबे दूसरा तापेश्वर यादव, पिता लाला उर्फ नंदलाल यादव, ग्राम जोबी है दोनों अभियुक्त थाना – लावालौंग, जिला चतरा के है. गिरफ्तार दोनों अभियुक्तों को न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया गया है.

### माइंस खोलने का विरोध, क्षेत्र को नहीं होने देंगे बर्बाद



**चतरा।** चतरा जिले के जोरी थाना क्षेत्र के सलैया पंचायत के करमाही गांव में पत्थर माइंस खोलने को लेकर लोक जनसुनवाई कार्यक्रम में हजारों को संख्या में ग्रामीण पहुंचकर विरोध करके अधिकारियों को लौटा दिया. ग्रामीणों में ग्रामीणों ने जनसुनवाई में ग्रामीणों ने क्षेत्र को बर्बाद नहीं होने देंगे पत्थर माइंस नहीं खोलना देंगे का नारा जमकर लगाया. लोक सुनवाई करने पहुंचे पदाधिकारी को ग्रामीणों के विरोध का सामना करना पड़ा. हंगामा और विरोध के कारण लोक सुनवाई अधिकारियों ने स्थगित करनी पड़ी. गांव में पत्थर माइंस खोलने को लेकर जिला प्रशासन की ओर से तीन माइंस खोलने की स्वीकृति दी गयी है. पर्यावरण स्वीकृति को लेकर लोक सुनवाई की सूचना मिलते ही काफी संख्या में ग्रामीण कार्यक्रम स्थल पर पहुंचे और विरोध कर रद्द करने का मांग करने लगे. ग्रामीणों ने कहा वे किसी भी हाल में वहां माइंस खुलने नहीं देंगे. उनका कहना था कि जलस्तर काफी नीचे जा राहा है. खेती योग भूमि को बर्बाद होगा आसपास के गांव प्रदूषण का प्रकोप से बीमार होंगे. ऐसे में उन्हें भविष्य में परेशानी होगी. ग्रामीणों ने कहा कि जान देंगे, लेकिन किसी भी हाल में माइंस खुलने नहीं देंगे.

### मनधनीया: जलमा में फुटबॉल टूर्नामेंट का समापन

**चतरा।** लावालौंग थाना क्षेत्र के मनधनीया पंचायत के जलमा में आयोजित फुटबॉल टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला सोमवार को खेला गया. रोमांचक फाइनल में आकाशवाणी क्लब मुरवे ने शानदार प्रदर्शन करते हुए धड़हा को 3–0 से हराकर चैंपियनशिप का खिताब अपने नाम किया. फाइनल मैच के बाद आयोजित पुरस्कार वितरण समारोह में मुख्य अतिथि झारखंड मुक्ति मोर्चा के जिला अध्यक्ष निलेश ग्याशेन उर्फ सोनू सिंह ने विजेता और उपविजेता टीमों को पुरस्कृत किया. विजेता मुरवे टीम को ट्रॉफी के साथ 17,000 नगद उपविजेता डाड़हा टीम को ट्रॉफी के साथ 12,000 नगद तीसरे स्थान पर रही हुटरु की टीम को ट्रॉफी के साथ 8,000 नगद पुरस्कार दिया गया.

## चतरा

### जिले में अवैध खनन पर नियंत्रण को लेकर उपायुक्त ने की बैठक, कहा

# किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी

**शुभम संदेश । चतरा**

जिले में अवैध खनन पर नियंत्रण और सड़क सुरक्षा नियमों के अनुपालन को लेकर उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी कीर्तिश्री की अध्यक्षता में जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा समिति एवं खनन टास्क फोर्स की बैठक आयोजित की गई. बैठक में उपायुक्त ने साफ शब्दों में कहा कि इन दोनों मामलों में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी. सभी पदाधिकारी पूरी सक्रियता से काम करें और समय पर कार्रवाई सुनिश्चित करें.

उपायुक्त ने निर्देश दिया कि 18 वर्ष से कम आयु के वाहन चालकों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई हो. स्कूल-कॉलेजों में छात्रों की हेलमेट जांच



नियमित रूप से की जाए और बिना हेलमेट पाए जाने पर दंडात्मक कार्रवाई सुनिश्चित की जाए. उन्होंने जिले में निरंतर वाहन जांच अभियान चलाने और नगर परिषद क्षेत्र में सड़क किनारे लगने वाले बाजारों को निर्धारित स्थानों पर स्थानांतरित करने का निर्देश दिया, ताकि जाम व दुर्घटनाओं की स्थिति से बचा जा सके. खनन क्षेत्र की समीक्षा करते हुए जिला खनन पदाधिकारी मनोज टोप्पो ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2024-25 में अब तक कुल 76 वाहन जब्त किए गए हैं, 30 प्राथमिकी दर्ज की गई हैं और 13.14 लाख का जुर्माना वसूला गया है. जून से जुलाई 2025 तक एनजीटी न्यायादेश के तहत कार्रवाई करते हुए 06 वाहन जब्त किए गए, 03 प्राथमिकी दर्ज की गई और 39 वाहनों से 4.70 लाख की वसूली की गई. उपायुक्त कीर्तिश्री ने एनजीटी के आदेश का 100% अनुपालन सुनिश्चित करने पर बल दिया. उन्होंने कड़ी नाराजगी जताते हुए कहा कि ईटखोरी, कुंदा और प्रतापपुर को छोड़कर शेष अंचलों से श्रेणी-01 बालूघाटों की सूची अब तक प्राप्त नहीं हुई है. इस पर सभी अंचलाधिकारियों को अविलंब सूची उपलब्ध कराने का सख्त निर्देश दिया गया. बैठक में यह भी पाया गया कि ईटखोरी, मयूरहंड, प्रतापपुर, हंटरगंज, सिमरिया और टंडवा क्षेत्रों में अवैध खनन पर की गई कार्रवाई संतोषजनक नहीं रही. इस पर उपायुक्त और पुलिस अधीक्षक सुमित कुमार अग्रवाल ने अंचलाधिकारियों व थाना प्रभारियों को औचक छापेमारी करने और कोल परियोजना क्षेत्रों में चलने वाले वाहनों की गहन जांच के निर्देश दिए. उपायुक्त ने यह भी कहा कि कोयला लदे वाहनों को त्रिपाल से ढका जाए, उनकी गति सीमा की जांच हो और ओवरलोडिंग, धूल प्रदूषण तथा दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए नियमित अभियान चलाए जाएं. बैठक में एसपी सुमित कुमार अग्रवाल, अनुमंडल पदाधिकारी उत्तरी राहुल मीणा, अपर समाहर्ता अरविंद कुमार, एसडीओ चतरा जहूर आलम, जिला खनन पदाधिकारी मनोज टोप्पो समेत सभी अंचलाधिकारी एवं कोल परियोजना प्रतिनिधि उपस्थित थे.

### खाई में गिरी ट्रक एक की हो गयी मौत

**कोडरमा।** कोडरमा थाना क्षेत्र अंतर्गत रांची-पटना मुख्य मार्ग (एनएच-20) पर मंगलवार की सुबह एक दर्दनाक सड़क हादसा हुआ. कोडरमा घाटी स्थित जमसोती नाला के समीप लोहे की शीट से लदा एक ट्रक अचानक सामने आए गैस टैंकर से टकराकर खाई में गिर गया. इस हादसे में ट्रक में सवार नालंदा (बिहार) निवासी 18 वर्षीय कुंदन यादव की मौके पर ही मौत हो गई. मृतक की पहचान इंद्रदेव यादव के पुत्र के रूप में हुई है. जानकारी के अनुसार ट्रक बोकारो से पटना जा रही थी और कोडरमा घाटी में जैसे ही वह एक तीखे मोड़ पर पहुंची, सामने से अचानक एक गैस टैंकर आ गया. टकराव से पहले ही ट्रक चालक उमेश यादव (निवासी गोविंदपुर, बिहार) और खलासी ने कूदकर जान बचा ली, लेकिन कुंदन यादव ट्रक के केबिन में सो रहा था और समय पर बाहर नहीं निकल सका.

**ब्रीफ न्यूज**

## मृतक मजदूर के आश्रित मां को मिला 10 लाख

**गुमला।** हिमाचल प्रदेश के ग्रेफ कंपनी में कार्यरत सीपी मजदूर अजय भगत की पांच जून 2024 में हुई प्राकृतिक मृत्यु के मामले में श्रमिक अधीक्षक ने मंगलवार को बीमा योजना का दस लाख रुपये उसके आश्रित माता लालो देवी के बैंक खाता में हस्तांतरित किया. ज्ञात हो कि मजदूर का श्रमिक कल्याण में बीमा था. उपायुक्त गुमला के निर्देश पर श्रम अधीक्षक ने आवश्यक कार्रवाई करते हुए मृतक की मां, ग्राम कसपोरेया, पोस्ट बेलागाड़ा, प्रखंड एवं थाना घाघरा, जिला गुमला के खाता में राशि हस्तांरित कर दिया.

## इटकी : इलाज के अभाव में तीन रोगियों की मौत

**इटकी।** इटकी यक्ष्मा आरोग्यशाला में पिछले चार दिनों के अंदर इलाज के अभाव में तीन रोगियों की मौत हो गई. इटकी यक्ष्मा आरोग्यशाला में इलाजरत रोगी धारवा उरांव का सोमवार की देर रात निधन हो गया. मृतक लोहरदगा जिले के भंडरा गांव का रहने वाला था. ज्ञात हो कि इटकी आरोग्यशाला में देखरेख के अभाव में दो इलाजरत मरीज की भी बीते शनिवार अजय नायक और सोमवार की सुबह विलियम उरांव की मृत्यु हो गयी थी. जबकि सोमवार देर रात धारवा उरांव की मौत हो गई. गौरतलब है कि इटकी आरोग्यशाला में दर्जनों मरीज एडमिट हैं. उनके इलाज के लिए चार डॉक्टर पदस्थापित है. जबकि एक भी नर्स नहीं है. प्राप्त जानकारी के मुताबिक आरोग्यशाला में सिर्फ एक ही नर्स कंचनमाला थी और उसका भी तबादला विभाग द्वारा 31 जुलाई को कर दिया गया. इधर आरोग्यशाला में पदस्थापित डॉ नम्रता सिन्हा को भी बिरसा मुंडा एयरपोर्ट पर प्रतिनियुक्त किया जा चुका है. जिससे स्वास्थ्य विभाग के ऊपर प्रश्न चिन्ह खड़ा करती हैं.

## शिक्षा मंत्री के निधन पर शोक सभा

**इटकी।** झारखंड के शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन के आकस्मिक निधन पर मंगलवार को कुंदी रोड स्थित एसआर सेवन स्टार एकेडमी में शोक सभा का आयोजन किया गया. स्कूल की प्राचार्य शांति टोप्पो ने स्व रामदास सोरेन के निधन को राज्य के लिए अपूरणीय क्षति बताते हुए उनकी जीवनी पर प्रकाश डाला. इससे पूर्व स्कूल प्रशासन द्वारा उनकी तस्वीर में श्रद्धा सुमन अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी और दो मिनट का मौन धारण कर उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की गयी

### डीडीसी दिलेश्वर महतो ने की जिले के सभी विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक, कहा

# प्रत्येक गांवों में होगा एक नोडल अधिकारी



शुभम संदेश। गुमला

उप विकास आयुक्त दिलेश्वर महतो की अध्यक्षता में मंगलवार को समाहरणालय सभागार में जिले के सभी विभाग के अधिकारियों की बैठक हुई. जिसमें आदि कर्मयोगी अभियान के बारे में अधिकारियों को विस्तृत जानकारी दी गई. इसके लिए प्रत्येक गांव में एक भवन को आदि सेवा केंद्र के रूप में चिह्नित करने का डीडीसी ने बीडीओ को निर्देश दिया. अभियान के तहत नोडल पदाधिकारी का नाम एवं मोबाइल नंबर का भी चयन करने और चयनित भवन में अंकित किए जाने की जानकारी दी. गांव के लोग ग्रामीण योजनाओं से संबंधित जानकारी प्राप्त करने एवं समस्याओं के समाधान के लिए आदि कर्मयोगी भवन में संपर्क करेंगे. अभियान के अंतर्गत लोगों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए प्रखंड के सभी पंचायतों में क्लस्टरिंग ऑफ विलेजेज किया जाएगा तथा प्रखंड एवं ग्राम स्तर पर कार्यशालाओं की तिथियां निर्धारित की जाएंगी, जिनमें स्वास्थ्य विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, विद्यालय एवं सामुदायिक संस्थाएं सक्रिय रूप से भाग लेंगी. इसी प्रकार ग्राम स्तर पर केन्द्र एवं राज्य सरकार द्वारा संचालित योजनाओं के अंतराल की पहचान करते हुए, एनआरएलएम, स्वास्थ्य, महिला एवं बाल विकास, विद्यालय एवं सामुदायिक संस्थाओं की मदद से कैम्पों का आयोजन भी सुनिश्चित किया जाएगा.

बैठक के दौरान उप विकास आयुक्त ने स्पष्ट निर्देश दिया कि अभियान की सफलता हेतु सभी विभाग आपसी समन्वय स्थापित कर निर्धारित समयसीमा में कार्य पूर्ण करें ताकि ग्रामीणों को योजनाओं का अधिकतम लाभ उपलब्ध कराया जा सके. उपायुक्त प्रेरणा दीक्षित के आदेशानुसार आज मंगलवार को जिला ग्रामीण विकास अभिकरण सभागार में उप विकास आयुक्त दिलेश्वर महत्तो की अध्यक्षता में आदि कर्मयोगी अभियान के तहत जिला स्तरीय ओरिएंटेशन बैठक का आयोजन किया गया.

बैठक में जिला कल्याण पदाधिकारी, कार्यपालक अभियंता पीएचईडी, कार्यपालक अभियंता विद्युत, कार्यपालक अभियंता आरईओ, सहायक वन संरक्षक, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी, जिला आपूर्ति पदाधिकारी, जिला सामाजिक कल्याण पदाधिकारी तथा जिला शिक्षा पदाधिकारी सहित विभिन्न विभागों के पदाधिकारी उपस्थित रहे.

### डीसी ने जनता दरबार में सुनी लोगों की फरियाद, अधिकारियों को दिये

# त्वरित समाधान के निर्देश



शुभम संदेश्। गुमला

साप्ताहिक जन शिकायत निवारण दिवस के अवसर पर उपायुक्त प्रेरणा दीक्षित ने मंगलवार को आम नागरिकों ने समस्या सुनी और त्वरित समाधान के लिए संबंधित विभाग के अधिकारियों को कार्रवाई के निर्देश दिए गए. तिर्रा गांव निवासी ललिता देवी ने घर के ऊपर से गुजरे 11 हजार वोल्ट का तार तथा एलटी लाइन तार को सुरक्षा के दृष्टिकोण से अन्यत्र हटाने की मांग की. करंज टोली वार्ड नंबर तीन के लोगों ने शिवालिक कंस्ट्रक्शन कंपनी द्वारा क्रशर प्लांट स्थापित किया जाने का विरोध किया है. इस पर उपायुक्त ने जांच के आदेश दिए हैं. रायडीह प्रखंड अंतर्गत केमटे पंचायत में स्थित उत्क्रमित उच्च विद्यालय, केमटे में वर्तमान में मात्र तीन महिला शिक्षक पदस्थापित हैं. जिससे कि बच्चों की अच्छों की पढ़ाई बाधित होती है तथा कक्षा संचालन में भी काफी कठिनाई आती है. शिक्षक की कमी के कारण कई अभिभावक अपने बच्चे को अन्यत्र किसी विद्यालय में नामांकित करवा रहे है. पालकोट गांव निवासी मालावती देवी ने इलाज के लिए मदद करने की मांग की. उपायुक्त ने आवेदन को सिविल सर्जन, गुमला को आवश्यक कार्रवाई एवं सहयोग के निर्देशित किया है. जन शिकायत निवारण दिवस में आंगनबाड़ी सेविका, जमीन विवाद, आवास योजना, सामाजिक पेंशन, सड़क निर्माण, रोजगार सहायता, घरेलू विवाद समाधान आदि विषयों से जुड़े कई आवेदन प्राप्त हुए. उपायुक्त ने सभी आवेदनों को गंभीरता से पढ़ा और संबंधित विभागों को निर्देश दिया कि समयबद्ध, पारदर्शी एवं मानवीय दृष्टिकोण से सभी समस्याओं का समाधान करने का निर्देश दिया है.

बाकस- डीडीसी ने की मनरेगा योजनाओं की प्रगति की समीक्षा

गुमला। उप विकास आयुक्त दिलेश्वर महतो की अध्यक्षता में आवास योजना में खराब प्रदर्शन वाले 50 पंचायत के प्रखंड विकास पदाधिकारी और प्रखंड समन्वयक के साथ बैठक की. बैठक में प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना, पीएम जनमन एवं मनरेगा योजनाओं की प्रगति की गहन समीक्षा की गई. बैठक में 30 सितंबर तक सभी लंबित आवासों को पूर्ण करने का निर्देश दिया. अबुआ आवास योजना की समीक्षा के क्रम में पाया गया कि प्रथम किश्त प्राप्त होने के बावजूद कई लाभुकों द्वारा 60 से 150 दिनों के भीतर भी प्लिंथ स्तर तक कार्य प्रारंभ नहीं किया गया है.

इस पर उप विकास आयुक्त ने सभी पंचायत सचिवों को एक सप्ताह के भीतर लंबित सभी आवासों में कार्य आरंभ कराते हुए जियो-टैगिंग पूर्ण करने का सख्त निर्देश दिया. जिन आवासों में कार्य प्रारंभ नहीं हुआ है, उनमें तत्काल नींव खुदाई एवं निर्माण सामग्री उपलब्ध कराने तथा जिन आवासों में कार्य प्रारंभ हो चुका है, उनमें एक सप्ताह के अंदर प्लिंथ लेवल तक कार्य पूर्ण कराते हुए जियो-टैग कराने का आदेश दिया गया.

बैठक के दौरान उप विकास आयुक्त ने स्पष्ट किया कि ग्रामीण आवास निर्माण योजना एवं पीएम जनमन आवास योजना में किसी भी प्रकार की लापरवाही या कोताही कदापि स्वीकार्य नहीं होगी. खराब प्रदर्शन करने वाले पंचायत सचिव यदि बिना यथोचित कारण के समय पर कार्य प्रगति नहीं कराते हैं, तो उनके विरुद्ध नियमानुसार विभागीय कार्रवाई की जाएगी. साथ ही निर्देश दिया गया कि सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी अपने अधीनस्थों के कार्य की प्रतिदिन समीक्षा करेंगे तथा प्रखंड समन्वयक प्रतिदिन की प्रगति रिपोर्ट जिला को उपलब्ध कराएंगे.

## जमीन विवाद मामले में मौसेरे भाई की हत्या का आरोपी गिरफ्तार

**गुमला।** जमीन विवाद मामले में सुरसांग थाना क्षेत्र के चटकपुर निवासी जयनाथ बड़ाईक और उसके पुत्र उमा चरण बड़ाईक ने अपने ही मौसेरे भाई लक्ष्मण बड़ाइक की शुक्रवार की शाम हत्या कर दी थी. लापता लक्ष्मण का शव रविवार की शाम डुरुंडा गांव के एक डोभा से बरामद किया गया था. ज्ञात हो कि मृतक लक्ष्मण चना मटर बेचने का काम करता था. स्वतंत्रता दिवस के दिन डुरूंडा गांव के खेल मैदान में फुटबाल प्रतियोगिता हो रहा था. जहां लक्ष्मण चना मटर लेकर बेचने गया था. वहां से वह वापस घर नहीं लौटा. इधर परिजनों ने काफी खोजबीन की और 16 अगस्त को सुरसांग थाना में उसकी गुमशुदगी का शिकायत दर्ज करायी थी. रविवार की शाम मैदान के समीप एक डोभा से उसका शव बरामद किया गया था. मुखिया लंकेश बड़ाइक ने घटना की सूचना पुलिस को दी. पुलिस ने शव को डोभा से निकाला. मृतक के शरीर में जगह-जगह चोट का निशान के कारण परिजनों ने हत्या की आशंका व्यक्त करते हुए थाना में शिकायत दर्ज करायी. जांच में जुटी पुलिस ने हत्या के आरपेप में जयनाथ बड़ाईक और उमा चरण बड़ाईक को गिरफ्तार किया. दोनों ने अपना अपराध स्वीकार किया. पुलिस ने दोनों को जेल भेज दिया.

- पुलिस ने शव को डोभा से निकाला. हत्या की आशंका परिजनों ने हत्या की आशंका व्यक्त करते हुए थाना में शिकायत दर्ज करायी


**एक नजर**

## सरकारी योजनाओं से वंचित गरीब परिवार



**घाघरा (गुमला)।** नौडीहा महुआ टोली गांव का एक गरीब परिवार सुनील लोहरा आज भी अपने लिए छत की तलाश में भटक रहा है. मजबूरी ऐसी कि इनके पास रहने के लिए खुद का मकान नहीं है कई वर्षों से अपने पांच छोटे-छोटे बच्चों के साथ अपने बड़े भाई की मुर्गी फार्म में रह कर जीवन गुजार रहा है. परिवार के सदस्य जमीन पर सोने को विवश हैं. ग्रामीणों का कहना है कि सरकार की प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत कई समृद्ध परिवारों को भी पक्का घर मिला है, लेकिन वास्तव में जरूरतमंद को अब तक आवास योजना का लाभ नहीं मिला. जो सरकारी योजनाओं की हकीकत को बयां कर रहा है. बच्चों का न तो जन्म प्रमाण पत्र है और न ही आधार कार्ड. जिस कारण वे न तो स्कूलों में दाखिला ले पा रहे हैं और न ही किसी प्रकार की उन्हें सुविधा मिल रही है. राशन एवं चिकित्सा जैसी बुनियादी सुविधाओं से भी वंचित है. इस गरीब परिवार के पास राशन कार्ड तक नहीं है. यही कारण है कि सार्वजनिक वितरण प्रणाली से मिलने वाला सस्ता अनाज भी उन्हें उपलब्ध नहीं है. इतना ही नहीं, केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी योजना – प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना का लाभ भी परिवार को नहीं मिला. नतीजा यह है कि परिवार को आज भी लकड़ी जलाकर ही चूल्हा जलाना पड़ता है.

## चुनाव आयोग पूर्वाग्रह से ग्रसित है: सुखदेव भगत



लोहरदगा। चुनाव आयोग द्वारा किए गए प्रेस कांफ्रेंस के संदर्भ में कांग्रेस के सांसद सुखदेव भगत ने कहा कि जो बातें भाजपा ने कही है वही बातें यहां चुनाव आयोग का रहा है. चुनाव आयोग भाजपा का भाजपा के लिए और भाजपा द्वारा संचालित आयोग है. मैं ऐसा इसलिए कह रहा हूं क्योंकि जिस बात के लिए विपक्ष के नेता राहुल गांधी से हलफनामा मांगा जा रहा है, वही बात अनुराग ठाकुर ने कही है, लेकिन उनसे हलफनामा नहीं मांगा जा रहा है. इससे साफ है कि चुनाव आयोग पूर्वाग्रह से ग्रसित होकर काम कर रहा है. मैं धनकड़ साहब का नाम लेना चाहूंगा. वे हमारे उपाध्यक्ष थे. आज वह कहां है इस बारे में सरकार चुप है. मैं सीपी राधाकृष्णन को शुभकामना देता हूं. वे भारतीय जनता पार्टी का उपाध्यक्ष नहीं होंगे, अगर वह चुने जाते हैं तो उन्हें उपाध्यक्ष की भूमिका निभानी चाहिए. उन्हें धनखड़ का अनुसरण नहीं करना चाहिए, जिन्होंने भारतीय जनता पार्टी के एजेंट के रूप में काम किया और बाद में भाजपा की राजनीति का शिकार बने. ऐसी स्थिति उत्पन्न नहीं होनी चाहिए.

## चैंबर प्रतिनिधिमंडल ने श्रम अधीक्षक का किया स्वागत

**गुमला।** गुमला चैंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष राजेश सिंह की अध्यक्षता में एक प्रतिनिधिमंडल मंगलवार को नव पदस्थापित जिला श्रम अधीक्षक धीरेंद्र नाथ महतो का उनके कार्यालय में मुलाकात की और पुष्प गुच्छ प्रदान कर स्वागत किया. सचिव बबलू वर्मा ने गुमला में श्रम समस्या की जानकारी दी. श्रम विभाग और गुमला के व्यापारियों के बीच समन्वय बनाकर काम करने पर बल दिया गया. दैनिक मजदूर जो बाहर से काम करने आते हैं उनके लिए एक स्थाई शेड युक्त पड़ाव का व्यवस्था कर दिया जाए. पदाधिकारी की तरफ से सकारात्मक आश्वासन दिया गया और आने वाले दिनों में व्यापारियों के साथ एक संयुक्त बैठक कर अन्य बिंदुओं पर चर्चा की जाएगी, मौके पर चेंबर अध्यक्ष राजेश सिंह के साथ सचिव बबलू वर्मा सह सचिव प्रणय साहू पी आर ओ प्रतीक अग्रवाल कार्यकारिणी सदस्य विकास सिंह आदि उपस्थित थे.

## गुमला : वाहन जांच में 2.05 लाख ठोंका जुर्माना

**गुमला।** जिला परिवहन पदाधिकारी ज्ञान शंकर जायसवाल के नेतृत्व में मंगलवार को गुमला बाइपास उर्मी चौराहा के समीप वाहन जांच अभियान चलाया गया. वाहन चालक के पास वाहन के वैध दस्तावेज नहीं होने के कारण दो लाख पांच हजार रुपये का जुर्माना किया गया. वाहन जांच ट्रक, हाइवा, कंटेनर, पिकअप, ट्रैलर आदि वाहनों से दस्तावेज आदि की जांच की गई. दो पहिया वाहन चालकों से इंश्युरेंस, ड्राइविंग लाइसेंस, ओवरलोड, परमिट, पोलूशन, टैक्स आदि की जांच की गई. दस्तावेज नहीं होने तथा त्रुटि पाए जाने पर जुर्माना किया गया.

## शहीद प्रकाश गोप की पुण्यतिथि मनाई गई

**इटकी।** आईटीबीपी के जवान शहीद प्रकाश गोप की दूसरी पुण्यतिथि मंगलवार को मनाई गई. इटकी साहेब मोड़ स्थित शहीद प्रकाश गोप के प्रतिमा पर आईटीबीपी के जवानों और शहीद के परिजनों ने पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धाजंलि दी. ज्ञात हो कि इटकी कुंदी बगधरा पतरा निवासी आईटीबीपी के शहीद जवान प्रकाश गोप का सिक्किम में भारत चीन बॉडर पर ड्यूटी के दौरान पर्वत चढ़ने के क्रम में ऑक्सीजन की कमी के कारण वर्ष 2023 में मौत हो गई थी. श्रद्धांजलि कार्यक्रम में आईटीबीपी के तेजभान सिंह, विजेंद्र कुमार, शहीद की पत्नी बेबी देवी, रिशु राज, शशि, पवन, बबलू सहित आईटीबीपी के जवान व परिवार के लोग मौजूद थे.

# हर गांव में फाइनेंसियल लिटरेसी कैंप लगाएं: डीसी



शुभम संदेश। लोहरदगा

उपायुक्त डॉ. ताराचंद की अध्यक्षता में समाहरणालय सभाकक्ष में प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम की समीक्षा बैठक आयोजित हुई. बैठक में जिले के सभी बैंकों के जिला समन्वयकों को प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना और पीएम विश्वकर्मा योजना के अंतर्गत लंबित आवेदनों का शीघ्र निष्पादन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए. उपायुक्त ने कहा कि बैंकों को गांवों में पहुंचकर हर माह फाइनेंसियल लिटरेसी कैंप का आयोजन करना चाहिए, ताकि आम ग्रामीण इन योजनाओं की जानकारी से लाभान्वित हो सकें. साथ ही निर्देश दिया गया कि इन शिविरों में ही लोगों से आवेदन भरवाकर प्रक्रिया को सरल और तेज बनाया जाए. बैठक में बैंकवार आवेदनों की समीक्षा करते हुए उपायुक्त ने कहा कि बैंकों को अपने गठन के उद्देश्य का पालन करते हुए अधिक से अधिक ग्रामीणों को योजनाओं से जोड़ना चाहिए.

## तीन दिन बाद खदान से निकला युवक का शव

**नामकुम।** करकट्टा गांव स्थित मधुकॉन कंपनी के बंद पड़े पत्थर खदान में डूबे युवक का शव घटना के तीसरे दिन बरामद किया गया. रविवार दोपहर समीर कुमार (17) अपने दो दोस्तों के साथ खदान में नहाने गया था. सूचना मिलते ही नामकुम थाना प्रभारी इंस्पेक्टर मनोज कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम घटनास्थल पर पहुंची और खोजबीन शुरू की. प्रारंभिक प्रयास में शव बरामद नहीं हो सका. इसके बाद एनडीआरएफ की टीम को बुलाया गया. सोमवार को एनडीआरएफ ने खदान में लगातार तलाशी अभियान चलाया, लेकिन सफलता हाथ नहीं लगी. मंगलवार को दोबारा अभियान चलाया गया. दोपहर लगभग 2 बजे, टीम ने काफी मशक्कत के बाद समीर का शव गहरे खदान से बाहर निकाला. घटना से परिजनों में कोहराम मचा हुआ है. शव को पोस्टमॉर्टम के लिए रिम्स भेजा गया है.

# प्राइवेट वाहन चालकों का हड़ताल समाप्त



शुभम संदेश। पिपरवार

सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के विभिन्न परियोजनाओं में प्राइवेट वाहन चलाने वाले वाहन चालकों के द्वारा पिछले चार दिनों से चल रहे अनिश्चितकालीन हड़ताल एवं धरना मंगलवार को त्रिपक्षीय वार्ता के बाद समाप्त हो गई है. जानकारी के अनुसार पिपरवार महाप्रबंधक कार्यालय में मंगलवार को सीसीएल प्रबंधन, वाहन मालिक और जनता मजदूर संघ के बैनर तरह प्राइवेट वाहन चालकों की त्रिपक्षीय वार्ता हुई. इस वार्ता में वाहन चालकों के द्वारा प्रबंधन को सौंपे गए 10 सूत्री मांग पत्र पर चर्चा की गई. काफी विचार विमर्श के बाद प्राइवेट वाहन चालकों के वेतन मे तीन हजार रूपये की बढ़ोतरी पर सहमति बनी.वार्ता में बताया गया कि पुराने टेंडर पर चलने वाले वाहन चालकों को तीन हजार रूपये प्रतिमाह की दर से वेतन बढ़ाया जाएगा. इसके साथ ही वर्ष में एक बार एक हजार रूपये वेतन में बढ़ोतरी की जाएगी. इसके साथ ही प्राइवेट वाहन चालकों का भीटीसी कराने पर भी सहमति बनी, जबकि ड्रेस कोड लागू करने का निर्णय लिया गया.नये टेंडर में नियमानुसार नियमों का पालन करने पर सहमति बनी. वहीं जितने दिनों का काम चालकों के द्वारा किया जाएगा,उतने दिनों का वेतन का भुगतान करने पर भी सहमति बनी. त्रिपक्षीय वार्ता में सहमति बनने के बाद पिछले चार दिनों से वाहन चालकों के द्वारा चल रहे अनिश्चितकालीन धरना एवं हड़ताल को समाप्त कर दिया गया है. वार्ता में मुख्य रूप से स्टाफ ऑफिसर विद्युत एवं यांत्रिक सह सीएचपी परियोजना पदाधिकारी पीके सिंह, कार्मिक एवं प्रशासनिक अधिकारी नागेश कुमार गोपाल, कार्मिक प्रबंधक अरुण कुमार महतो, रवि कुजूर के अलावा जनता मजदूर संघ की ओर से प्रताप यादव, डीपी सिंह, गोल्टेन यादव, निर्मल सिंह, आदेश गंझु. निजि वाहन मालिको की ओर से अरुण सिंह, मोहम्मद निजामुद्दीन, संतोष गिरी, राहुल गुप्ता, अनिल यादव, शैलेश सिंह, रविंद्र सिंह, रोशन गोस्वामी, संजय ठाकुर प्रभाकर वर्मा प्रवीण सिंह सहित काफी संख्या में स्थानीय प्राइवेट वाहन चालक मौजूद थे.

**पिपरवार**

### अंबेडकर मैदान राय की बदहाली से खिलाड़ियों को हो रही है काफी परेशानी

# बदइंतजामी... बुनियादी सुविधाओं का अभाव



शुभम संदेश। पिपरवार (खलारी)

कोयलांचल क्षेत्र के राय पंचायत स्थित अंबेडकर मैदान राय की स्थिति दिन-ब-दिन बदहाल होती जा रही है. बुनियादी सुविधाओं के अभाव में यहां प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे खिलाड़ियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है.

इस मैदान में प्रतिदिन सुबह-शाम करीब 150 महिला खिलाड़ी गणेश स्पोर्टिंग क्लब के माध्यम से निःशुल्क प्रशिक्षण प्राप्त करने आती हैं, लेकिन मैदान की बदइंतजामी उनके प्रशिक्षण में बाधा बन रही है. अंबेडकर मैदान में अर्धनिर्मित स्टेज पर शेड की व्यवस्था नहीं है, जिससे खिलाड़ियों को बारिश या धूप में छांव नहीं मिल पाता. बारिश के दौरान खिलाड़ी मैदान छोड़कर आसपास के घरों की ओर भागकर छिपने को मजबूर हो जाते हैं. मैदान की चाहरदीवारी नहीं होने के कारण आवारा पशु मैदान में घुस आते हैं, जिससे गंदगी और असुविधा बढ़ जाती है. शौचालय में पानी की कनेक्टिविटी नहीं है और शुद्ध पेयजल की भी कोई व्यवस्था नहीं है, जिससे खासकर महिला खिलाड़ियों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है. वहीं, खेल मैदान की साफ-सफाई पर भी ध्यान नहीं दिया जा रहा, जिससे मैदान में गंदगी का अंबार लगा है.

गणेश स्पोर्टिंग क्लब राय के सचिव गणेश कुमार महतो ने बताया कि क्लब द्वारा पिछले 10 वर्षों से खलारी-पिपरवार क्षेत्र के खिलाड़ियों को निःशुल्क प्रशिक्षण दिया जा रहा है. यहां से प्रशिक्षण प्राप्त कर कई खिलाड़ियों ने झारखंड राज्य व राष्ट्रीय स्तर पर पदक जीतकर जिले और राज्य का नाम रोशन किया है. साथ ही कई खिलाड़ियों का चयन अग्निवीर व सेना में भी हुआ है.

उन्होंने बताया कि खेल मैदान में जो भी थोड़ा-बहुत निर्माण कार्य हुआ है, वह ग्रामीणों के आपसी सहयोग व चंदा से हुआ है. आज तक इस मैदान की बदहाल स्थिति को सुधारने के लिए न तो राज्य सरकार, न ही सीसीएल प्रबंधन और न ही जनप्रतिनिधियों ने कोई ठोस कदम उठाया है. स्थानीय ग्रामीणों और खिलाड़ियों ने राज्य सरकार, सीसीएल प्रबंधन और जनप्रतिनिधियों से मांग की है कि अंबेडकर मैदान राय में जल्द से जल्द बुनियादी सुविधाएं बहाल की जाएं ताकि खिलाड़ी बेहतर माहौल में प्रशिक्षण प्राप्त कर सकें और भविष्य में और भी ऊंचाइयों को छू सकें.

## बिजली विभाग ने चलाया छापामारी अभियान

**इटकी।** बिजली विभाग द्वारा मंगलवार को स्टेशन रोड और गुलज़ार रोड में अवैध रूप से बिजली का उपयोग करने वालों के विरूद्ध छापामारी अभियान चलाया गया. जिसमें तीन लोगों के ऊपर विभाग द्वारा (90000) नब्बे हज़ार का फाइन लगाया गया. स्टेशन रोड जामुन पतरा निवासी तनवीर अलम,पिता मो इज़राइल के ऊपर (36000) छत्तीस हजार, परवेज़ अंसारी पिता तबरेज अंसारी के ऊपर (18000) अठारह जबकि गुलज़ार रोड निवासी जहीरूद्दीन पिता स्व यासीन के ऊपर (36000) छत्तीस हजार रुपया का फाइन लगाया गया है एवं इन तीनों लोगों के विरूद्ध बिजली विभाग द्वारा इटकी थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई गई है. छापामारी दल में एसडीओ हिमांशू कुमार, इटकी जेई, सुखनाथ गोप, खुर्शीद आलम, शमशुद्दीन अंसारी, विवेक कुमार, गुलाब सहित अन्य शामिल थे.


**पेज 3 का शेष...**


## नगड़ी की जमीन...

भूमि अधिग्रहण अधिनियम 1894 का धारा-48(1) के तहत अधिगृहित घोषित जमीन का उपयोग नहीं होने की स्थिति में अधिग्रहण से मुक्त करते हुए भू-स्वामियों को वापस करने का प्रावधान है. इसी संदर्भ में तत्कालीन बिहार सरकार के विशेष सचिव श्री अरूप कुमार बसु के पत्र संख्या-123 डी.एल.ए. नीति 1/78 तिथि 12.01.1979 में द्वारा भूमि अधिग्रहण अधिनियम 1894 के अन्तर्गत अर्जित भूमि की अधिसूचित प्रयोजन के लिए आवश्यकता न होने पर वापसी हेतु नीति निर्धारित की गई थी. इससे स्पष्ट रूप से उल्लेखित है कि अधिगृहित जमीन का गैर-उद्देश्यीय उपयोग गैर-कानूनी और भू-स्वामियों के साथ धोखा है इसलिए इसे जांच-पड़ताल कर उक्त जमन को भू-स्वामियों को वापस किया जाना चाहिए था. झारखंड सरकार ने नगड़ी मौजा का 227.71 एकड़ जमीन में से 13.10 एकड़ जमीन पर रिंग रोड एवं 63.76 एकड़ जमीन पर नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी का निर्माण किया. इसके बाद बचे 150.53 एकड़ जमीन पर ''रिम्स-2'' बनाना चाहती है, जो भूमि अधिग्रहण के मूल उद्देश्य के खिलाफ, गैर-कानूनी एवं भू-स्वामियों के साथ धोखा है.

नगड़ी मौजा की जमीन को लेकर ''डब्ल्यूपी (रिट पीटिशन) सं. 2347 ऑफ 2012'' में झारखंड हाईकोर्ट एवं सुप्रीम कोर्ट ने दोषपूर्ण फैसला दिया है. उक्त फैसले में कहा गया है कि 60 वर्षों तक भू-स्वामियों ने भूमि अधिग्रहण अधिनियम 1894 की धारा-17(1) एवं 17(4) को कोर्ट में चुनौती नहीं दिया. इसलिए इस पर अब सुनवाई नहीं किया जा सकता है. हकीकत यह है कि जब भू-स्वामी जमीन का जमाबंदी दे रहे थे और उन्हें यह पता ही नहीं था कि उनकी जमीन को अधिगृहित घोषित करते हुए गुप्तरूप से मुआवजा की राशि को सरकार के रांची कोषागार में रखा गया है. इसके अलावा इस केस की सुनवाई करने वाले झारखंड हाई कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश स्वयं ''नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी'' के ''वीसी'' भी थे, जो सीधे तौर पर '''न्याय व्यवस्था'' में गड़बड़ी एवं पद के दुरूपयोग को दर्शाता है यानी न्यायपालिका ने नगड़ी के भू-स्वामियों की जमीन को ''नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी'' के लिए जोरजबरदस्ती से छीना है.

भूमि अधिग्रहण से संबंधित कानूनी प्रावधान, सरकारी दस्तावेज एवं भू-अभिलेखों से स्पष्ट होता है कि झारखंड सरकार ने नगड़ी मौजा की जमीन को अवैधरूप से कब्जा किया है. नगड़ी मौजा के भू-स्वामियों की 227.71 एकड़ जमीन को अधिगृहित एवं अर्जित घोषित करते व इसपर काबिज होते समय भूमि अधिग्रहण अधिनियम 1894 की धारा-17(1) एवं 17(4) का दुरूपयोग, सीएनटी एक्ट 1908 की धारा-50 का बाईपास, सीएनटी एक्ट 1908 की धारा-46, संविधान की ''पांचवीं अनुसूची पैरा-5(2)(ए) और भूमि अधिग्रहण, पुनर्वास एवं पुनस्थापना अधिनियम 2013 की धारा-24(2) का घोर उल्लंघन किया गया है. इसलिए नगड़ी मौजा का 227.71 एकड़ कृषि भूमि को ''अधिग्रहण'' से मुक्त कर भू-स्वामियों को न्याय दिया जाना चाहिए.

(- लेखक झारखंड के एक्टिविस्ट हैं और ये उनके निजी विचार हैं)

मंथन

# क्या ट्रंप यूक्रेन की सुरक्षा का वादा निभा पाएंगे?

पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के राजनीतिक दृष्टिकोण और विदेश नीति के रुख को देखते हुए यह प्रश्न अत्यंत प्रासंगिक है कि यदि वे पुनः राष्ट्रपति बनते हैं, तो क्या वे यूक्रेन की सुरक्षा का वादा निभाएंगे. ट्रंप का 'अमेरिका फर्स्ट' एजेंडा पारंपरिक गठबंधनों और अंतरराष्ट्रीय सहायता को सीमित करने की दिशा में झुकाव रखता है.रूस-यूक्रेन युद्ध के संदर्भ में ट्रंप ने कई बार यह बयान दिया है कि यदि वे राष्ट्रपति होते, तो यह युद्ध कभी शुरू ही नहीं होता. वे खुद को ऐसा नेता बताते हैं जो रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन पर दबाव बना सकते हैं और युद्ध को शीघ्र समाप्त करवा सकते हैं. हालांकि, ट्रंप के पहले कार्यकाल में नाटो देशों के प्रति उनकी कठोर टिप्पणियां और अमेरिका की भूमिका सीमित करने की प्रवृत्ति यह संकेत देती है कि यूक्रेन को दी जाने वाली सैन्य और आर्थिक सहायता में कटौती हो सकती है. अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने यूक्रेन को यूरोप की जिम्मेदारी₹ भी बताया है, जिससे यह संकेत मिलता है कि वे अमेरिका के संसाधनों का उपयोग सीमित करना चाहते हैं. उनके आलोचकों का मानना है कि यह नीति रूस को अप्रत्यक्ष समर्थन दे सकती है, जबकि उनके समर्थक इसे अमेरिका के हितों की रक्षा के रूप में देखते हैं.अंततः, यदि ट्रंप सत्ता में लौटते हैं तो यह तय करना कठिन होगा कि वे यूक्रेन की सुरक्षा को लेकर क्या ठोस कदम उठाएंगे. हालांकि वे कहते हैं कि वे युद्ध को खत्म कर देंगे, परंतु उनकी रणनीति क्या होगी, यह स्पष्ट नहीं है. इसलिए, यूक्रेन की सुरक्षा को लेकर ट्रंप की नीतियों पर अभी भी संशय बना हुआ है.

नजरिया


# जिले में आजीविका संवर्धन से जुड़ी योजनाओं का क्या होगा?

झारखंड एक खनिज-समृद्ध लेकिन आर्थिक रूप से संघर्षरत राज्य रहा है, जहां बड़ी आबादी ग्रामीण क्षेत्रों में निवास करती है और कृषि, वनों तथा दिहाड़ी मजदूरी पर निर्भर है. ऐसे में आजीविका संवर्धन की योजनाएं झारखंड के सामाजिक-आर्थिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं. लेकिन हाल की राजनीतिक और प्रशासनिक स्थितियों को देखते हुए यह सवाल उठता है कि इन योजनाओं का भविष्य क्या होगा? राज्य में चल रही प्रमुख योजनाओं में 'फार्मर्स प्रोड्यूसर ऑर्गेनाइजेशन', 'जोहार योजना', 'लाख उत्पादन प्रोत्साहन', 'मुख्यमंत्री आजीविका प्रोत्साहन योजना' आदि शामिल हैं. इन योजनाओं के माध्यम से ग्रामीणों, खासकर महिलाओं और आदिवासियों को स्वरोजगार, कृषि आधारित उद्योगों, और स्वयं सहायता समूहों से जोड़ा गया है. इनसे न केवल आय में वृद्धि हुई है, बल्कि सामाजिक सशक्तिकरण भी संभव हुआ है.हालांकि, अगर राजनीतिक अस्थिरता, नीति में बदलाव या बजट कटौती जैसी स्थितियाँ उत्पन्न होती हैं, तो इन योजनाओं पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है. कई बार नई सरकारें पुरानी योजनाओं को बंद कर देती हैं या उनका स्वरूप बदल देती हैं, जिससे लाभार्थियों की निरंतरता और विश्वास प्रभावित होता है.यह आवश्यक है कि जो भी सरकार सत्ता में हो, वह आजीविका संवर्धन से जुड़ी योजनाओं को राजनीतिक दृष्टिकोण से न देखकर विकास के एक अहम साधन के रूप में देखे. योजना की निरंतरता, पारदर्शिता और समुदाय आधारित दृष्टिकोण से ही झारखंड में गरीबी, पलायन और बेरोजगारी जैसी समस्याओं को स्थायी रूप से हल किया जा सकता है.

# राष्ट्र निर्माण में राजीव गांधी की अद्वितीय भूमिका

अरविंद जयतिलक

पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की जयंती पर विशेष.



आज देश के पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी का जन्मदिन है. राजीव गांधी में राष्ट्र को सामर्थ्यवान बनाने की सर्जनात्मक जिद् थी. उन्होंने सत्ता की लगाम थामते ही आतंकवाद के फन को कुचलना शुरू किया. कश्मीर, पंजाब और पूर्वोत्तर में आतंकवाद से निपटने के लिए उन्होंने जोरदार रणनीति बनायी और आतंकवादियों को दुम दबाना पड़ा. महात्मा गांधी के अहिंसा के विचार से प्रभावित राजीव गांधी ने आतंकवाद प्रभावित राज्यों के गुमराह नौजवानों को राष्ट्र की मुख्यधारा में शामिल होने का आह्वान किया और भरोसा दिया कि उनके हित के लिए सरकार ठोस पहल करेगी. देखा गया कि उनकी सरकार ने रोजगार सृजित किए और आतंकवाद प्रभावित राज्यों को विशेष आर्थिक पैकेज दिया. उनका स्पष्ट मानना था कि आतंकवादी और अलगाववादी गतिविधियों के पीछे ढेर सारे कारण हैं, जिसमें से एक कारण आर्थिक विपन्नता भी है और इसे दूर किए बिना आतंकवाद और अलगाववाद पर अंकुश नहीं लगाया जा सकता.

**आधुनिक शिक्षा और वैज्ञानिक तकनीकी ज्ञान पर जोर :** राजीव गांधी ने भारत को महानतम देशों की कतार में शुमार करने के लिए आधुनिक शिक्षा और वैज्ञानिक तकनीकी के ज्ञान पर बल दिया. युवा राजनीति में भी आगे बढ़े इसके लिए उन्होंने अपने मंत्रिमंडल में अधिक से अधिक युवाओं की भागीदारी बढ़ायी. विकास को लेकर उनका स्पष्ट मानना था कि देश का विकास तभी संभव है, जब गांवों का विकास होगा. देश की असल ताकत गांव है और राष्ट्र की समृद्धि के लिए गांवों का समृद्ध होना जरूरी है. उनकी सरकार ने गांवों के विकास के लिए कई नीतियां बनायीं. उनकी सरकार के एजेंडे में शिक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता में था. वे तकनीकी शिक्षा के जरिए गांव के नौजवानों को आगे बढ़ते हुए देखना चाहते थे. इसके लिए उनकी सरकार ने नई शिक्षा नीति लागू की और देश भर में हजारों की संख्या में जवाहर नवोदय विद्यालय खोले गए. उनकी सरकार ने केंद्रीय विद्यालयों की संख्या भी कई गुना बढ़ायी गयी. देश के विभिन्न हिस्सों में तकनीकी विद्यालय खोले. इसका असर यह हुआ कि शहरों के साथ-साथ गांव के युवाओं में भी तकनीकी शिक्षा के प्रति रुझान बढ़ा.

**कृषि के विकास के लिए उनकी सरकार ने कई महत्वपूर्ण निर्णय लिये :** उनकी सरकार ने देश से गरीबी और भुखमरी मिटाने के लिए सकारात्मक पहल की. बेरोजगारी दूर करने के लिए कई योजनाएं बनायीं. विभिन्न क्षेत्रों में रोजगार के अवसर बढ़ाए, जिसका फायदा युवाओं को मिला. राजीव गांधी का स्पष्ट मानना था कि भारत एक कृषि प्रधान देश है और उद्योग एवं कृषि का समान रूप से विकास होना चाहिए. कृषि के विकास के लिए उनकी सरकार ने कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए. मसलन किसानों को कम ब्याज दर पर कृषि ॠण एवं कृषि उपकरण उपलब्ध कराए. किसानों को उनकी फसल की उचित कीमत मिले इसके लिए उनकी सरकार ने समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की. कम उपजाऊ एवं ऊसर भूमि को उर्वर बनाने के लिए आधुनिक तकनीकी को बढ़ावा दिया. किसानों को समय पर उन्नत बीज एवं उर्वरक मिले, इसके लिए ठोस पहल की. गांवों में स्थापित सहकारी समितियों को सुचारु ढंग से चलाने के लिए धन उपलब्ध कराया. उन्होंने पश्चिमी और पूर्वी उत्तर प्रदेश के अलावा गन्ना उत्पादन वाले विशेष क्षेत्रों में पर्याप्त संख्या में चीनी मिलें खुलवायीं. नगदी फसलों के उत्पादन को प्रोत्साहित किया, जिससे धीरे-धीरे गांवों की शक्ल बदलने लगी. जवाहर रोजगार योजना के तहत गांवों का विकास हुआ और हजारों लोगों को रोजगार मिला. वे अच्छी तरह जानते थे कि किसानों और कृषि को मजबूत किए बिना देश को तरक्की की राह पर आगे नहीं बढ़ाया जा सकता. उन्होंने सिंचाई के उचित प्रबंध के लिए कई प्रमुख परियोजनाओं का शुभारंभ किया. उनकी सरकार ने इंदिरा आवास योजना के माध्यम से गरीबों के लिए छत मुहैया करायी. गांवों को शहरों से जोड़ने की दिशा में पहल करते हुए सड़कों का निर्माण कराया. उनका मकसद यह था कि किसान अपनी पैदावार को बेचने के लिए शहरों तक आसानी से जाएं और उन्हें उनकी उपज का वाजिब मूल्य मिले. गरीबों तक अनाज पहुंचाने के लिए उनकी सरकार ने सार्वजनिक वितरण प्रणाली को दुरुस्त किया.

**विकास की राह में रोड़ा बने बिचौलियों की भूमिका समाप्त की :** राजीव गांधी ने रोजगार सृजन और तरक्की की राह को और आसान बनाने के लिए अनेकों कल-कारखानों की स्थापना की. आज उसी की नींव पर बुलंद भारत की नयी तस्वीर रची जा रही है. उनकी वैज्ञानिक खोजों एवं तकनीकी विकास के क्षेत्र में गहरी अभिरुचि थी. वे चाहते थे कि उसका इस्तेमाल कृषि कार्यों में हो. औद्योगिक गतिविधियों को बढ़ावा देने और उद्योगपतियों को प्रोत्साहित करने के लिए उनकी सरकार ने विशेष आर्थिक छूट प्रदान की और लाइसेंस राज को खत्म किया. विकास की राह में रोड़ा बने बिचौलियों की भूमिका समाप्त की.

**परंपरागत विदेश नीति को एक नया आयाम दिया :** उन्हें कतई पसंद नहीं था कि पड़ोसी व विदेशी ताकतें देश की संप्रभुता को चुनौती दें. इसलिए उन्होंने परंपरागत विदेश नीति को एक नया आयाम दिया. पड़ोसी देशों से मधुर संबंध बनाए रखना उनकी शीर्ष प्राथमिकता में था और आसपास की चुनौतियों को लेकर भी सतर्क थे. उनकी सरकार की विदेश नीति की प्रमुख विशेषता-अंतरराष्ट्रीय मसलों को पारस्परिक बातचीत से हल करना और सौहार्दपूर्ण माहौल बनाए रखना था. इसके लिए उन्होंने दक्षिण एशिया में शांति की ठोस पहल की. आग में जल रहे पड़ोसी देश श्रीलंका में शांति स्थापना के लिए शांति सेना भेजी. लेकिन श्रीलंका में पसरे आतंकियों को यह रास नहीं आया और उन्होंने एक सुनियोजित साजिश रचकर 21 मई 1991 को मद्रास के निकट पेरा म्बुदूर में आत्मघाती हमला कर उनकी हत्या कर दी. संपूर्ण विश्व स्तब्ध रह गया. लेकिन उनकी शहादत रंग लायी और अंततः आतंकी शक्तियों को पराजित होना पड़ा. 40 वर्ष की उम्र में प्रधानमंत्री बनने वाले राजीव भारत के सबसे कम उम्र के प्रधानमंत्री बने. तथ्य यह भी कि देश में पीढ़ीगत बदलाव के योद्धा राजीव को अब तक का सबसे बड़ा जनादेश प्राप्त करने का गौरव भी हासिल है. राजीव स्वभाव से बेहद गंभीर और धैर्यवान थे. आधुनिक सोच व विचारों से लबरेज राजीव में निर्णय लेने की अदभुत क्षमता थी. वे भारत को दुनिया की उच्च तकनीकों से लैस देखना चाहते थे. उन्होंने सत्ता में रहते हुए ही 21वीं सदी के भारत के निर्माण का रोड मैप खींच दिया. राजीव का संघर्ष सदैव समतामूलक समाज के निर्माण, राष्ट्रीय एकता, अखंडता और समानता की दिशा में काम करने के रूप में याद किया जाएगा.

## आज का इतिहास

- **1828 :** राजा राम मोहन राय के ब्रह्म समाज के पहले सत्र का आयोजन कलकत्ता में संपन्न हुआ.
- **1897 :** रोनाल्ड रॉस ने कलकत्ता के प्रेसिडेंसी जनरल हॉस्पिटल में काम करने के दौरान मलेरिया के कारक एनोफिलीज मच्छर की पहचान की.
- **1921 :** केरल के मालाबार क्षेत्र में मोपला विद्रोह की शुरुआत हुई.
- **1949 :** यूरोपीय देश हंगरी में संविधान को अंगीकार किया गया.
- **1955 :** मोरक्को और अल्जीरिया में फ्रांस-विरोधी दंगों में सैकडों लोग मारे गए.
- **1972 :** तत्कालीन सोवियत रुस ने भूमिगत परमाणु परीक्षण किया.
- **1977 :** अमेरिका ने वोयाजर 2 अंतरिक्ष यान लॉन्च किया.
- **1979 :** भारत के तत्कालीन प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह ने अपने पद से इस्तीफा दिया.

## भोलाराम का जीव : कभी ऐसा नहीं हुआ था

कहानी

धर्मराज लाखों वर्षों से असंख्य आदमियों को कर्म और सिफ़ारिश के आधार पर स्वर्ग या नर्क में निवास-स्थान 'अलॉट' करते आ रहे थे. पर ऐसा कभी नहीं हुआ था. सामने बैठे चित्रगुप्त बार-बार चश्मा पोंछ, बार-बार थूक से पन्ने पलट, रजिस्टर पर रजिस्टर देख रहे थे. ग़लती पकड़ में ही नहीं आ रही थी. आख़िर उन्होंने खीझ कर रजिस्टर इतने ज़ोर से बंद किया कि मक्खी चपेट में आ गई. उसे निकालते हुए वे बोले, महाराज, रिकार्ड सब ठीक है. भोलाराम के जीव ने पाँच दिन पहले देह त्यागी और यमदूत के साथ इस लोक के लिए रवाना भी हुआ, पर यहां अभी तक नहीं पहुंचा. धर्मराज ने पूछा, और वह दूत कहाँ है? महाराज, वह भी लापता है. इसी समय द्वार खुले और एक यमदूत बदहवास वहां आया. उसका मौलिक कुरूप चेहरा परिश्रम, परेशानी और भय के कारण और भी विकृत हो गया था. उसे देखते ही चित्रगुप्त चिल्ला उठे, अरे, तू कहां रहा इतने दिन? भोलाराम का जीव कहां है? यमदूत हाथ जोड़ कर बोला, दयानिधान, मैं कैसे बतलाऊं कि क्या हो गया. आज तक मैंने धोखा नहीं खाया था, पर भोलाराम का जीव मुझे चकमा दे गया. पांच दिन पहले जब जीव ने भोलाराम का देह त्यागा, तब मैंने उसे पकड़ा और इस लोक की यात्रा आरंभ की. नगर के बाहर ज्यों ही मैं उसे लेकर एक तीव्र वायु-तरंग पर सवार हुआ त्यों ही वह मेरी चंगुल से छूट कर न जाने कहाँ ग़ायब हो गया. इन पांच दिनों में मैंने सारा ब्रह्माण्ड छान डाला, पर उसका कहीं पता नहीं चला." धर्मराज क्रोध से बोला, मूर्ख! जीवों को लाते-लाते बूढ़ा हो गया फिर भी एक मामूली बूढ़े आदमी के जीव ने तुझे चकमा दे दिया. धर्मराज ने व्यंग्य से चित्रगुप्त की ओर देखते हुए कहा, तुम्हारी भी रिटायर होने की उम्र आ गई. भला भोलाराम जैसे नगण्य, दीन आदमी से किसी को क्या लेना-देना? इसी समय कहीं से घूमते-घामते नारद मुनि यहाँ आ गए. धर्मराज को गुमसुम बैठे देख बोले, क्यों धर्मराज, कैसे चिंतित बैठे हैं? क्या नर्क में निवास-स्थान की समस्या अभी हल नहीं हुई?

## इंडिया पर ट्रेंडिंग



1. Gill 27K
2. #AsiaCup
3. Shreyas Iyer Jaiswal
4. #TitleChorNeta
5. #YehAkelaHiKaafiHai 24K
6. सुदर्शन रेड्डी
7. BCCI 25K
8. AdityaBirla SunLifeInsurance 17K
9. #YESwithKissht 11K
10. #TeamIndia Sanju CSDS

# बहुरंग




### टाइगर और हरनाज की जोड़ी ने बिखेरा जलवा

## 'बागी 4' का पहला गाना 'गुजारा' रिलीज

बॉलीवुड एक्टर टाइगर श्रॉफ इन दिनों अपनी अपकमिंग फिल्म 'बागी 4' को लेकर लगातार सुर्खियों में हैं. दर्शकों के बीच इस फिल्म को लेकर खासा उत्साह देखने को मिल रहा है, क्योंकि यह 'बागी' फ्रेंचाइज़ की अब तक की सबसे बहुप्रतीक्षित फिल्म मानी जा रही है. खास बात यह है कि इस बार टाइगर के साथ स्क्रीन पर मिस यूनिवर्स 2021 हरनाज संधू नज़र आने वाली हैं. यह पहला मौका होगा जब दोनों एक साथ पर्दे पर रोमांस करते दिखाई देंगे. फिल्म के मेकर्स ने अब इंतज़ार खत्म करते हुए 'बागी 4' का पहला गाना 'गुजारा' रिलीज़ कर दिया है. गाने में टाइगर और हरनाज की मनमोहक केमिस्ट्री को बखूबी दर्शाया गया है. रोमांटिक अंदाज़ और खूबसूरत लोकेशंस पर फिल्माया गया यह गाना सोशल मीडिया पर रिलीज़ होते ही ट्रेंड करने लगा है. इसे अपनी मधुर आवाज़ से जोश बरार और परम्परा टंडन ने सजाया है, जबकि इसके बोल मशहूर गीतकार कुमार ने लिखे हैं. 'बागी 4' का निर्देशन ए. हर्ष ने किया है, जो इससे पहले कन्नड़ फिल्मों 'बजरंगी' और 'वेधा' से अपनी पहचान बना चुके हैं. वहीं, फिल्म के निर्माता साजिद नाडियाडवाला हैं, जो 'बागी' सीरीज़ को लंबे समय से प्रोड्यूस कर रहे हैं. इस बार फिल्म की स्टारकास्ट को और मज़बूत बनाते हुए मेकर्स ने सोनम बाजवा और संजय दत्त को भी शामिल किया है. खासकर संजय दत्त, जो फिल्म में एक बेहद ख़तरनाक विलेन के रूप में नज़र आने वाले हैं. एक्शन और रोमांस से भरपूर 'बागी 4' को लेकर मेकर्स का दावा है कि यह दर्शकों को विजुअल ट्रीट देने वाली फिल्म होगी. फिल्म 5 सितंबर 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज़ होगी और माना जा रहा है कि यह बॉक्स ऑफिस पर जबरदस्त धमाका करेगी.




## प्राइम वीडियो ने की नई सीरीज 'राख' की घोषणा

बॉलीवुड एक्टर अली फजल, जिन्हें पिछली बार अनुराग बसु की मल्टीस्टारर फिल्म 'मेट्रो इन दिनों' में देखा गया था, एक बार फिर सुर्खियों में हैं. हालांकि फिल्म बॉक्स ऑफिस पर ज्यादा कमाल नहीं दिखा पाई, लेकिन अली की परफॉर्मेंस को दर्शकों और समीक्षकों ने काफी सराहा. अब अली अपने करियर को एक नए मोड़ पर ले जाने के लिए तैयार हैं और इस बार वेब सीरीज की दुनिया में बड़ा धमाका करने जा रहे हैं. प्राइम वीडियो ने अपनी नई ओरिजिनल सीरीज 'राख' का ऐलान कर दिया है, जिसमें अली फजल एक पुलिस अधिकारी की भूमिका निभाते नजर आएंगे.

सीरीज का फर्स्ट लुक भी जारी किया गया है, जिसमें अली का इंटेंस और दमदार अंदाज देखने को मिल रहा है. गहरे भावों से भरा उनका किरदार यह साफ संकेत देता है कि दर्शकों को एक और शक्तिशाली परफॉर्मेंस देखने को मिलेगी. अली फजल के साथ इस सीरीज में सोनाली बेंद्रे मुख्य भूमिका निभा रही हैं. लंबे समय बाद किसी बड़े प्रोजेक्ट में वापसी कर रहीं सोनाली का किरदार भी काफी अहम बताया जा रहा है. इसके अलावा आमिर बशीर भी इस थ्रिलर सीरीज का हिस्सा होंगे. तीनों सितारों की एक साथ मौजूदगी ने दर्शकों की उत्सुकता को और बढ़ा दिया है. 'राख' का निर्देशन प्रोसित रॉय कर रहे हैं, जिन्होंने पहले 'पाताल लोक' जैसी चर्चित वेब सीरीज से अपनी पहचान बनाई थी. प्रोसित अपनी गहरी कहानी कहने की शैली और किरदारों की बारीकियों पर पकड़ के लिए जाने जाते हैं, जिससे उम्मीद है कि 'राख' भी दर्शकों को सीट से बांधे रखेगी.



## सैम मर्चेंट संग एयरपोर्ट पर नजर आईं तृप्ति डिमरी

बॉलीवुड की उभरती हुई स्टार तृप्ति डिमरी इन दिनों अपनी फिल्मों के साथ-साथ निजी जिंदगी को लेकर भी खूब चर्चा में हैं. बीते कुछ समय से उनका नाम बिजनेसमैन और रेस्टोरेंट ओनर सैम मर्चेंट के साथ लगातार जुड़ता आ रहा है. दोनों को कई बार साथ स्पॉट किया गया है, जिसके बाद से उनके रिश्ते को लेकर अफवाहों का बाज़ार गर्म है. अब एक बार फिर इन चर्चाओं को हवा देते हुए तृप्ति और सैम का एक नया वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है. हाल ही में तृप्ति को मुंबई एयरपोर्ट पर सैम मर्चेंट के साथ देखा गया. वायरल वीडियो में दोनों एक नीली लग्ज़री कार से उतरते नज़र आ रहे हैं. सैम तृप्ति को ड्रॉप करने एयरपोर्ट तक आए थे और बाहर निकलते ही दोनों के बीच हल्की-फुल्की बातचीत और मुस्कुराहट दिखाई दी. जाते-जाते सैम ने उन्हें मुस्कुराकर अलविदा कहा, जिसके बाद तृप्ति एयरपोर्ट के अंदर चली गईं. रिपोर्ट्स की मानें तो तृप्ति इन दिनों अपनी आने वाली फिल्म की शूटिंग के सिलसिले में शहर से बाहर रवाना हुई हैं.

### फिल्म 'अपने 2' पर बोले डायरेक्टर अनिल शर्मा

## कहानी पूरी तरह तैयार हो चुकी है

अनिल शर्मा के निर्देशन में बनी फिल्म 'अपने' ने रिलीज़ के समय दर्शकों का खूब मनोरंजन किया था. धर्मेंद्र, सनी देओल, बॉबी देओल और कैटरीना कैफ जैसे सितारों से सजी यह फिल्म 29 जून, 2007 को सिनेमाघरों में आई थी और बॉक्स ऑफिस पर अच्छी सफलता हासिल की थी. नवंबर 2020 में इसके सीक्वल की आधिकारिक घोषणा की गई थी. अब लंबे इंतजार के बाद आखिरकार इस फिल्म को लेकर एक बड़ा अपडेट सामने आया है. आइए जानते हैं. एक इंटरव्यू में 'अपने' के निर्देशक अनिल शर्मा ने खुलासा किया कि 'अपने 2' की कहानी पूरी तरह तैयार हो चुकी है. उन्होंने कह, ₹फिल्म 'अपने 2' जरूर बनेगी. इसकी स्क्रिप्ट लिखकर तैयार हो चुकी है. मेरे पास इस वक्त कई स्क्रिप्ट्स हैं और मैं लगातार उन पर काम कर रहा हूं.₹ बातचीत के दौरान अनिल शर्मा ने यह भी बताया कि फिलहाल वह 'गदर 3' में व्यस्त हैं और इसकी शूटिंग जल्द ही शुरू की जाएगी. 'अपने 2' की शूटिंग मार्च 2021 में शुरू होनी थी, लेकिन कलाकारों की व्यस्तता और तारीखें न मिलने के कारण ऐसा संभव नहीं हो पाया. इस बार फिल्म में सनी देओल के बेटे करण देओल भी अहम भूमिका में नजर आएंगे. इसे मूल रूप से 5 नवंबर 2021 को रिलीज़ करने की योजना थी, लेकिन बाद में यह टल गई. गौरतलब है कि पहली फिल्म 'अपने' में शिल्पा शेट्टी और किरण खेर भी महत्वपूर्ण किरदारों में थीं. इस फिल्म ने दुनियाभर में लगभग 38.81 करोड़ रुपये का कारोबार किया था और फिलहाल यह अमेज़न प्राइम वीडियो पर उपलब्ध है.




आचार्य प्रणव मिश्रा
मोबाइल नंबर 8210075897

**मेष :** व्यर्थ की भाग-दौड़ से बचा जाए तो अच्छा है. दुर्लभ स्वप्न साकार होंगे. मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी. अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी. कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे. पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंग. शुभांक-2-4-6

**वृष :** आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध होंगे. आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी. कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे. सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा. धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी. लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी. मातृपक्ष के लोगो का सहयोग मिलेगा. शुभांक-5-7-9

**मिथुन :** आशानुकूल कार्य होने में संदेह है. उतावलेपन से बचें. मध्याह्न से ही आशाएं बलवती होंगी. महत्त्वपूर्ण कार्यों को आज ही निबटा लें उसके बाद समय व्ययकारी सिद्घ होगा. भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है. व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी. कामकाज की अधिकता रहेगी. शुभांक-3-6-8

**कर्क :** व्यवसायिक अभ्युदय भी होगा और प्रसन्नताएं भी बढ़ेगी. कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा. धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी. श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होंगी. रुका हुआ लाभ आज प्राप्त हो सकता है. व्यावसायिक उपक्रम में उलटफेर की शुरूआत हो सकती है. शुभांक-1-5-9

**सिंह :** दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा. नैतिक दायरे में रहें. पुरानी गलती का पश्चाताप होगा. खान-पान में विशेष सावधानी बरतें. मेहमानों का आगमन होगा. राजकीय कार्यों से लाभ. पैतृक सम्पत्ति से लाभ. विद्यार्थियों को लाभ. वाहन चालन में सावधानी बरतें. बातचीत में संयम बरतें. शुभांक-4-7-8

**कन्या :** मन प्रसन्न बना रहेगा. अचल संपति की खरीद अथवा कृषि उद्यम में रुचि पैदा होगी. परिवार के साथ मनोरांजनिक स्थल की यात्रा होगी. आपसी प्रेम-भाव में बढ़ोतरी होगी. भविष्य की योजनाओं पर विचार विमर्श होगा. अपने आपको अधिक सक्रिय पायेगें. ङ्क्षचतनीय वातावरण से मुक्ति मिलेगी. शुभांक-5-8-9

**तुला :** अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे. कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें. अपने अधीनस्त लोगों से कम सहयोग मिलेगा. बाहरी सहयोग की अपेक्षा रहेगी. ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं. समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है. शुभांक-4-6-7


**वृश्चिक :** आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी. स्वास्थ्य उत्तम रहेगा. घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी. प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा. अवरुद्घ कार्य संपन्न हो जाएंगे. पद-प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे. शुभांक-1-4-7

**धनु :** धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा. कल का परिश्रम आज लाभ देगा. कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी. बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा. पर प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए. लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंगे. शुभांक-2-4-5

**मकर :** परिवार में किसी का स्वास्थ्य खराब हो सकता है. अपनी गतिविधियों पर पुनर्विचार करें. वैचारिक द्वन्द्व और असंतोष बना रहेगा. किसी सूचना से पूर्ण निर्णय सम्भव. सुख आरोग्य प्रभावित होगा. शत्रुभय, ङ्क्षचता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे. आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी. शुभांक-3-5-6

**कुंभ :** शुभ कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा. कामकाज की अधिकता रहेगी. लाभ भी होगा और पुराने मित्रों का समागम भी. व्यवसायिक अभ्युदय भी होगा और प्रसन्नताए भी बढ़ेगी. धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी. श्रेष्ठजनों की सहानुभूति मिलेगी. रुका हुआ लाभ आज प्राप्त हो सकता है. शुभांक-4-6-7

**मीन :** प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा. आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी. स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी. ज्ञान-विज्ञान की वृद्घि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा. व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है. शुभांक-2-5-7



# सिर्फ मच्छर की वजह से घर में पौधे नहीं लगाना उचित नहीं

अक्सर घर को डेकोर करने के लिए कई तरह के पौधे लगाए जाते हैं लेकिन कई बार इसलिए भी नहीं लगाते हैं क्योंकि मच्छर होने लगते हैं। हालांकि घर में पौधे लगाने से ताजगी बनी रहती है। फ्रेश ऑक्सीजन का प्रभाव घर में होता है। घर में भी सकारात्मक ऊर्जा का प्रवाह होता है। लेकिन सिर्फ मच्छर की वजह से घर में पौधे नहीं लगाना उचित नहीं है। तो आइए जानते हैं कि आप घर में किस तरह के पौधे लगा सकते हैं जिससे मच्छर नहीं होंगे-

- **नीम-** इसमें मौजूद एंटीबैक्टीरियल और एंटीफंगल गुणों से विभिन्न प्रकार के कीड़े भाग जाते हैं। इसलिए आप इसे लगा सकते हैं। घर पर इसे लगाते हैं तो कई सारे फायदे भी आपको मिलते रहेंगे।
- **मिंट-** मिंट की खुशबू ही बहुत अच्छी होती है। इसमें मौजूद गुण मच्छरों और मक्खियों को दूर भगाते हैं। इस पौधे को आप घर में कहीं भी लगा सकते हैं। इसकी खुशबू से ताजगी बनी रहती है।
- **यूकलेप्टस-** इसमें मौजूद तत्व कई मच्छर, मक्खी और कीड़ों के दुश्मन है। इसलिए आप यह पेड़ आसानी से लगा सकती हैं।
- **लेमन ग्रास-** इस पौधे में मौजूद गुण सिस्ट्रोनेला ग्रास की नस्ल की तरह है। इससे यह पौधा मच्छर भगाने में मदद करता है। साथ ही इसका उपयोग खाने में और चाय बनाने में भी किया जाता है। जी हां, इसकी चाय पीना काफी पसंद करते हैं।
- **तुलसी-** तुलसी का पौधा आंगन में लगाया जाता है। यह घर की समृद्धि में अहम है तो मनुष्य के स्वास्थ्य में लाभदायक। इसमें मौजूद प्राकृतिक गुण मच्छरों को दूर भगाता है। इतना ही नहीं इसकी खुशबू से चींटिया और छोटे-मोटे कीड़े भी आसपास नहीं आते हैं।



# नए रिश्ते की शुरूआत में गलतफहमियों से बचें

**जब एक जोड़ा शादी के बंधन में बंधता है तो उसके मन में एक अजीब सा उत्साह होता है। अपने नए रिश्ते और जीवन में आए बदलाव को लेकर बहुत सी खुशियां व सपने उसकी आंखों में होते हैं। इतना ही नहीं, अपने पार्टनर को लेकर एक छवि पहले से ही उनके मन में होती है। लेकिन कभी-कभी ऐसा होता है कि इसी अति उत्साह के चलते वह कुछ ऐसी गलतिया कर बैठते है, जिससे उनके रिश्ते पर विपरीत प्रभाव पड़ता है।**

कभी-कभी तो यही गलतियां उनके रिश्ते की शुरूआत में ही उनके बीच समस्या पैदा कर देती हैं। जिसकी भरपाई बाद में भी कर पाना बेहद मुश्किल हो जाता है। अगर नए रिश्ते की शुरूआत में ही गलतफहमियां या खटास आ जाए तो ऐसे में ताउम्र उनके बीच खींच-तान बनी रहती है। तो चलिए आज इस लेख में हम आपको कुछ ऐसी ही मिसटेक्स के बारे में बता रहे हैं, जिन्हें किसी भी कपल को शादी के बाद शुरूआती दिनों में करने से बचना चाहिए-

## परफेक्शन की चाहत रखना

हो सकता है कि आपको हर काम सलीके से करने की आदत हो या फिर आप एक आर्गनाइज्ड जीवन जीना पसंद करते हों। लेकिन आपके पार्टनर का भी स्वभाव ऐसा ही हो, यह जरूरी नहीं है। आपको यह समझना होगा कि आपके और आपके पार्टनर दोनों अलग माहौल में पले-बढ़े हैं और दोनों का स्वभाव अलग है। इसलिए, शादी के तुरंत बाद ही अपने पार्टनर से परफेक्शन की चाहत रखना या फिर उसे अपने ही सांचे में ढालने का प्रयास करना आपके बीच तनाव पैदा कर सकता है। बेहतर होगा कि आप दोनों ही पहले एक-दूसरे के स्वभाव, आदतों व रहन-सहन को समझें और फिर उसके बाद तालमेल बिठाने का प्रयास करें।

## जरूरत से ज्यादा उम्मीदें करना

यह भी एक ऐसी मिसटेक है, जो शादी के बाद कपल्स में देखी जाती है। दरअसल, कपल्स की शादी के बाद अपने पार्टनर से उम्मीदें काफी हद तक बढ़ जाती हैं। वह सोचते हैं कि पार्टनर हर दिन उन्हें बाहर लेकर जाएगा या फिर वह ढेर सारा वक्त साथ बिताएंगे या फिर उनका पार्टनर उन्हें तरह-तरह के तोहफे देगा। हालांकि, किसी भी व्यक्ति के लिए हर दिन ऐसा करना संभव नहीं होता है, जिससे समस्या होती है। वहीं, अगर कोई व्यक्ति अपने पार्टनर के लिए ऐसा करता भी है, तो भी बाद में उनके रिश्ते में खटास आ जाती है।

दरअसल, एक समय के बाद व्यक्ति अपने रोजमर्रा की लाइफ जीने लगता है और फिर पार्टनर को उतना पैम्पर नहीं कर पाता है, जिससे उनके बीच झगड़े बढ़ते है। इसलिए बेहतर होगा कि शादी के शुरूआती दिनों में ही आप अपनी फाइनेंशियल कंडीशन से लेकर काम की व्यस्तताओं और स्वभाव के बारे में अपने पार्टनर से चर्चा करें।

## परिवार के बीच बैलेंस ना कर पाना

अक्सर यह देखने में आता है कि व्यक्ति शादी के बाद भी पहले की तरह ही अपना जीवन बिताने की कोशिश करता है, जिससे उसके पार्टनर को उपेक्षित महसूस होता है और संबंधों में खटास महसूस होती है। यहां आपको यह समझना चाहिए कि एक सिंगल व्यक्ति के रूप में और कपल के रूप में आपकी प्राथमिकताएं अलग होती है। आपको शादी के बाद अपने परिवार व पार्टनर के बीच बैलेंस करना बेहद आवश्यक है। इस समय आपकी पहली प्राथमिकता आपका जीवनसाथी और नया जीवन है जिसे आपको अभी संवारना है। हालांकि, यहां इसका अर्थ यह कतई नहीं है कि आप अपने परिवार को बिल्कुल अनेदखा कर दें। बस आपको अपने पार्टनर को कुछ वक्त अलग से देने की आवश्यकता होगी, जो सिर्फ आप दोनों के लिए ही हो।

# पुरानी मैगजीन की मदद से किचन की सजावट के लिए बनाएं ये चीजें



**आजकल लोग अपने घर में ओपन किचन थीम रखना पसंद करते है। इससे आपके हॉल में बैठा गेस्ट आपके किचन को देख सकता है। अगर आप भी अपने किचन की सजावट करना चाहती हैं तो आपको हम बताएंगे कि आप कैसे पुरानी मैगजीन की सहायता से अपने किचन की खूबसूरती को बढ़ा सकती हैं।**

## वॉल डेकोर

कीचन की सजावट करने के लिए आपको सबसे पहले किचन के वॉल को सजाना होगा। अगर आपका वॉल डेकोर नहीं होगा तो यह आपके घर के लुक को फीका कर सकता है। ऐसे में आपको पुराने कार्ड बोर्ड की जरूरत होगी और ग्लू की भी। आपको मैगजीन से तीन स्कायर शेप का पेपर कट करना होगा। इसे पुराने कार्ड बोर्ड पर चिपका देना है। अब आप इसे अपने कीचन के वॉलपेपर हैंग कर सकते हैं। इससे आपके कीचन का वॉल खराब भी नहीं होगा और यह देखने में खूबसूरत भी लगेगा।

## वॉल पर करें पेंटिंग

अगर आपको पेंटिंग करने का शोक है तो आपको अपने घर के वॉल पर पेंटिंग करना चाहिए। जी हां, आप वाटर कलर की मदद से अपने कीचन के दीवार पर कुछ खास पीने का चित्र तैयार कर सकती हैं। यह देखने में काफी ज्यादा खूबसूरत लगता है। वाटर कलर की मदद से आपको कुछ फल या सब्जी का फोटो बना दे। इसके बाद आपको मिरर फ्रेम तैयार करना चाहिए। इसके लिए आपको पुराना फ्रेम लेना है और उसमें मैगजीन को काटकर फोटो की तरह लगा देना है। साइज का ध्यान जरूर रखें। इसके बाद आपका वॉल बनकर तैयार हो गया है।

## वॉल डेकोर के लिए फूल बनाएं

अगर आपको एक्स्ट्रा एक्टिविटी करना है तो आपको अपने वॉल डेकोर के लिए दीवार पर फूल बनाना होगा। यह देखने में खूबसूरत लगता है और इसे आप चाहे तो पुरानी मैगजीन की मदद से बना सकती है। इसे बनाना काफी आसान है। इसके लिए आपको कुछ मैगजीन के पत्रे को काटना होगा। फिर इसकी मदद से आपको फूल बनाना होगा। इसे अलग- अलग जगह आप ग्लू की मदद से चिपका सकती हैं। यह देखने में काफी ज्यादा खूबसूरत लगता है।



# दूसरों से बात करने में होती है हिचकिचाहट तो अपनाएं ये टिप्स

आज के दौर में बहुत ज्यादा हिचकिचाहट निजी लाइफ और करियर के लिए गंभीर समस्या है, जब हम किसी से भी बातचीत करते हैं और बोलते समय हिचकिचाते हैं, तो हमारी इमेज खराब होने का डर रहता है और हम अपना आत्मविश्वास खो देते हैं। साथ ही, सबसे पहले हमें समझना होगा कि हिचकिचाहट क्या होती है? जब हम किसी से बात करते हैं और उनके सवालों का जवाब जानते हुए भी जवाब नहीं दे पाते हैं या गलत जवाब के डर से चुपचाप रहते हैं तो उसे हिचकिचाहट कहते हैं। ये समस्या कई लोगों में होती है, जिसका नतीजा होता है कि हमारे हक की चीजें किसी दूसरे को मिल जाती हैं और हम सोच-सोचकर परेशान होते रहते हैं कि क्या करना चाहिए। अगर आपको भी दूसरों से बोलने में हिचकिचाहट होती है तो घबराएं नहीं, हम आपके के लिए इस आर्टिकल कुछ ऐसे टिप्स लाएं है, जिनको फॉलो कर आप आपनी समस्या को दूर कर पाएंगे।

## खुद पर करें विश्वास

हिचकिचाहट को दूर करने के लिए सबसे जरूरी है कि खुद पर विश्वास करना। अगर आपको किसी से बात करने की जरूरत है तो आपको यह नहीं सोचना चाहिए कि आप कैसे बात करेंगा? जवाब में क्या आएगा और वो आपके बारे में क्या सोचेंगे? आपको अपने आप पर विश्वास रखना चाहिए और डर पर काबू पाकर खुद को भरोसा दिलाएं कि आप अपनी बात दूसरों के सामने अच्छी तरीके से रख पाएंगे, जिससे आपका आत्मविश्वास बना रहेगा।

## जानकारी प्राप्त करें

जब हम किसी से बात करते हैं तो हिचकिचाहट सबसे ज्यादा उस समय पैदा होती है, जब बातचीत के दौरान हमारे पास उस विषय के बारे में जानकारी की कमी होती है। इसलिए अधिक जानकारी प्राप्त करने के लिए ज्यादा से ज्यादा किताबें पढ़नी चाहिए। याद रखें कि जिस भी विषय पर आप बात करने वाले हैं, उस पर ज्यादा से ज्यादा जानकारी जुटा लें, जिससे आपको अपनी बात रखने में हिचकिचाहट नहीं होगी।

## हमेशा प्रैक्टिस करें

हर काम को सही तरीके करने के लिए प्रैक्टिस बहुत जरूरी होती है, जिससे आपका हुनर निखरता है। इसी तरह हिचकिचाहट को दूर करने के लिए बोलने की प्रैक्टिस करना बहुत जरूरी है, लेकिन सवाल उठता है कि इस भागदौड़ वाली जिंदगी में किस के साथ बातचीत करें? तो आप शीशे के सामने खड़े होकर सोचें की शीशे के सामने कोई खड़ा है और ज्यादा से ज्यादा रोज बोलने की प्रैक्टिस कर सकते हैं। जिससे आपको कुछ दिनों में महसूस होगा कि आप अपनी बात दूसरे के सामने आसानी से रख पा रहे हैं।

## चेहरे पर मुस्कान रखें

चेहरे पर मुस्कान रखना जीवन शैली मे जरूरी है, क्योंकि इसका असर हमारी बातचीत पर पड़ता है। अगर आप किसी से बातचीत कर रहे हैं तो चेहरे पर मुस्कान रखें। जिससे आप बिना हिचकिचाहट के आसानी से बात कंप्लीट कर लेंगे। चेहरे पर मुस्कान से मानसिक तनाव कम होने के साथ-साथ आपके अंदर बोलने का आत्मविश्वास बढ़ता है।

## पॉजिटिव सोच

पॉजिटिव सोचना जीवन में बहुत जरूरी होता है, क्योंकि पॉजिटिव सोचने से आत्मविश्वास बढ़ता है, यही कारण है कि आप धीरे-धीरे खुद बात करने में माहिर होने लगते हैं। अगर आप पॉजिटिव सोच रखते है तो आपको नर्वस फील नहीं होगा और बिना हिचकिचाहट के दूसरे के आसानी के बात रख सकते है। और आप खुद में बदलाव देखेंगे कि किसी सोशल मौके पर आपको घबराहट नहीं हो रही है। अगर आपको बोलते समय हिचकिचाहट होती है तो ये टिप्स को फॉलो करने की कोशिश करें और अगर फिर भी समस्या होती है तो किसी एक्सपर्ट से बात जरूर करें।

# फेमस होने के लिए लड़ते हैं गुस्सैल बच्चे



**एक हालिया अध्ययन से पता चला है कि बच्चे समूह में अपनी स्थिति को मजबूत करने और अपनी लोकप्रियता बढ़ाने के लिए सहपाठियों के साथ अक्सर लड़ाई-झगड़े करते हैं। इस अध्ययन के निष्कर्ष में प्रकाशित हुए हैं।**

शोधकर्ताओं ने बताया कि अध्ययन के निष्कर्षों से पता चला है कि छात्रों की आक्रामकता और उनकी लोकप्रियता में वृद्धि के एक साथ जुड़े थे। विशेष रूप से उन बच्चों के लिए जिनकी साथियों के साथ लगातार असहमति की सूचना थी। एफएयू के चार्ल्स ई श्मिट कॉलेज में मनोविज्ञान के वरिष्ठ लेखक और प्रोफेसर ब्रेट लॉरसन ने कहा, हालांकि हमें लगता है कि यह संभावना नहीं है कि केवल विवाद ही लोकप्रियता का आधार है। इसके पीछे और भी कारण होते है,लेकिन विवाद के पीछे लोकप्रिय होने की सोच भी काफी मायने रखती है। उन्होंने कहा, आक्रामक बच्चे जो अक्सर लड़ते हैं, उन्हें हमेशा जबरदस्ती सहारा लेने की आवश्यकता नहीं होती है। उनका केवल अप्रिय व्यवहार की संभावना दूसरे छात्रों को उनकी बात मानने पर मजबूर कर देता है। यह अध्ययन फ्लोरिडा के आठ से 12 वर्ष की आयु वाले प्रतिभागियों के बीच किया गया, जो एक प्राथमिक विद्यालय में भाग ले रहे थे। शोधकर्ताओं ने कहा, गुस्सैल बच्चों के लिए उनका व्यवहार समूहों में काफी प्रभावकारी होता है। ऐसे बच्चों की बात को मना करने के लिए अन्य बच्चे जोखिम नहीं उठाना चाहते क्योंकि उन्हें बुरे परिणाम की संभावना होती है। शोधकर्ताओं ने इस बात पर जोर दिया कि यह एक प्रभावी उपकरण हो सकता है, जो विशिष्ट विशेषताओं को बढ़ाता है। ब्रेट ने कहा, हम यह दावा नहीं करते हैं कि इस तरह से इस्तेमाल की गई रणनीति हमेशा भलाई के लिए एक स्वस्थ मार्ग प्रस्तुत करते हैं। बल्कि संघर्ष के परिणाम संदर्भ, उद्देश्यों और इसे प्रचलित करने के तरीकों पर निर्भर करते हैं। हम दावा करते हैं कि असहमति एक कुशल सामाजिक रणनीति हो सकती है, जो प्रभुत्व में जबरदस्ती के निहित खतरे का लाभ उठाती है।

# दिख रही आगे निकलने की चाहत?



परंपरागत माहौल में पली-बढ़ी स्त्री अपने दर्शन में स्पष्ट होती है कि उसका जीवन सिर्फ घर-सेवा और सबकी आंखों को भली लगने के लिए हुआ है। छोटी बच्चियां घर-घर, रसोई-रसोई, पार्लर-पार्लर खेलकर इसी सूत्र को अपनी जिंदगी का हिस्सा बना लेने की ट्रेनिंग लेते देखी जा सकती है। ठीक उसी समय जब उसकी उम्र के लड़के गन या पिस्तौल से मर्दानगी के पाठ पढ़ रहे होते हैं या कारों की रेस या बेमतलब की कूद-फांद, लड़ाई-झगड़े के खेल, खेल रहे होते हैं। इसे देखकर क्या कोई कह सकता है कि यही है गहरे संतुलित समाज की नींव? इस पर हमारा जवाब होगा, बिल्कुल नहीं। आपने कॉलेज की बच्चियों को भी कभी कभी अपने बुजुर्गों से डांट खाते देखा होगा। कारण है कि ज्यादातर निम्न या मध्य वर्गीय परिवारों से आई हुई ये छात्राएं अपने लिए बेहद असुविधाजनक पहनावे को चुनने में पीछे नहीं हटती। गर्मी व उमस में सिंथेटिक कपड़े, बेहद ऊंची हील के सैंडल बार-बार फिसलते दुपट्टे में जड़ी तरह-तरह की लटकनें आदी। रास्तों में बाजारों में काम की जगहों में चमकीले तंग कपड़ों में फंसी, पल्ला और उसकी जगह-जगह उलझती लटकनें संभालती रंगी-पुती स्त्रियां, अपने आप संभलकर चल पाने में असमर्थ पति की बांह का सहारा लिए कभी-कभी लुढ़कने को होती स्त्रियां। अजीब-अजीब प्लेटफार्म वाले सैंडलों की हील को मेट्रो और उसके प्लेटफार्म की दरार से निकाल कर हड़बड़ाती स्त्रियां। भले ही आज यह सभी की मजबूरी बन गया हो, लेकिन इतना तो साफ है कि समय बदल गया है और कल जो हाथ चूड़ियां पहनते थे वे अब लेपटॉप संभाले हुए हैं। मतलब साफ है कि अब दिख रही है आगे निकलने की चाहत!

### अल्कराज ने जीता पहला सिनसिनाटी ओपन खिताब

## बीमार सिनर ने पहले सेट में ही छोड़ दिया मुकाबला

**एजेंसी। सिनसिनाटी**



विश्व नंबर-2 स्पेन के कार्लोस अल्कराज ने सिनसिनाटी ओपन 2025 का खिताब अपने नाम कर लिया है. सोमवार को खेले गए फाइनल मुकाबले में उन्हें मौजूदा चैंपियन और विश्व नंबर-1 इटली के जैनिक सिनर के अचानक रिटायर होने के चलते विजेता घोषित किया गया. यह मुकाबला महज 20 मिनट ही चल पाया, जब पहले सेट में 0-5 से पिछड़ रहे सिनर ने अस्वस्थ महसूस करने के कारण मैच से हटने का फैसला किया. 24 वर्षीय सिनर, जो शनिवार को ही अपना जन्मदिन मना चुके थे, शुरुआत से ही थके और असहज नजर आए.

उन्होंने अपनी सर्विस पर एक भी अंक नहीं जुटाया और पांचवां गेम डबल फॉल्ट के साथ गंवा दिया. इसके बाद उन्होंने चेयर अंपायर को अपनी स्थिति बताई, सिर पर आइसपैक रखा और डॉक्टर को बुलाकर मैच से हटने की घोषणा कर दी. अल्कराज से हाथ मिलाते ही मुकाबला समाप्त हो गया. सिनर इस टूर्नामेंट को लगातार दूसरी बार जीतने के इरादे से उतरे थे और वह रोजर फेडरर के बाद इस उपलब्धि को दोहराने वाले पहले खिलाड़ी बन सकते थे. वह हार्ड कोर्ट पर 26 मैचों की अजेय लय के साथ फाइनल में पहुंचे थे. मैच के बाद उन्होंने दर्शकों से माफी मांगते हुए कहा, "मुझे बहुत खेद है कि आपको निराश करना पड़ा. कल से ही तबीयत खराब थी और रातभर हालत और बिगड़ गई. मैंने कोशिश की कि कुछ गेम खेल सकूं, लेकिन शरीर ने साथ नहीं दिया."

सिनर की अचानक तबीयत बिगड़ने से अब उनके यूएस ओपन 2025 के मिक्स्ड डबल्स मुकाबले में खेलने को लेकर भी संशय बना हुआ है. वह चेक गणराज्य की कतेरीना सिनीकोवा के साथ मंगलवार को कोर्ट में उतरने वाले थे. वहीं, 22 वर्षीय कार्लोस अल्कराज ने फाइनल जीतने के बाद कहा, "मुझे सिनर के लिए बेहद दुख है. वे एक सच्चे चैंपियन हैं और मुझे पूरा भरोसा है कि वे इस चुनौती से और मजबूत होकर लौटेंगे." यह इस साल अल्कराज और सिनर के बीच चौथा फाइनल था, जिसमें दोनों ने एक-दूसरे को बराबरी की टक्कर दी है. विंबलडन फाइनल में जहां सिनर विजयी रहे थे, वहीं रोलां गैरो और इटैलियन ओपन में अल्कराज ने बाजी मारी थी. अल्कराज अब राफेल नडाल और कार्लोस मोया के बाद सिनसिनाटी ओपन जीतने वाले तीसरे स्पेनिश खिलाड़ी बन गए हैं. यह उनके करियर का 22वां एटीपी खिताब है. अब वह यूएस ओपन 2025 के मिक्स्ड डबल्स में ब्रिटेन की एम्मा राडुकानू के साथ जोड़ी बनाकर शीर्ष वरीयता प्राप्त जोड़ी जेसिका पेगुला और जैक ड्रेपर से भिड़ेंगे.

### सिंकफील्ड कप 2025 : डी गुकेश को हराया

## पहले दौर में प्रज्ञानानंद की धमाकेदार जीत

**एजेंसी। सेंट लुइस (मिसौरी)**



सिंकफील्ड कप 2025 की शुरुआत भारतीय ग्रैंडमास्टर आर. प्रज्ञानानंद के लिए बेहद खास रही, जिन्होंने पहले ही दौर में मौजूदा विश्व चैंपियन और अपने हमवतन डी गुकेश को पराजित कर प्रतियोगिता में जोरदार आगाज किया. सफेद मोहरों से खेलते हुए प्रज्ञानानंद ने मुकाबले की शुरुआत से ही दबदबा बना लिया और गुकेश को एक भी मौका नहीं दिया. अंततः गुकेश ने 36वीं चाल से पहले ही हार स्वीकार कर ली.

मैच के बाद प्रज्ञानानंद ने अपनी खुशी व्यक्त करते हुए कहा, "मुझे नहीं पता आज गुकेश के साथ क्या हुआ. मुझे शुरू से ही अच्छी पोजिशन मिल गई थी. पिछले साल मैंने तीन जीते हुए मुकाबले उनके खिलाफ गंवाए थे. दो वर्षों से मैं उन्हें हराने में असफल रहा था, यहां तक कि रैपिड मुकाबलों में भी नहीं जीत पाया था, इसलिए यह जीत मेरे लिए खास है." इस जीत का असर उनकी विश्व रैंकिंग पर भी पड़ा है. लाइव रेटिंग्स में उन्होंने अमेरिका के दिग्गज ग्रैंडमास्टर फाबियानो करूआना को पीछे छोड़ते हुए तीसरा स्थान हासिल कर लिया है.

यह प्रदर्शन ग्रैंड चेस टूर फाइनल्स से पहले प्रज्ञानानंद के लिए आत्मविश्वास बढ़ाने वाला है. पहले दौर के अन्य प्रमुख मुकाबलों में अमेरिका के लेवोन अरोनियन ने उज़्बेकिस्तान के नोडिरबेक अब्दुस्सत्तोरोव को काले मोहरों से मात दी. अरोनियन का यह प्रदर्शन भी सराहनीय रहा. दूसरे दौर में प्रज्ञानानंद का मुकाबला करूआना से होगा, जबकि गुकेश अब्दुस्सत्तोरोव से भिड़ेंगे. दिलचस्प बात यह है कि दोनों भारतीय खिलाड़ी इस दौर में भी सफेद मोहरों से खेलेंगे. सिंकफील्ड कप ग्रैंड चेस टूर 2025 का हिस्सा है और यह जीसीटी फाइनल्स से पहले का अंतिम क्लासिकल चरण माना जाता है. इस टूर्नामेंट का प्रदर्शन आगामी फाइनल्स की दिशा तय करेगा.

### स्वियाटेक ने पाओलिनी को हरा कर पहला सिनसिनाटी ओपन खिताब जीता

## यूएस ओपन से पहले भेजा संदेश



**एजेंसी। सिनसिनाटी (यूएस)**

पोलैंड की टेनिस स्टार और तीसरी वरीयता प्राप्त खिलाड़ी इगा स्वियाटेक ने सोमवार को इटली की जैस्मीन पाओलिनी को सीधे सेटों में 7-5, 6-4 से हराकर अपना पहला सिनसिनाटी ओपन खिताब जीत लिया. यह जीत यूएस ओपन से पहले उनके शानदार फॉर्म का संकेत है और उन्होंने अपने प्रतिद्वंद्वियों को एक कड़ा संदेश दिया है. इस खिताबी जीत के साथ स्वियाटेक का यह 11वां डब्ल्यूटीए 1000 खिताब है और उन्होंने पूरे टूर्नामेंट के दौरान एक भी सेट नहीं गंवाया. उन्होंने अपने सभी छह ब्रेक पॉइंट्स को भुनाया और पूरे टूर्नामेंट में दमदार प्रदर्शन करते हुए पिछले साल के इटैलियन ओपन के बाद पहला खिताब जीता. इसके साथ ही वह डब्ल्यूटीए 1000 फॉर्मेट के इतिहास में दूसरी सबसे सफल खिलाड़ी बन गई हैं, जहां वह केवल सेरेना विलियम्स (23 खिताब) से पीछे हैं.

मैच की शुरुआत में पाओलिनी ने शानदार खेल दिखाया और शुरुआती सेट में 3-0 की बढ़त बना ली. हालांकि, स्वियाटेक ने धैर्य और कौशल के साथ वापसी की और लगातार पांच गेम जीतकर मुकाबले पर नियंत्रण स्थापित कर लिया. पहले सेट में वह एक बार सर्व करते हुए चूकीं, लेकिन दूसरे मौके पर उन्होंने सेट जीत लिया. दूसरे सेट में भी स्वियाटेक का खेल शानदार रहा. उन्होंने 4-3 की बढ़त पर दो महत्वपूर्ण ब्रेक पॉइंट बचाए और अंत में अपनी मजबूत सर्विस के साथ खिताब अपने नाम किया. इस जीत के साथ उनका पाओलिनी के खिलाफ रिकॉर्ड 6-0 का हो गया है. खिताब जीतने के बाद स्वियाटेक ने अपनी टीम का आभार व्यक्त करते हुए कहा, ₹मैं बहुत हैरान और बेहद खुश हूं. इस खिताब को जीतना मेरे लिए खास है. मेरी टीम ने मुझे बेहतर खिलाड़ी बनने और तेज सतहों पर खेलने के लिए प्रेरित किया.₹ इस जीत के साथ स्वियाटेक अब दुनिया की दूसरी नंबर की खिलाड़ी बन जाएंगी और फ्लशिंग मीडोज में रविवार से शुरू हो रहे यूएस ओपन में दूसरी वरीयता के साथ उतरेंगी. इसके अलावा, वह इस बार नए मिक्स्ड डबल्स इवेंट में नॉर्वे के कैस्पर रूड के साथ भी जोड़ी बनाएंगी.

### एशिया कप 2025 : 5 खिलाड़ियों के दम पर चैंपियन बनेगी टीम इंडिया

# सूर्यकुमार यादव से लेकर बुमराह तक मचाएंगे तबाही

**एजेंसी। नई दिल्ली**



भारतीय क्रिकेट टीम ने आगामी एशिया कप 2025 के लिए अपनी 15 सदस्यीय स्क्वाड की घोषणा कर दी है. यह टूर्नामेंट 9 सितंबर से शुरू होगा, और भारतीय टीम का पहला मुकाबला 10 सितंबर को है. इस बार टीम की कमान विस्फोटक बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव को सौंपी गई है. सूर्या की कप्तानी में चयनकर्ताओं ने एक संतुलित और मजबूत टीम का चयन किया है, जिसमें बल्लेबाजी से लेकर गेंदबाजी तक एक से बढ़कर एक खिलाड़ी शामिल हैं. इस टूर्नामेंट में भारतीय टीम के लिए कुछ खिलाड़ी ऐसे होंगे जो हर मैच में विरोधी टीमों के लिए खतरा बन सकते हैं. आइए जानते हैं उन 5 स्टार खिलाड़ियों के बारे में, जो टीम इंडिया को एशिया कप जिताने में अहम भूमिका निभा सकते हैं. इसमें पहला नाम सूर्यकुमार यादव का है, जो टीम इंडिया के मिस्टर 360 हैं. कप्तान सूर्यकुमार यादव इस बार एशिया कप में भारत की अगुवाई करेंगे. टी20 फॉर्मेट में वह दुनिया के सबसे खतरनाक बल्लेबाजों में शुमार हैं. उनकी खासियत है कि वह मैदान के चारों दिशाओं में शॉट लगाने में माहिर हैं, जिससे गेंदबाजों की लाइन और लेंथ खराब हो जाती है. सूर्या का टीम में होना ही विपक्षी टीमों के लिए सिरदर्द बन गया है. फिटनेस को लेकर थोड़ी चिंता जरूर थी, लेकिन अब वह पूरी तरह फिट हैं और मैदान पर वापसी के लिए तैयार हैं. दूसरा नाम अभिषेक शर्मा का है, जो पावरप्ले के तूफानी बल्लेबाज माने जाते हैं. युवा बल्लेबाज अभिषेक शर्मा इस बार एशिया कप में बड़ा रोल निभा सकते हैं. टी20 क्रिकेट में अभिषेक ने पावरप्ले में आक्रामक बल्लेबाजी कर खूब नाम कमाया है. उनकी बल्लेबाजी इतनी विस्फोटक होती है कि पहले 6 ओवरों में ही मैच की दिशा तय हो जाती है. इसके अलावा, वह पार्ट टाइम गेंदबाजी भी कर सकते हैं, जिससे टीम को एक अतिरिक्त विकल्प मिलता है. उनकी ऑलराउंड क्षमता टीम इंडिया को अतिरिक्त मजबूती देती है. तीसरा नाम अर्शदीप सिंह का है, जो डेथ ओवरों के स्पेशलिस्ट माने जाते हैं.

टीम इंडिया के बाएं हाथ के तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह इस टूर्नामेंट में तुरुप का इक्का साबित हो सकते हैं. खासतौर पर डेथ ओवरों में उनकी यॉर्कर और स्लोअर गेंदों का मिश्रण उन्हें खतरनाक बना देता है. अर्शदीप ने हालिया समय में कई मौकों पर अपनी सटीक गेंदबाजी से भारत को मैच जिताया है. एशिया कप में भी अगर वह फॉर्म में रहे तो टीम इंडिया के लिए मैच विजेता बन सकते हैं. चौथे नंबर पर जसप्रीत बुमराह हैं, जो भारत के सबसे बड़े मैच विनर माने जाते हैं. टीम इंडिया के प्रमुख तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह इस बार एशिया कप में वापसी कर रहे हैं. इंग्लैंड दौरे के बाद उन्होंने अपने वर्कलोड को मैनेज किया था, लेकिन अब वह पूरी तरह फिट हैं. बुमराह की मौजूदगी में विरोधी बल्लेबाजों पर पहले ही दबाव बन जाता है. उनकी रफ्तार, एक्यूरेसी और विकेट लेने की क्षमता भारत के लिए गेम चेंजर साबित होती है. वह अकेले दम पर मैच का पासा पलटने का माद्दा रखते हैं. इसमें एक नाम अक्षर पटेल का है, जो स्पिन ऑलराउंडर की भूमिका में लाजवाब हैं. अक्षर पटेल एक ऐसे खिलाड़ी हैं जो तीनों विभागों में टीम को संतुलन देते हैं.

### एशियन शूटिंग चैंपियनशिप 2025

## मनु भाकर ने 10 मी एयर पिस्टल में जीता कांस्य

**एजेंसियां । नई दिल्ली**



भारतीय निशानेबाज़ मनु भाकर ने एशियन शूटिंग चैंपियनशिप 2025 में महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा में कांस्य पदक अपने नाम किया. मनु ने फाइनल में 219.7 अंक हासिल किए. इस स्पर्धा का स्वर्ण पदक चीन की कियान्के मा (243.2 अंक) ने जीता, जबकि दक्षिण कोरिया की जीइन यांग (241.6 अंक) को रजत पदक मिला. टीम इवेंट में भी भारत को कांस्य पदक मिला. मनु, सुरूचि सिंह और पलक गुलिया की तिकड़ी ने 1730 अंक जुटाए. भारत की टीम केवल एक अंक से कोरिया (1731) से पीछे रही, जबकि चीन ने 1740 अंक के साथ स्वर्ण पदक जीता. इससे पहले क्वालिफिकेशन राउंड में मनु ने 583 अंक बनाकर दूसरा स्थान हासिल किया था. चीन की कियान्शुन याओ 584 अंक के साथ शीर्ष पर रहीं. सुरूचि और पलक फाइनल में जगह बनाने में असफल रहीं.

## ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ एकदिवसीय श्रृंखला से बाहर हुए कागिसो रबाडा



**नई दिल्ली।** दक्षिण अफ्रीका के तेज गेंदबाज कागिसो रबाडा मंगलवार को केर्न्स (ऑस्ट्रेलिया) में पहला एकदिवसीय मैच शुरू होने से ठीक एक घंटे पहले टखने की चोट के कारण ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला से बाहर हो गए हैं. क्रिकेट दक्षिण अफ्रीका ने एक बयान में कहा कि रबाडा के दाहिने टखने में सूजन के बाद सोमवार को उनका स्कैन किया गया, जिसके बाद 30 वर्षीय खिलाड़ी रबाडा तीन मैचों की श्रृंखला से बाहर हो गए. बयान में कहा गया है, ₹वह ऑस्ट्रेलिया में ही रहेंगे और प्रोटियाज मेडिकल स्टाफ की देखरेख में रिहैबिलिटेशन से गुजरेंगे.₹ बाएं हाथ की तेज गेंदबाज क्वेना मफाका, जो दोनों टीमों के बीच पिछली टी20 श्रृंखला में सबसे ज़्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज थे, को टीम में शामिल किया गया है. हालांकि उन्हें श्रृंखला के पहले मैच के लिए नहीं चुना गया.

## पृथ्वी शॉ ने 122 गेंदों में जड़ा शतक

**बुच्ची बाबू टूर्नामेंट 2025**

**एजेंसियां । चेन्नई**



मुंबई से नाता तोड़कर महाराष्ट्र की ओर से खेलते हुए पृथ्वी शॉ ने अपने पहले ही मैच की पहली पारी में शतक जड़ दिया. उन्होंने यह उपलब्धि बुच्ची बाबू टूर्नामेंट 2025 के उद्घाटन दौर के दूसरे दिन छत्तीसगढ़ के खिलाफ हासिल की. शॉ ने 122 गेंदों में शतक पूरा किया, जिसमें 14 चौके और एक छक्का शामिल रहा. उन्होंने यह पारी तब खेली, जब महाराष्ट्र ने शुरुआती झटकों में महज़ 15 रन पर चार विकेट गंवा दिए थे. इससे पहले शॉ और सचिन धस ने 71 रनों की मजबूत साझेदारी कर अच्छी शुरुआत दिलाई थी, लेकिन इसके बाद कप्तान रुतुराज गायकवाड़ और अंकित बावने जल्दी-जल्दी आउट हो गए. शॉ ने सिद्धार्थ म्हात्रे के साथ पांचवें विकेट के लिए 57 रन जोड़कर पारी को संभाला.


इस साल की शुरुआत में 25 वर्षीय शॉ ने महाराष्ट्र का रुख किया था. खराब फॉर्म और फिटनेस को लेकर चिंता के चलते उन्हें पिछली रणजी ट्रॉफी सीज़न में मुंबई की टीम से बाहर कर दिया गया था और विजय हजारे ट्रॉफी टीम में भी जगह नहीं मिली थी. आईपीएल 2024 की नीलामी में भी वह पहली बार अनसोल्ड रह गए थे. पृथ्वी शॉ जुलाई 2021 के बाद से टीम इंडिया के लिए नहीं खेले हैं. हालांकि, महाराष्ट्र से जुड़ने के बाद उन्होंने अपने करियर को नए सिरे से संवारने का इरादा जताया है. टीम से जुड़ने के बाद शॉ ने कहा था, "इस दौर में मुझे लगता है कि महाराष्ट्र की टीम से जुड़ना मेरे करियर को आगे बढ़ाने में मदद करेगा. मुंबई क्रिकेट एसोसिएशन का मैं वर्षों तक मिले सहयोग और अवसरों के लिए आभारी हूं.

महाराष्ट्र क्रिकेट एसोसिएशन ने हाल के वर्षों में ढांचे को बेहतर बनाने की दिशा में शानदार काम किया है. मुझे विश्वास है कि इस प्रगतिशील सेटअप का हिस्सा बनना मेरे सफर को सकारात्मक रूप से प्रभावित करेगा."

उन्होंने आगे कहा था, "मैं खुश हूँ कि मुझे रुतुराज गायकवाड़, अंकित बावने, राहुल त्रिपाठी, रजनीश गुर्बानी और मुकेश चौधरी जैसे प्रतिभाशाली खिलाड़ियों के साथ खेलने का मौका मिलेगा.

## डब्ल्यूडब्ल्यूई विमेंस वर्ल्ड चैंपियनशिप की दौड़ तेज नाओमी के जाने के बाद नए चैंपियन की तलाश

**एजेंसी। नयी दिल्ली**



डब्ल्यूडब्ल्यूई में विमेंस वर्ल्ड चैंपियनशिप को लेकर घमासान मच गया है. मौजूदा चैंपियन नाओमी ने प्रेग्नेंसी के चलते अपना टाइटल छोड़ दिया है, जिसके बाद यह खिताब अब खाली हो चुका है. उम्मीद की जा रही है कि 19 अगस्त 2025 तक इस चैंपियनशिप को नया चैंपियन मिल जाएगा. कई दिग्गज महिला रेसलर्स इस खिताब के लिए रेस में हैं और सभी की नजरें इस सुनहरे मौके पर टिकी हुई हैं. स्टेफनी वेकर ने डब्ल्यूडब्ल्यूई में कदम रखते ही तहलका मचा दिया है. उन्होंने नेक्स्ट विमेंस और नेक्स्ट विमेंस नॉर्थ अमेरिकन टाइटल एक साथ जीतकर इतिहास रच दिया. इसके बाद वे सीधे मेन रोस्टर में पहुंचीं और 2025 की इवोल्यूशन बैटल रॉयल जीतकर खुद को टाइटल की रेस में शामिल किया. पहले उनका मुकाबला नाओमी से तय था, लेकिन अब चैंपियनशिप खाली होने के कारण वे बिना मुकाबले ही खिताब के बेहद करीब पहुंच गई हैं. फैंस और ट्रिपल एच दोनों का समर्थन उनके साथ है, जिससे उनकी जीत की संभावना बढ़ गई है.

बैकी लिंच इस समय विमेंस इंटरकॉन्टिनेंटल चैंपियन हैं और रॉ की सबसे ताकतवर हील मानी जा रही हैं. उन्होंने हाल ही में लिरा वाल्किरिया को हराकर अपनी ताकत का लोहा मनवाया. नाओमी के टाइटल छोड़ने के बाद बैकी ने सोशल मीडिया पर उन्हें जमकर खरी-खोटी सुनाई और उन्हें गैर- जिम्मेदार बताया. डब्ल्यूडब्ल्यूई उनकी हील पर्सनालिटी को और मजबूत करने के लिए उन्हें डबल चैंपियन बना सकता है. अगर बैकी को वर्ल्ड टाइटल भी मिलता है, तो नाओमी की वापसी पर दोनों के बीच एक जबरदस्त फ्यूड देखने को मिल सकता है. रिया रिप्ले के लिए यह चैंपियनशिप दोबारा साबित होने का मौका है. उन्होंने जनवरी 2025 में रॉ के नेटफ्लिक्स डेब्यू पर यह टाइटल जीता था, लेकिन दो महीने बाद ही इयो स्काई से हार गईं.

**क्रिकेट** | करन और कॉक्स की बल्लेबाज़ी, राशिद की फिरकी का जलवा

## ओवल इनविंसिबल्स की धमाकेदार जीत

**एजेंसी। लंदन**



द हंड्रेड प्रतियोगिता में ओवल इनविंसिबल्स ने एक और दमदार प्रदर्शन करते हुए सोमवार को सदर्न ब्रेव को सात विकेट से पराजित कर टूर्नामेंट में अपनी चौथी जीत दर्ज की. इस मुकाबले में सैम करन और जॉर्डन कॉक्स की आक्रामक पारियों के साथ राशिद खान की शानदार गेंदबाज़ी निर्णायक रही. मैच की शुरुआत में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी सदर्न ब्रेव की टीम को शुरुआती झटकों से उबरने का मौका ही नहीं मिला. ऑस्ट्रेलियाई पेसर जेसन बेहरनडॉर्फ ने कप्तान जेम्स विंस और ल्यूस डु प्लोय को जल्दी पवेलियन भेजा. इसके बाद टॉम करन ने लॉरी इवांस का विकेट लेकर ब्रेव की मुश्किलें और बढ़ा दीं. इसी दौरान राशिद खान ने अपने चिर-परिचित अंदाज़ में गेंदबाज़ी करते हुए पारी का रुख ही बदल दिया. उन्होंने सिर्फ पांच गेंदों में तीन विकेट लेकर ब्रेव की कमर तोड़ दी. राशिद ने पहले जेसन रॉय और माइकल ब्रेसवेल को लगातार गेंदों पर आउट किया और फिर जेम्स कोल्स को एलबीडब्ल्यू कर ब्रेव को 44 रन पर छह विकेट के नुकसान पर ला खड़ा किया.

हालांकि, निचले क्रम के बल्लेबाज हिल्टन कार्टराइट (42 रन) और जॉर्डन थॉम्पसन ने बहुमूल्य रन जोड़ते हुए टीम को 133 रन के सम्मानजनक स्कोर तक पहुंचाया. अंत में सैम करन ने दो विकेट लेकर ब्रेव की पारी को समेटा और तीन विकेट लेकर सबसे सफल गेंदबाज रहे. लक्ष्य का पीछा करने उतरी ओवल इनविंसिबल्स की शुरुआत भी कुछ खास नहीं रही. क्रेग ओवरटन ने पहले ही ओवरों में विल जैक्स और तवांडा मुयेये को आउट कर टीम को दबाव में ला दिया. लेकिन इसके बाद जॉर्डन कॉक्स और सैम करन ने जिम्मेदारी से खेलते हुए पारी को संभाला. कॉक्स ने एक बार फिर अपनी शानदार फॉर्म को जारी रखते हुए अर्धशतक लगाया और करन के साथ मिलकर तेजी से रन बटोरे. करन ने भी विस्फोटक अंदाज में बल्लेबाजी करते हुए छक्का लगाकर अपना अर्धशतक पूरा किया. जब तक कॉक्स को टायमल मिल्स ने आउट किया, तब तक इनविंसिबल्स जीत की दहलीज पर पहुंच चुके थे. कप्तान सैम बिलिंग्स ने आते ही तीन चौके लगाकर तेजी से रन बटोरने का काम किया और अंत में सैम करन ने विजयी शॉट खेलकर मुकाबला 11 गेंद शेष रहते समाप्त कर दिया. इस जीत के साथ ओवल इनविंसिबल्स अंक तालिका में शीर्ष स्थान पर मजबूती से कायम हैं और टीम की प्लेऑफ में पहुंचने की उम्मीदें और प्रबल हो गई हैं.

**संक्षिप्त स्कोरकार्ड:** सदर्न ब्रेव – 133 रन (98 गेंदों में, हिल्टन कार्टराइट 42; राशिद खान 3/20, सैम करन 3/21)

**ओवल इनविंसिबल्स** – 134/3 (89 गेंदों में, जॉर्डन कॉक्स 56, सैम करन 50*; क्रेग ओवरटन 2/21)

**परिणाम :** ओवल इनविंसिबल्स 7 विकेट से विजयी.

## राष्ट्रीय खेल शासन विधेयक को राष्ट्रपति की मंजूरी, अब बना कानून

**एजेंसियां । नई दिल्ली**



राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू की मंजूरी मिलने के बाद राष्ट्रीय खेल शासन विधेयक अब कानून बन गया है. इस ऐतिहासिक कानून से भारत की खेल प्रशासन व्यवस्था में बड़े बदलाव होने की उम्मीद जताई जा रही है. केंद्र सरकार की ओर से जारी राजपत्र अधिसूचना में कहा गया, "संसद से पारित अधिनियम को 18 अगस्त, 2025 को राष्ट्रपति से मंजूरी मिली और इसे सामान्य जानकारी के लिए प्रकाशित किया जाता है – राष्ट्रीय खेल शासन अधिनियम, 2025." यह विधेयक लंबे समय से लंबित था और पिछले एक वर्ष में विभिन्न हितधारकों से व्यापक परामर्श के बाद 23 जुलाई को लोकसभा में पेश किया गया था, जहां 11 अगस्त को इसे पारित किया गया. अगले दिन राज्यसभा ने भी दो घंटे से अधिक चली चर्चा के बाद इसे मंजूरी दे दी. नया कानून न केवल खेल संस्थाओं के लिए शासन संबंधी मानदंड तय करता है, बल्कि त्वरित विवाद निपटारे के लिए राष्ट्रीय खेल न्यायाधिकरण (नेशनल स्पोर्ट्स ट्रिब्यूनल) के गठन का भी प्रावधान करता है. इसके अलावा इसमें राष्ट्रीय खेल चुनाव पैनल (नेशनल स्पोर्ट्स इलेक्शन पैनल) की स्थापना का भी उल्लेख है, जो अक्सर विवादों में रहने वाले राष्ट्रीय खेल महासंघों के चुनावों की निगरानी करेगा.

## ब्रीफ न्यूज

### पूर्व उद्योग मंत्री श्याम रजक की पत्नी का निधन

**पटना .** बिहार के पूर्व उद्योग मंत्री व जदयू के राष्ट्रीय महासचिव श्याम रजक की पत्नी अलका रजक का निधन हो गया है. वह पटना हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट में वरिष्ठ अधिवक्ता भी थी. पत्नी के निधन की सूचना खुद श्याम रजक ने दी है. साथ ही उन्हें श्रद्धांजलि भी दी है. जानकारी के अनुसार अलका रजक लंबे समय से बीमार चल रही थी और उनका इलाज चल रहा था. इसी दौरान आज उनके निधन की खबर सामने आई है. श्याम रजक और अल्का की मुलाकात साल 1993 में मुंबई में हुई थी. अल्का श्याम रजक के दोस्त की बहन थीं. 1993 में श्याम रजक अपने दोस्त के जन्मदिन पर उसके घर गए थे जहां पहली बार उन्होंने अलका को देखा.

### एआईएमआईएम ने तेजस्वी की राजद में लगाई सेंध

**पटना।** एक तरफ बिहार चुनाव से पहले एआईएमआईएम इस कोशिश में है कि उन्हें महागठबंधन में शामिल कर लिया जाए. जिसमें अबतक कामयाबी नहीं मिली है. वहीं दूसरी तरफ एआईएमआईएम ने राजद को बड़ा झटका दिया है. आज पटना स्थित एआईएमआईएम के प्रदेश कार्यालय मे अपने सैकड़ो समर्थकों के साथ सामाजिक कार्यकर्ता एवं राजद के पूर्व प्रदेश महासचिव मीर रिजवान ने विधिवत रूप से एआईएमआईएम की सदस्यता लिया साथ ही उन्हें पार्टी की ओर से सिमरी बख्तियारपुर विधानसभा कनवेयर बनाया गया.

### आर्मी की गाड़ी की चपेट में आकर युवक की मौत

**पूर्णिया।** सुबह सुबह भीषण हादसा हुआ है. जहाँ आर्मी की गाड़ी और मोटरसाइकिल में जोरदार भिड़ंत हो गई. इस सड़क हादसे में मौके पर ही बाइक सवार युवक की दर्दनाक मौत हो गई जबकि दो घायल हो गया. इस घटना के बाद इलाके में कोहराम मच गया. आक्रोशित लोगों ने सड़क जामकर खूब बवाल काटा. मृत युवक की पहचान मुफस्सिल थाना क्षेत्र के रायपुर मटिया निवासी मो अबुल के 35 वर्षीय पुत्र मो जावेद के रूप में हुई है. घटना के संबंध में घायल मो. आफताब ने बताया कि वह जावेद और एक अन्य दोस्त सतडोभ जा रहे थे. सतडोभ में ही जावेद का वेल्डिंग दुकान है.

# बिहार में नीतीश मंत्रिमंडल की बैठक में 16 प्रस्तावों पर लगी मुहर

## बिहार ईख विकास सेवा नियमावली, 2025 को मिली स्वीकृति

**शुभम संदेश। पटना**



बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अध्यक्षता में मंगलवार को कैबिनेट की बैठक हुई, जिसमें अलग-अलग विभागों से जुड़े 16 एजेंडों पर मुहर लगाई गई. इस दौरान स्वतंत्रता दिवस के दिन मुख्यमंत्री की ओर से घोषित बिहार की अलग-अलग आयोगों द्वारा आयोजित प्रतियोगी परीक्षाओं का शुल्क सिर्फ 100 रुपये करने की घोषणा की गई थी, जिस पर भी कैबिनेट की बैठक में मुहर लगी है. बिहार में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अध्यक्षता में संपन्न राज्य मंत्रिमंडल की बैठक में सरकार के अधीन सरकारी नौकरी के लिए सभी परीक्षाओं (बिहार लोक सेवा आयोग/बिहार कर्मचारी चयन आयोग/बिहार तकनीकी सेवा आयोग/बिहार पुलिस अवर सेवा आयोग/केन्द्रीय सिपाही चयन पर्षद, बिहार आदि) के आवेदन शुल्क में कमी/छूट की स्वीकृति सहित 16 प्रस्तावों पर मुहर लगाई गई है.

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने स्वतंत्रता दिवस के मौके पर गांधी मैदान से परीक्षा शुल्क 100 रुपये करने और मुख्य परीक्षा में शुल्क माफ करने की घोषणा की थी. आज की कैबिनेट में उन्होंने मंजूरी दे दी है. इसके अलावा पर्यटकों की सुविधा के लिए नालंदा जिले के राजगीर में जन-निजी भागीदारी (पीपीपी) के माध्यम से दो पांच सितारा होटल और वैशाली जिला में एक पांच सितारा रिसॉर्ट का निर्माण एवं संचालन आधारभूत संरचना विकास सामर्थ्यकारी (इनेबलिंग) संशोधन अधिनियम-2023 के प्रावधानों के अनुरूप कराये जाने की सैद्धांतिक स्वीकृति प्रदान की गई है. बैठक में राजकीय शिक्षक पुरस्कार प्राप्त शिक्षकों को पूर्व प्रावधानित राशि को वित्तीय वर्ष 2025-26 से 15 हजार रुपये से बढ़ाकर 30 हजार रुपये प्रदान करने को स्वीकृति दी गई है. गन्ना उद्योग विभाग में बिहार ईख विकास सेवा (भर्ती, प्रोन्नति एवं सेवा शर्तें) नियमावली, 2025 को स्वीकृति दी गई.

वित्तीय वर्ष 2025- 26 में 20 बाजार प्रांगण में राष्ट्रीय कृषि बाजार डीपीआर बेस्ड स्कीम अंतर्गत वन टाइम ग्रांट के रूप में 6 करोड़ रुपए व्यय करने की स्वीकृति दी गई है. बिहार महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ता संवर्ग नियमावली-2025 को स्वीकृति दी गई है. बांका जिले के मौथाबाड़ी में बिहार विशेष सशस्त्र पुलिस वाहिनी का मुख्यालय बनाया जाएगा. इसके लिए गृह विभाग को मुफ्त जमीन देने की मंजूरी दी गई. मधेपुरा जिले के चौसा में 132/33 केवी ग्रीड सब स्टेशन के लिए बिहार स्टेट पावर ट्रांसमिशन कंपनी को जमीन हस्तांतरण की मंजूरी दे दी गई है. बैठक के दौरान सालेपुर, नरसंडा, तेलमर, करौटा एनएच-30 पर 19.43 किलोमीटर सेक्शन को 2 लेन से बढ़ाकर 4 लेन किया जाएगा. इसके लिए 539 करोड़ रुपये की प्रशासनिक स्वीकृत दी गई है.

राजगीर में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम तक पहुंच पथ पर आरओबी समेत 4 लेन हाइवे के निर्माण के लिए 364 करोड़ रुपये की मंजूरी दी गई है. कैबिनेट की बैठक में स्वर्गीय उपेन्द्र नाथ वर्मा, स्वतंत्रता सेनानी एवं पूर्व मंत्री, बिहार सरकार की जयंती प्रतिवर्ष 23 अगस्त को गयाजी शहर के दिग्धी तालाब के उत्तर-पश्चिम कोना पर स्थित उनकी प्रतिमा स्थल पर राजकीय समारोह के रूप में मनाये जाने को स्वीकृति दी गई. इस साल सरकारी कर्मियों को कुल 44 दिनों की छुट्टियां मिलेंगी. बिहार सरकार के सभी सरकारी कार्यालयों में 11 दिन का सामान्य अवकाश रहेगा. वहीं 17 दिनों का ऐच्छिक/ प्रतिबंधित अवकाश मिलेंगे. इसके अलावा 15 दिनों का सार्वजनिक अवकाश घोषित किया गया है, जबकि एक दिन वार्षिक लेखाबंदी रहेगी. नीतीश कैबिनेट की बैठक में साल 2026 की छुट्टियों को लेकर सामान्य प्रशासन विभाग की तरफ से भेजे गए प्रस्ताव को भी स्वीकृति दे दी गयी है.

## मुख्यमंत्री ने 5353 अभ्यर्थियों को प्रदान किया नियुक्ति पत्र

**पटना.** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने मंगलवार को मुख्यमंत्री सचिवालय स्थित 'संवाद' में अनुकंपा के आधार पर माध्यमिक एवं उच्च माध्यमिक विद्यालयों में 4835 विद्यालय लिपिक एवं 518 विद्यालय परिचारी के पदों पर चयनित कुल 5353 अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र प्रदान किया. मुख्यमंत्री ने सांकेतिक रूप से मणि कुमारी, अमित गौरव, दिव्या राज, किरण कुमारी गुप्ता एवं तूबा अशरफ को नियुक्ति पत्र प्रदान किया. पूरे राज्य में आज 4835 विद्यालय लिपिक एवं 518 विद्यालय परिचारी, अर्थात् कुल 5353 आश्रितों की नियुक्ति की गई है. पटना जिले में 212 विद्यालय लिपिक एवं 28 विद्यालय परिचारी की नियुक्ति की गई है. नियुक्ति पत्र प्रदान कतरने के मौके पर मुख्यमंत्री ने कहा कि सभी नवनियुक्त कर्मियों को मेरी ओर से हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं है. मुझे विश्वास है कि सभी नवनियुक्त कर्मी पूरी ईमानदारी और निष्ठा के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन करेंगे. दरअसल, बिहार में वर्ष 2006 से शिक्षा विभाग के अन्तर्गत मृत शिक्षकों एवं शिक्षकेत्तर कर्मियों के आश्रितों को अनुकम्पा के आधार पर नियोजन ईकाई के माध्यम से शिक्षक के पद पर नियोजन हेतु प्रावधान किया गया. लेकिन मृत शिक्षकों एवं शिक्षकेत्तर कर्मियों के आश्रितों की योग्यता शिक्षक पद के लिए नहीं रहने के कारण वर्ष 2020 में नियोजन ईकाई के माध्यम से विद्यालय लिपिक एवं विद्यालय परिचारी के नियत वेतन पर अनुकम्पा के आधार पर नियोजन इकाई के माध्यम से वर्ष 2024 तक नियोजन किया गया.

## बिहार के पूर्वी चंपारण से जुड़े टेरर फंडिंग नेटवर्क का खुलासा, पिता-पुत्र गिरफ्तार

**शुभम संदेश। पूर्वी चंपारण**

उत्तर प्रदेश पुलिस ने एक बड़े टेरर फंडिंग नेटवर्क का पर्दाफाश करते हुए बिहार के पूर्वी चंपारण जिले के घोड़ासहन निवासी पिता-पुत्र को गिरफ्तार किया है. गिरफ्तार आरोपियों में गोलू कुमार और उसके पिता भूषण चौधरी शामिल हैं. पुलिस जांच में पता चला है कि इन्होंने साइबर ठगी के जरिए 101 करोड़ 34 लाख रुपये से अधिक की रकम को क्रिप्टोकरेंसी में बदलकर नेपाल, पाकिस्तान सहित कई देशों में भेजा है.

बलरामपुर जिला पुलिस के अनुसार, आरोपी अपने डिजिटल जनसेवा केंद्र की आड़ में लोगों के आधार कार्ड और अन्य दस्तावेजों का दुरुपयोग कर फर्जी बैंक खाते खोलते थे. पूछताछ में गोलू ने बताया कि वह साइबर कैफे चलाता था और वहीं से इस फर्जीवाड़े की शुरुआत की. उसने नेपाल के कुछ लोगों से बाइनेंस पर क्रिप्टो अकाउंट बनाना सीखा और फिर उसी के जरिए विदेशों में पैसे ट्रांसफर करना शुरू किया. इसके बाद अपने पिता भूषण के नाम से भी फर्जी आईडी बनाकर नेटवर्क का विस्तार किया. पुलिस जांच में यह भी सामने आया है कि सर्वाधिक लेनदेन गोलू के खाते से हुआ है, साथ ही नेपाल के एक और भारत के पांच अन्य खातों से भी लेनदेन किया गया. आरोप है कि यह गिरोह चाइनीज लोनिंग ऐप्स के माध्यम से साइबर ठगी करता था और उससे प्राप्त राशि को क्रिप्टोकरेंसी में बदलकर आतंकी संगठनों को फंडिंग करता था. बलरामपुर एसपी विकास कुमार ने जानकारी दी कि इस पूरे नेटवर्क का मास्टरमाइंड बिहार के नवादा जिले का एक संदिग्ध पहले ही गिरफ्तार हो चुका है. उसी की निशानदेही पर भूषण और गोलू को पकड़ा गया. जांच एजेंसियों ने इनके यूपीआई, डिजिटल ट्रांजैक्शन और बाइनेंस वॉलेट्स की गतिविधियों को ट्रैक किया और साक्ष्य जुटाने के बाद कार्रवाई की. गिरफ्तार आरोपियों के पास से 5 मोबाइल फोन, 1 लैपटॉप, 7 आधार कार्ड, बड़ी मात्रा में नेपाली मुद्रा और अन्य संदिग्ध सामग्री बरामद की गई है. फिलहाल एटीएस, एनआईए और अन्य सुरक्षा एजेंसियां इनसे पूछताछ कर रही हैं.

## न्यूज अपडेट

### पटना–पूर्णिया एक्सप्रेस-वे को मिला नेशनल एक्सप्रेसवे-9 का दर्जा, बिहार के लिए ऐतिहासिक उपलब्धि

**पटना।** बिहार की सबसे महत्वाकांक्षी सड़क परियोजनाओं में से एक पटना–पूर्णिया एक्सप्रेसवे को केंद्र सरकार ने राष्ट्रीय एक्सप्रेसवे का दर्जा प्रदान कर दिया है. सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार इसे नेशनल एक्सप्रेसवे-9 (एनई-9) घोषित किया गया है. यह बिहार का पहला ऐसा एक्सप्रेसवे होगा जो पूरी तरह राज्य की सीमाओं के भीतर निर्मित होगा. राज्य के पथ निर्माण मंत्री नितिन नवीन ने इस उपलब्धि को बिहार के लिए गौरव का क्षण बताया और केंद्र सरकार के प्रति आभार जताया. उन्होंने कहा कि इस परियोजना के राष्ट्रीय एक्सप्रेसवे घोषित होने के बाद इसका कार्य और भी तीव्र गति से आगे बढ़ेगा. राज्य सरकार केंद्र को हर स्तर पर सहयोग दे रही है और निर्माण कार्य समय पर पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध है. यह एक्सप्रेसवे पटना से पूर्णिया की दूरी को महज तीन घंटे में तय करने योग्य बनाएगा, जिससे सीमांचल क्षेत्र को सामाजिक और आर्थिक विकास में नई गति मिलेगी. लगभग 250 किलोमीटर लंबा यह एक्सप्रेसवे एनएच-22 के मीरनगर अरेज़ी (हाजीपुर) से शुरू होकर पूर्णिया जिले के हंसदाह में एनएच-27 (ईस्ट-वेस्ट कॉरिडोर) से जुड़ेगा.

### राजस्व महाअभियान : रैयतों तक पहुंचाए जा रहे भू-अभिलेख

**पूर्वी चंपारण।** राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के निर्देश पर जिले में 16 अगस्त से शुरू हुए राजस्व महाअभियान के तहत रैयतों को उनके भूमि अभिलेखों की प्रति घर-घर जाकर दी जा रही है. यह अभियान 20 सितंबर तक चलेगा. राजस्व विभाग के कर्मी ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों में शिविर लगाकर तथा घर जाकर जमाबंदी पंजी की प्रतियां व सुधार हेतु आवेदन प्रपत्र वितरित कर रहे हैं. इससे रैयत अपने भूमि दस्तावेजों में त्रुटि सुधार के लिए आवेदन दे सकेंगे. बंजरिया अंचल अधिकारी रोहन रंजन सिंह ने बताया कि हर पंचायत में दो-दो हल्का वार शिविर लगाए जाएंगे, जहां रैयत आवेदन जमा कर सकेंगे. इस अभियान के अंतर्गत मृत व्यक्ति के नाम की जमाबंदी में नामांतरण, आपसी सहमति से बंटवारा तथा त्रुटिपूर्ण खाता-खेसरा में सुधार जैसे कार्यों पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है. इस पहल से भूमि विवादों में कमी आने की उम्मीद है और रिकॉर्ड डिजिटल व पारदर्शी बनेंगे.

### राहुल गांधी के पोस्टर लगाने पर विधायक व पूर्व विधायक के बीच विवाद, पुलिस बीच-बचाव में जुटी

**नवादा।** नवादा के हिसुआ में कांग्रेस विधायक नीतू कुमारी द्वारा प्रधानमंत्री मोदी के होर्डिंग की जगह राहुल गांधी का पोस्टर लगाने को लेकर भाजपा के पूर्व विधायक अनिल सिंह और कांग्रेस विधायक नीतू सिंह के बीच तीखी नोकझोंक हुई. मामला मंगलवार को तब गर्माया जब राहुल गांधी की वोटर अधिकार यात्रा के चलते विश्व शांति चौक पर लगाए गए पोस्टर को लेकर दोनों पक्ष आमने-सामने आ गए. पूर्व विधायक अनिल सिंह ने बताया कि इस जगह पर पहले से ही प्रधानमंत्री मोदी का होर्डिंग लगा हुआ था, जिसे कांग्रेस विधायक ने जबरन हटाकर राहुल गांधी का पोस्टर लगा दिया. उन्होंने प्रशासन से शिकायत की, लेकिन अधिकारियों ने उनकी बात न सुनकर उल्टा पुलिस थाने बुला लिया. इस पर दोनों के बीच शब्दबाजी और हंगामा बढ़ गया. स्थिति तनावपूर्ण होने पर पुलिस ने तुरंत हस्तक्षेप किया.

### छिट राघोपुर गांव में भीषण आग, दर्जनों घर जलकर राख

**भागलपुर।** ज़िले के नाथनगर थाना क्षेत्र के गोसाईदासपुर पंचायत अंतर्गत छिट राघोपुर गांव में मंगलवार दोपहर एक भीषण अग्निकांड हुआ, जिसने कई परिवारों की ज़िंदगी को उजाड़ दिया. आग इतनी तेज़ी से फैली कि लोगों को अपना सामान तक निकालने का समय नहीं मिला और देखते ही देखते दर्जनों घर जलकर राख हो गए. स्थानीय लोगों ने आग की लपटें उठते ही तुरंत अग्निशमन विभाग को सूचना दी. सूचना मिलने पर फायर ब्रिगेड की दो गाड़ियाँ मौके पर पहुँचीं, लेकिन तब तक आग विकराल रूप ले चुकी थी. ग्रामीणों और दमकल कर्मियों ने मिलकर आग पर काबू पाने की कोशिश की, लेकिन तब तक कई घर पूरी तरह जल चुके थे. इस अग्निकांड में पीड़ितों का सारा सामान - जैसे बर्तन, कपड़े, नगदी, किताबें - सब जल गया. कुछ घरों में बंधी बकरियाँ भी आग की चपेट में आकर जल गईं. एक युवक आग बुझाते समय झुलस गया, जिसका इलाज स्थानीय स्तर पर किया जा रहा है. गांव में इस हादसे के बाद भय और दहशत का माहौल है. पीड़ित परिवार अब खुले आसमान के नीचे रहने को मजबूर हैं. ग्रामीणों का कहना है कि अगर फायर ब्रिगेड समय पर पहुँचती, तो नुकसान को काफी हद तक टाला जा सकता था.

## कारोबार

### चीन ने हटाई तीन प्रमुख वस्तुओं के निर्यात पर रोक

**नयी दिल्ली।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा दुनिया भर में टैरिफ लगाने के बाद वैश्विक व्यापार समीकरणों में बदलाव देखने को मिल रहा है. इसी कड़ी में भारत और चीन के बीच हाल के दिनों में नजदीकियां बढ़ती दिखाई दे रही हैं. चीन ने हाल ही में फर्टिलाइजर, रेयर अर्थ मैग्नेट/मिनरल्स और टनल बोरिंग मशीनों के निर्यात पर जो रोक लगाई थी, उसे अब हटा दिया है. यह रोक भारत पर भी लागू थी, जिससे भारत को रबी सीजन, बुनियादी ढांचा परियोजनाओं और इलेक्ट्रॉनिक उत्पादन में कठिनाइयों का सामना करना पड़ा था.

### लिस्टिंग के बाद ब्लूस्टोन ज्वेलरी ने बनाई बढ़त

**नयी दिल्ली।** ब्लूस्टोन ब्रांड के तहत गोल्ड, डायमंड, प्लेटिनम और जड़ाऊ ज्वैलरी बनाने वाली कंपनी ब्लूस्टोन ज्वेलरी के शेयरों ने आज स्टॉक मार्केट में कमजोर एंट्री करके अपने आईपीओ निवेशकों को निराश कर दिया. हालांकि लिस्टिंग के बाद हुई लिवाली की वजह से आईपीओ निवेशक फिलहाल फायदे में पहुंच गए हैं. आईपीओ के तहत कंपनी के शेयर 517 रुपये के भाव पर जारी किए गए थे. आज बीएसई पर इसकी लिस्टिंग 508.80 रुपये के स्तर पर और एनएसई पर 510 रुपये के स्तर पर हुई.

### 30 सितंबर तक कच्चे कपास के शुल्क मुक्त आयात की अनुमति

**नयी दिल्ली।** केंद्र सरकार ने 30 सितंबर तक कच्चे कपास के शुल्क मुक्त आयात की अनुमति दे दी है. सरकार ने यह कदम कपड़ा क्षेत्र के लिए प्रमुख कच्चे माल कपास की बाजार उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए यह कदम उठाया है. सरकार के इस फैसले का भाजपा सांसद एवं कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के राष्ट्रीय महामंत्री प्रवीण खंडेलवाल ने स्वागत किया है. वित्त मंत्रालय की ओर से 18 अगस्त को जारी अधिसूचना के अनुसार कपास पर शुल्क छूट 19 अगस्त से प्रभावी होगी, जो 30 सितंबर तक लागू रहेगी.

## चीन बनाता है, अमेरिका बहस करता है

**एजेंसी। नयी दिल्ली**



जोहो के फाउंडर श्रीधर ने उठाये सवाल

चीन और अमेरिका के बीच जारी ट्रेड वॉर के बीच एक नई बहस ने जोर पकड़ लिया है. यह बहस सिर्फ आर्थिक नहीं, बल्कि काम करने के तरीकों को लेकर भी है. इस बहस को हवा दी है जोहो कंपनी के फाउंडर श्रीधर वेम्बू ने, जिन्होंने हाल ही में एक किताब में कही गई बात को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' (पूर्व में ट्विटर) पर साझा किया है. श्रीधर वेम्बू ने कहा है कि चीन को इंजीनियर चला रहे हैं, जबकि अमेरिका को वकील. उनका यह बयान डैन वांग की आने वाली किताब ब्रेकनेक पर आधारित है. यह किताब 26 अगस्त को रिलीज होने वाली है और पहले से ही चर्चाओं में है.

किताब में यह विचार प्रमुखता से रखा गया है कि 21वीं सदी की सबसे बड़ी प्रतिस्पर्धा विचारधारा की नहीं, बल्कि काम करने के तरीके की है. वांग लिखते हैं कि चीन एक 'बिल्डर समाज' बन चुका है, जबकि अमेरिका एक 'वकील समाज'. वे बताते हैं कि चीन के नेता, विशेषकर पोलित ब्यूरो के सदस्य, इंजीनियरिंग बैकग्राउंड से आते हैं और उनका फोकस निर्माण और मैन्युफैक्चरिंग पर होता है. इसके उलट, अमेरिका में नीतियां बनाने वाले अधिकतर लोग वकील होते हैं, जो बहस और नियम बनाने में माहिर हैं, लेकिन निर्माण की क्षमता में पिछड़ते हैं. वांग का यह भी कहना है कि चीन के दूरदराज के इलाके भी कई बार अमेरिका के न्यूयॉर्क या लॉस एंजिल्स जैसे शहरों से बेहतर इंफ्रास्ट्रक्चर वाले होते हैं. इसका कारण है चीन की तेज़ी से और बिना अधिक कानूनी अड़चनों के निर्माण करने की रणनीति.

हालांकि, किताब चीन की आलोचना से भी पीछे नहीं हटती. वांग ने ₹एक बच्चे की नीति₹ और 'जीरो-कोविड लॉकडाउन' जैसे उदाहरण देकर यह बताया है कि जब निर्माण या निर्णय प्रक्रिया में कोई रोक-टोक न हो, तो उसके नकारात्मक प्रभाव भी हो सकते हैं.

वे कहते हैं कि चीन और अमेरिका दोनों ही अतिवादी रवैया अपनाते हैं - एक तेज़ी से चलता है, दूसरा बेहद धीरे. ब्रेकनेक में सुझाव दिया गया है कि अमेरिका को फिर से मैन्युफैक्चरिंग को प्राथमिकता देनी चाहिए और अपने नीति निर्माण में निर्माणकर्ताओं को शामिल करना चाहिए. वहीं, चीन को कुछ कानूनी नियंत्रण और संतुलन की आवश्यकता है ताकि विकास का असर समाज पर नकारात्मक न पड़े. श्रीधर वेम्बू द्वारा इस विचार को सामने लाने से सोशल मीडिया पर एक नई बहस छिड़ गई है. उनके सवाल ने अमेरिका की नीति-व्यवस्था और विकास मॉडल पर गंभीर मंथन की ज़रूरत की ओर इशारा किया है. यह बहस ऐसे समय में आई है जब अमेरिका और चीन दोनों ही वैश्विक स्तर पर अपना प्रभुत्व बनाए रखने की कोशिश कर रहे हैं. अब देखना यह है कि क्या अमेरिका अपने काम करने के तरीके में बदलाव करता है या फिर बहसों में ही उलझा रहता है -जबकि चीन तेजी से निर्माण करता रहेगा.

## एमेजॉन ने लगभग 1,50,000 से ज़्यादा नौकरी के मौके दिए

**एजेंसी। नयी दिल्ली**

एमेजॉन इंडिया ने आज घोषणा करी कि उसने अपने फुलफ़िलमेंट सेंटर्स (एफसी), सॉर्ट सेंटर्स और लास्ट माइल डिलीवरी स्टेशनों में 1,50,000 से ज़्यादा अस्थायी नौकरियाँ बनाई हैं. यह कदम आने वाले त्योहारों में करोड़ों ग्राहकों की सेवा करने की तैयारी के लिए उठाया गया है. इनमें 400 से ज़्यादा शहरों में सीधे और अप्रत्यक्ष नौकरी के मौके शामिल हैं, जिनमें मुंबई, दिल्ली, पुणे, बैंगलोर, हैदराबाद, लखनऊ, कोचीन, कोयंबटूर, इंदौर, रायपुर, जालंधर, जोधपुर, रांची, अनंतनाग, जलगाँव और कई अन्य शहर शामिल हैं. इसकी खास बात यह है कि एमेजॉन ने अपने नेटवर्क में हज़ारों महिलाओं और 2000 से ज़्यादा दिव्यांग साथियों को भी यह मौका दिया हैं. एमेजॉन इंडिया ने आने वाले त्योहारों को देखते हुए पहले से ही इन नए साथियों में से ज़्यादातर को शामिल कर लिया है. एमेजॉन इंडिया और ऑस्ट्रेलिया के वीपी - ऑपरेशंस, अभिनव सिंह ने कहा कि "इन त्योहारो पर हमारा मकसद ग्राहकों को पूरे भारत के हर सर्विसेबल पिन कोड पर सबसे जल्द और भरोसेमंद डिलीवरी देना है. जिसकी तैयारी करते हुए हमने अपने फ़ुलफ़िलमेंट और लॉजिस्टिक्स नेटवर्क में 1.5 लाख से ज़्यादा अतिरिक्त लोगों को भर्ती किया है, ताकि ग्राहकों को निराशा न हो. इनमें से कई लोग त्योहारों के बाद भी एमेजॉन के साथ काम करते हैं, और बड़ी संख्या में इनमें से कई साथी हर साल हमारे साथ फिर से जुड़ते हैं. हमारे लिए अपने सहयोगियों की सुरक्षा और भलाई बहुत मायने रखती है. चाहे वे हमारे भवनों में काम कर रहे हों या ग्राहकों तक पैकेज पहुँचा रहे हों. हम एक सुरक्षित, समान और सशक्त काम का वातावरण देने के लिए प्रतिबद्ध हैं, जिसमें सामाजिक सुरक्षा व कई सुविधाएँ शामिल हैं और जो हमारी पूरी टीम की आर्थिक भलाई का ध्यान रखती है.

एमेजॉन की नई सहयोगी मनीषा सिंह, जो फिलहाल बेंगलुरु के एक फ़ुलफ़िलमेंट सेंटर (एफसी) में काम कर रही हैं. उन्होंने बताया कि "मुझे खुशी है कि इस त्योहार के मौसम में मैं एमेजॉन से जुड़ी हूँ. कंपनी का सुरक्षित माहौल मुझे काम करते समय आत्मविश्वास देता है. भारत के परिवारों तक त्योहारों के दौरान खुशी पहुँचाने में मदद करना और एक सम्मानजनक कार्यस्थल का हिस्सा होना मेरे लिए गर्व की बात है.

भारत में ई-कॉमर्स नेटवर्क के सहयोगियों की भलाई का ध्यान रखने के अपने वादे के तहत एमेजॉन ने कई पहल शुरू की हैं. 2025 में कंपनी ने 'आश्रय' रेस्ट सेंटर्स को बढ़ाकर पूरे देश में 100 तक पहुँचा दिया है. इसके अलावा, एमेजॉन ने एक स्वास्थ्य और कल्याण कार्यक्रम भी शुरू किया है, जिसके तहत बड़े शहरों में कुल 80,000 से ज़्यादा डिलीवरी सहयोगियों का फ्री हेल्थ चेक-अप किया जा रहा है. यह पहल ज़रूरी स्वास्थ्य सेवाएं सीधे लास्ट-माइल डिलीवरी स्टेशनों तक पहुँचाती है, जिसमें आंखों, दाँतों, बीएमआई और डॉक्टर की परामर्श सेवाएँ शामिल हैं.

## शैक्षणिक संस्थानों में साइबर खतरों का मूल्यांकन : पायलट अध्ययन में खुलासा

# संस्थागत साइबर लचीलापन निर्माण के लिए तत्काल व निरंतर पहल की सिफारिश

**एजेंसी। नयी दिल्ली**



भारत के उच्च शिक्षा संस्थान साइबर अपराधियों के निशाने पर हैं. वैश्विक गैर-लाभकारी संस्था साइबरपीस के पायलट अध्ययन में खुलासा हुआ है कि केवल 9 माह (जुलाई 2023 से अप्रैल 2024) में देशभर में दो लाख से अधिक साइबर हमले और करीब चार लाख डेटा उल्लंघन दर्ज हुए. अध्ययन में 8,000 से ज्यादा यूनीक यूज़रनेम और 54,000 से ज्यादा यूनीक पासवर्ड ब्रूट फोर्स हमलों में इस्तेमाल होते पाए गए, जिनमें '123456' और 'पासवर्ड' जैसे बेहद कमजोर पासवर्ड भी शामिल हैं. रिपोर्ट के अनुसार, मज़बूत साइबर सुरक्षा वाली वैश्विक संस्थाओं की तुलना में भारतीय संस्थान पांच गुना अधिक संवेदनशील हैं. इस स्थिति से निपटने के लिए साइबरपीस ने डेलनेट के सहयोग और गूगल. ऑर्ग के समर्थन से साइबर फर्स्ट रेस्पॉन्डर इनिशिएटिव की शुरुआत की है, जिसके तहत छात्रों, शिक्षकों, पुस्तकालयकर्मियों और स्टाफ को साइबर खतरे, डीपफेक और एआई के दुरुपयोग से निपटने का प्रशिक्षण दिया जाएगा.

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रो. (डॉ.) जी.एस. बाजपेयी, कुलपति, राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय, दिल्ली ने कहा, असली मजबूती परिस्थितियों के अनुसार बदलाव में है. हर साइबर अपराध के पीछे डर और नुकसान की मानवीय कहानी होती है, जिसे सम्मान के साथ दूर करना जरूरी है. डॉ. संगीता कौल, निदेशक, डेलनेट ने कहा, साइबर सुरक्षा एक ऐसी शुरुआत है जिसका कोई अंत नहीं है. सहयोग से ही स्थायी बदलाव संभव है. विनीत कुमार, संस्थापक एवं वैश्विक अध्यक्ष, साइबरपीस ने चेताया, साइबर सुरक्षा के बिना डिजिटलीकरण दरवाजे और ताले के बिना घर बनाने जैसा है. ऐसे हालात में हमले, डीपफेक, फिशिंग और संवेदनशील डाटा की चोरी होना तय है. रिपोर्ट में संस्थागत स्तर पर मजबूत पासवर्ड नीति, प्रशिक्षित साइबर फर्स्ट रेस्पॉन्डर और बेहतर डिजिटल ढांचे को तत्काल लागू करने की सिफारिश की गई है.

### इन्फिनिक्स जीटी 30 5जी+ की सेल फ्लिपकार्ट पर शुरू

**नयी दिल्ली।** 20,000 रुपये से कम के सेगमेंट में सबसे बेहतर गेमिंग स्मार्टफोंस में से एक, इन्फिनिक्स जीटी 30 5जी+ की सेल फ्लिपकार्ट पर शुरू हो गई है. इस सेल में स्मार्टफोन की सीमित यूनिट 17,999 रुपये के विशेष मूल्य में उपलब्ध हैं, जिसमें सभी लॉन्च ऑफर शामिल हैं. स्टॉक रहने तक यह स्मार्टफोन इसी विशेष मूल्य में मिलेगा. जीटी 30 5जी+ में शार्प ज्योमेट्रिक लाईन्स के साथ साईबर मेचा 2.0 डिज़ाईन दिया गया है, जो इसे बहुत ही आकर्षक बनाता है. यह स्मार्टफोन साईबर ग्रीन, पल्स ब्लू और ब्लेड व्हाईट रंगों में उपलब्ध है. इसके बैक पैनल में प्रोग्रामेबल व्हाईट एलईडी लाईटिंग दी गई है, जो चार्जिंग, म्यूज़िक और नोटिफिकेशंस के लिए डायनामिक प्रतिक्रिया देती है.

### सर्राफा बाजार में सोने के भाव में गिरावट जारी

**नयी दिल्ली।** घरेलू सर्राफा बाजार में आज सोने के भाव में गिरावट नजर आ रही है. आज सोना 400 रुपये से लेकर 430 रुपये प्रति 10 ग्राम तक सस्ता हो गया है. दूसरी ओर, चांदी के भाव में आज 100 रुपये प्रति किलोग्राम की मामूली तेजी दर्ज की गई है. कीमत में गिरावट आने के कारण आज देश के ज्यादातर सर्राफा बाजारों में 24 कैरेट सोना 1,00,750 रुपये से लेकर 1,00,900 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है. इसी तरह 22 कैरेट सोना भी आज 92,350 रुपये से लेकर 92,500 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है. सोना के विपरीत चांदी के भाव में तेजी आने के कारण कारण ये चमकीली धातु दिल्ली सर्राफा बाजार में आज 1,17,100 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर बिक रही है. दिल्ली में 24 कैरेट सोना आज 1,00,900 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 92,500 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है. वहीं देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 1,00,750 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 92,350 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है. इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 1,00,800 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 92,400 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है. इन प्रमुख शहरों के अलावा चेन्नई में 24 कैरेट सोना आज 1,00,750 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 92,350 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है. कोलकाता में भी 24 कैरेट सोना 1,00,750 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 92,350 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है.

शुभम संदेश
रांची, बुधवार 20 अगस्त, 2025 

## न्यूज अपडेट

### पाकिस्तान में 5.2 तीव्रता के भूकंप इस्लामाबाद में भी डोली धरती

**इस्लामाबाद ।** पाकिस्तान में मंगलवार सुबह भूकंप के तेज झटके महसूस किए गए. रिक्टर स्केल पर भूकंप की तीव्रता 5.2 मापी गई. इसका केंद्र अफगानिस्तान के हिंदूकुश क्षेत्र में 190 किलोमीटर की गहराई पर था. भूकंप का असर राजधानी इस्लामाबाद, रावलपिंडी और खैबर पख्तूनख्वा के पेशावर, स्वात, चित्राल और एबटाबाद में दिखा. डान अखबार ने पाकिस्तान मौसम विज्ञान विभाग (पीएमडी) के हवाले से यह जानकारी दी. पंजाब के प्रांतीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण ने बताया कि भूकंप के झटके बहावलपुर, डेरा गाजी खान, फैसलाबाद, गुजरांवाला, गुजरात, लाहौर, मुल्तान, साहीवाल और सरगोधा संभागों में भी महसूस किए गए.

### 30 नेपाली नागरिकों को कुवैत ने दिया देश छोड़ने का आदेश

**काठमांडू ।** कुवैत में जहरीली शराब पीने के कारण 16 नेपाली नागरिकों की मौत हो चुकी है जबकि 30 नेपाली नागरिक अभी भी कुवैत के विभिन्न अस्पतालों में इलाज करवा रहे हैं. कुवैत सरकार ने इन सभी को देश छोड़ने का आदेश दे दिया है. जहरीली शराब पीने और बे चने के मामले में कुवैत पुलिस ने कुछ नेपाली नागरिकों को गिरफ्तार भी किया है. यह घटना 15 अगस्त की है जब जहरीली शराब पीने से दर्जनों नेपाली नागरिक सहित कुछ भारतीय और बांग्लादेशी नागरिक बीमार पड़ गए थे जिसके बाद उन्हें कुवैत के अलग अलग अस्पतालों में भर्ती कराया गया. कुवैत स्थित नेपाली दूतावास के मुताबिक अब तक इस जहरीली शराब कांड में 16 नेपाली नागरिकों की मौत हो चुकी है. अन्य देशों के 23 नागरिकों की भी जहरीली शराब पीने से मौत हो चुकी है.

### जाली सर्टिफिकेट के साथ कानपुर का युवक नेपाल में हुआ गिरफ्तार

**काठमांडू ।** भैरहवा पुलिस ने भारत के उत्तर प्रदेश में कानपुर शहर के निवासी अभिषेक यादव को एक दर्जन से अधिक विश्वविद्यालयों के जाली सर्टिफिकेट के साथ गिरफ्तार किया है. उसके पास से दो बड़े सूटकेस में करीब 2000 से अधिक जाली सर्टिफिकेट, होलोग्राम और स्टांप की बरामदगी हुई है. रूपन्देही जिला पुलिस कार्यालय के प्रवक्ता डीएसपी सूरज कार्की ने बताया कि गिरफ्तार किए गए कानपुर के युवक के पास से भारत के एमिटी विवि उत्तर प्रदेश, जवाहरलाल नेहरू प्रौद्योगिकी विवि हैदराबाद, छत्रपति साहू जी महाराज विवि कानपुर, असम उच्चतर मावि परिषद, कुरुक्षेत्र विवि और आंध्र विश्वविद्यालय की मार्कशीट, चरित्र प्रमाण पत्र, स्थानांतरण प्रमाण पत्र, लेटर पैड और अन्य फर्जी सादे दस्तावेज बरामद किए गए हैं.

### ट्रंप प्रशासन ने 6,000 से अधिक छात्र वीजा रद्द किए : स्टेट डिपार्टमेंट

**वॉशिंगटन ।** अमेरिकी स्टेट डिपार्टमेंट ने सोमवार को बताया कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के प्रशासन ने 6,000 से अधिक छात्र वीजा रद्द कर दिए हैं. इनमें से अधिकांश मामलों में वीजा धारकों ने कानून तोड़ा या निर्धारित समय से अधिक ठहरे, जबकि करीब 200–300 मामलों में उन्हें आतंकवाद से जुड़ी गतिविधियों में संलिप्त पाया गया. स्टेट डिपार्टमेंट के एक अधिकारी के अनुसार, करीब 4,000 वीजा अपराधों के कारण रद्द किए गए, जिनमें सबसे ज़्यादा मामले हमले से जुड़े थे. इसके अलावा शराब और ड्रग्स के नशे में गाड़ी चलाना तथा चोरी जैसे अपराध भी शामिल हैं. यह कदम ऐसे समय उठाया गया है जब ट्रम्प प्रशासन ने छात्र वीज़ा नियमों पर सख्ती बढ़ा दी है.

### ब्रिटेन : हमले के बाद भारतीय मूल के चार युवकों पर मुकदमा दर्ज हुआ

**नयी दिल्ली ।** इंग्लैंड के वेस्ट मिडलैंड्स क्षेत्र में हुए हथियारबंद हमले के मामले में भारतीय मूल के चार युवकों पर हिंसक उपद्रव का आरोप लगाया गया है. पुलिस के अनुसार, शुक्रवार सुबह बिल्स्टन के आर्बर ड्राइव में धारदार हथियारों से लैस लोगों के बीच झड़प हुई थी. हरदीत सिंह (28), हरप्रीत सिंह (25), मुकेश कुमार (30) और लखविंदर सिंह (26) को वॉल्वरहैम्प्टन मजिस्ट्रेट कोर्ट में पेश किया गया. झड़प में तीन लोग घायल हुए जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया. अब तक छह लोगों को गिरफ्तार किया गया है जिनमें से दो को जमानत पर रिहा किया गया है. चारों आरोपियों पर हिंसक उपद्रव, घायल करने और हथियार रखने का आरोप है. पुलिस ने घटनास्थल से एक बंदूक भी बरामद की है.

### कैलिफोर्निया में इमिग्रेशन जांच के दौरान हुई गोलीबारी : डीएचएस

**नयी दिल्ली ।** अमेरिकी होमलैंड सिक्योरिटी विभाग (डीएचएस) ने बताया कि एक संघीय एजेंट ने उस वक्त गोली चलाई जब एक ड्राइवर ने इमिग्रेशन जांच के दौरान कार की खिड़की खोलने से इनकार कर दिया, साथ ही गाड़ी तेजी से भगाकर भाग निकला. डीएचएस के मुताबिक, भागते वक्त उस ड्राइवर ने दो सीमा शुल्क और सीमा गश्ती (सीबीपी) एजेंटों को टक्कर मार दी. इसके बाद एक एजेंट ने आत्मरक्षा में गोली चलाई. हालांकि गोली किसी को नहीं लगी. एजेंटों को चोट लगी या नहीं, इस बारे में डीएचएस ने कोई जानकारी नहीं दी. डीएचएस ने कहा कि वे एक लक्षित प्रवर्तन अभियान चला रहे थे, लेकिन यह नहीं बताया कि वे उस ड्राइवर को क्यों रोकना चाहते थे.



मुंबई में मीठी नदी में बाढ़ से कई इलाके जलमग्न, लोकल सेवा बाधित

# महाराष्ट्र में बारिश से 12 लोगों की मौत, कई जिलों में जनजीवन ठप

**एजेंसी । मुंबई**

महाराष्ट्र के मुंबई सहित कई जिलों में पिछले तीन दिनों से लगातार हो रही मूसलाधार बारिश से जहां जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हुआ है वहीं विभिन्न घटनाओं में अब तक 12 लोगों की मौत हो गई है. साथ ही सैकड़ों घर गिर गए हैं और 5 लाख एकड़ जमीन पर फसल बर्बाद हो गई है. मुंबई में मीठी नदी में बाढ़ आ जाने से जहां कई इलाके जलमग्न हो गए हैं, वहीं रेलवे पटरियों पर जलभराव होने से मुंबई की लाइफ लाइन लोकल रेलवे सेवा बाधित हो गई है. सड़क यातायात भी प्रभावित हुआ है. इसी तरह बारिश की वजह से दृश्यमानता (विजिबिलटी)कम होने से हवाई सेवा पर असर पड़ा है. राज्य के आपातकालीन विभाग के मंत्री गिरीष महाजन ने कहा कि उन्होंने मंगलवार को अधिकारियों के साथ बैठक कर बारिश से हुए नुकसान का जायजा लेने का आदेश दिया है. उन्होंने कहा कि राज्य में बारिश की वजह से आम जनजीवन पर व्यापक असर है. बरसात से विभिन्न घटनाओं में अब तक 12 लोगों की मौत हो गई है और सैकड़ों जानवर मर गए हैं. लोकल ट्रेनों के साथ सड़क यातायात व्यवस्था भी चरमरा गई है. बारिश के कारण जगह जगह बसें फंस गई है. हवाएं सेवाओं में भी देरी हो रही है. मुंबई में मीठी नदी के आस पास बसे लोगों को सुरक्षित स्थल पर पहुंचाने के लिए एनडीआरएफ और जिला प्रशासन की टीम तैनात कर दी गई है. मंत्री गिरीश महाजन ने कहा कि नांदेड़, कोल्हापुर, रत्नागिरी, सिंधुदूर्ग, नासिक, सातारा, रायगढ़ आदि जिलों में भी नदियों का जलस्तर बढ़ा है, इन जिलों में जिला प्रशासन, एनडीआरएफ की टीमें काम कर रही हैं. मुंबई में मंगलवार सुबह से ही मूसलाधार बारिश हो रही है. इसके साथ ही समुद्र में ज्वार आया हुआ है. इससे मुंबई शहर का पानी समुद्र में नहीं जा पा रहा है. इससे अचानक मीठी नदी ने खतरे के निशान को पार कर लिया है.

इससे कुर्ला, पवई, बांद्रा कुर्ला काम्प्लेक्स आदि इलाकों में पहले मजले तक पानी पहुंच गया है. क्रांति नगर पूरा मीठी नदी की बाढ़ से घिर गया है. यहां एनडीआरएफ और जिला प्रशासन ने अब तक 225 लोगों को सुरक्षित स्थल पर पहुंचा दिया है. यहां राहत और बचाव कार्य तीव्र गति से जारी है. यही नही भारी बारिश से अंधेरी सबवे, मिलन सबवे, मालाड सबवे भर गया है, जिससे इन इन सबवे को बंद कर दिया गया है. भारी बारिश से पालघर जिले के वसई में मीठागार नामक इलाके में 145 परिवार पानी में घिर गए हैं, इसी तरह नालासोपारा और विरार में भी सैकड़ों इमारतों के आस पास बड़े पैमाने पर जलभराव हो गया है. इसी तरह ठाणे जिले के मुंब्रा, भिवंडी, मीरा भाईंदर आदि इलाकों में जलभराव हो गया है, इससे नागरिकों को बेहद मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है.



## किश्तवाड़ में एक महिला का शव बरामद, बादल फटने की घटना में मरनेवालों की संख्या 64 हुई

**एजेंसी । किश्तवाड़**

जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ जिले के चशोती गांव में बादल फटने की घटना के बाद से चल रहे बचाव और तलाशी अभियान में मंगलवार को एक और महिला का शव बरामद हुआ है, जिससे इस हादसे में मरने वालों की संख्या 64 हो गई है. व्यापक बचाव और राहत अभियान आज छठे दिन भी जारी है. अधिकारियों ने बताया कि मौसम में सुधार के साथ तेज़ हुए तलाशी अभियान के बीच आज सुबह बचावकर्मियों ने सड़ी-गली लाश देखी और उसे बरामद कर लिया. खोजी कुत्तों ने एक ढहे हुए घर के मलबे के नीचे से एक अन्य पीड़ित के शरीर के निचले हिस्से को भी बरामद करने में मदद की, लेकिन अधिकारियों ने कहा कि ऐसा माना जा रहा है कि यह उस व्यक्ति के शव का हिस्सा है, जिसे त्रासदी के पहले दिन बरामद किया गया था .बचाव दल कई स्थानों पर खासकर लंगर (सामुदायिक रसोई) स्थल के पास मुख्य प्रभावित स्थान पर मलबे में 'जिंदगी' की तलाश कर रहे हैं. अधिकारियों के मुताबिक एक और शव मिलने के साथ 14 अगस्त को मचैल माता मंदिर जाने वाले आखिरी गांव चशोती में बादल फटने से अचानक आई बाढ़ में मरने वालों की संख्या बढ़कर 64 हो गई है. मृतकों में तीन सीआईएसएफ कर्मी और जम्मू-कश्मीर पुलिस का एक विशेष पुलिस अधिकारी (एसपीओ) शामिल है. अधिकारियों ने बताया कि कुल 167 लोगों को बचाया गया है, जबकि सोमवार को सूची में नए सिरे से संशोधन के बाद लापता लोगों की संख्या घटकर 39 रह गई है .एसडीआरएफ के पुलिस उपाधीक्षक मसूफ अहमद मिर्जा ने कहा कि बचाव और राहत अभियान युद्धस्तर पर चल रहा है. इलाके की जांच के लिए एक टीम नीचे की ओर भेजी जा रही है. उन्होंने कहा कि बादल फटने का प्रभाव क्षेत्र बहुत बड़ा है, इसलिए इसमें समय लग रहा है.

### विपक्षी इंडी गठबंधन का प्रदर्शन खरगे बोले-जनता के साथ अन्याय

**नई दिल्ली ।** बिहार में मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को लेकर विपक्षी इंडी गठबंधन के सांसदों ने संसद भवन परिसर में प्रदर्शन किया. इसमें कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, प्रियंका गांधी, केसी वेणुगोपाल, समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव और अवधेश प्रसाद सिंह समेत कई अन्य विपक्षी नेता शामिल हुए. कांग्रेस अध्यक्ष और राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि चुनाव आयोग विपक्षी नेताओं को डराने और धमकाने की कोशिश कर रहा है, जो कि उसके अधिकार क्षेत्र से बाहर है. चुनाव आयोग अपनी संवैधानिक ज़िम्मेदारियों से भाग नहीं सकता और उसे निष्पक्ष जांच करनी चाहिए. उन्होंने कहा कि स्वतंत्र एवं निष्पक्ष चुनावों की प्रक्रिया पर गंभीर सवाल उठ खड़े हुए हैं. चुनाव आयोग को विपक्ष को डराने के बजाय तथ्यों की जांच करनी चाहिए. यह सिर्फ एक राजनीतिक आंदोलन नहीं, बल्कि वोट के अधिकार की रक्षा की लड़ाई है, जो सड़क से संसद तक जारी रहेगी.



### फ्रांस के राष्ट्रपति मैक्रों ने कहा जेलेंस्की से मिलने को तैयार पुतिन

**वाशिंगटन ।** फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने कहा कि अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड जे. ट्रंप के साथ यूक्रेन और रूस के बीच शांति वार्ता के लिए हुई बैठक के बाद रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन आखिरकार यूक्रेन के राष्ट्रपति व्लादिमीर जेलेंस्की से मिलने को तैयार हो गए हैं. वाशिंगटन शिखर सम्मेलन के दौरान ट्रंप ने फोन पर पुतिन से बात की. इस वार्ता में पुतिन ने कहा कि वह अगले दो हफ्तों में जेलेंस्की से मिलने के लिए तैयार हैं. वाशिंगटन शिखर सम्मेलन के तत्काल बाद फ्रांसीसी समाचार चैनल एलसीआई के साथ साक्षात्कार में फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने यह दावा किया. उन्होंने कहा कि 24 फरवरी, 2022 को रूसी आक्रमण के बाद दोनों नेताओं की यह पहली मुलाकात होगी. मैक्रों ने कहा कि हम सबने दोनों राष्ट्रपतियों के बीच एक द्विपक्षीय बैठक, इसके बाद त्रिपक्षीय बैठक (इसमें डोनाल्ड ट्रंप होंगे) और आखिर में बहुपक्षीय बैठक करने का फैसला लिया है. इस बैठक में यूरोपीय देशों के नेता भी शामिल होंगे.





### ताइवान के पास चीन की सैन्य गतिविधि हुई तेज; मचा हड़कंप

**नयी दिल्ली ।** ताइवान के रक्षा मंत्रालय (एमएनडी) ने मंगलवार सुबह 6 बजे तक 10 चीनी सैन्य विमान और 6 नौसैनिक जहाजों की गतिविधि अपने आसपास दर्ज की. मंत्रालय के अनुसार, इनमें से दो विमान ताइवान की उत्तरी वायु पहचान क्षेत्र में दाखिल हुए और मध्य रेखा को पार कर गए. ताइवान ने कहा कि उसकी सेना ने स्थिति पर कड़ी निगरानी रखी और आवश्यक प्रतिक्रिया दी. हाल के महीनों में चीन ने ताइवान के पास सैन्य गतिविधि तेज की है. ताइवान लगातार कहता रहा है कि ऐसे कदम क्षेत्रीय शांति और स्थिरता के लिए खतरा हैं.

### अमित शाह बोले-राष्ट्रीय सहकारिता नीति-2025 का बड़ा उद्देश्य

## 10 वर्षों में 16 प्रमुख लक्ष्यों को प्राप्त करना है

**एजेंसी । नई दिल्ली**

राष्ट्रीय सहकारिता नीति-2025 का उद्देश्य अगले दस वर्षों में 16 प्रमुख लक्ष्यों को प्राप्त करना है, जिन्हें छह रणनीतिक स्तंभों के अंतर्गत विभाजित किया गया है. यह जानकारी केंद्रीय सहकारिता मंत्री अमित शाह ने मंगलवार को लोकसभा में एक प्रश्न के लिखित उत्तर में दी. शाह ने कहा कि देश के सहकारी क्षेत्र को नया दृष्टिकोण और गतिशीलता प्रदान करने के लिए इस साल 24 जुलाई को नई राष्ट्रीय सहकारिता नीति-2025 लॉन्च की गई है. यह नीति सहकारी क्षेत्र के समग्र, संतुलित और व्यवस्थित विकास के लिए एक व्यापक खाका प्रस्तुत करती है. इसका उद्देश्य विकसित भारत की परिकल्पना को साकार करना है. यह नीति अगले 10 वर्षों में 16 प्रमुख लक्ष्यों को प्राप्त करने के उद्देश्य से तैयार की गई है, जिन्हें छह प्रमुख रणनीतिक स्तंभों के अंतर्गत वर्गीकृत किया गया है. इसका उद्देश्य न केवल सहकारी संस्थाओं की सुदृढ़ता सुनिश्चित करना है, बल्कि उन्हें तकनीकी, आर्थिक और सामाजिक रूप से सक्षम बनाना भी है.

शाह ने बताया कि सहकार से समृद्धि के सिद्धांत पर आधारित एक नई पहल के तहत सहकार टैक्सी कोऑपरेटिव लिमिटेड नामक एक मल्टी-स्टेट टैक्सी सहकारी संस्था पंजीकृत की गई है. यह संस्था एक ऐप-आधारित टैक्सी सेवा शुरू करेगी जो ड्राइवर-सदस्यों और ग्राहकों दोनों के लिए लाभकारी होगी. यह परियोजना राष्ट्रीय सहकारी विकास निगम (एनसीडीसी) द्वारा इफको, नेफेड, अमूल, कृभको, एनडीडीबी, एनसीईएल और नाबार्ड जैसे सात प्रमुख सहकारी संगठनों के सहयोग से प्रोत्साहित की जा रही है. इसका पायलट प्रोजेक्ट दिल्ली और गुजरात में शुरू किया जाएगा.

## अमेरिका में शांति वार्ता के बीच रूस ने यूक्रेन पर किया हवाई हमला, कई जगह विस्फोट से दहल गए दो शहर

**एजेंसी । कीव (यूक्रेन)**

रूस की सेना ने यूक्रेन के पोल्टावा क्षेत्र पर बड़ा हवाई हमला किया है. रूस ने इस क्षेत्र के क्रेमेनचुक और लुबनी पर ड्रोन और क्रूज मिसाइल दागीं. हमलों से कई जगह विस्फोट के बाद आग लग गई. क्रेमेनचुक शहर धुएं के गुबार से ढक गया. शहर में बिजली गुल हो गई. कीव पोस्ट की खबर के अनुसार पोल्टावा क्षेत्र के क्रेमेनचुक पर 19 अगस्त की सुबह रूस ने बम बरसाए. लुबनी में एक साथ कम से कम 30 विस्फोट हुए. यूक्रेन की वायु सेना ने बताया कि रूस ने सुरक्षित हवाई क्षेत्र में दूर से गोलाबारी करने के लिए टीयू-95एमएस क्रूज मिसाइलों का



इस्तेमाल किया. सुबह 5:08 बजे खार्किव क्षेत्र के ऊपर पोल्टावा की ओर उड़ती हुई पहली क्रूज मिसाइलों का पता चला. लगभग 5:26 बजे तक क्रेमेनचुक में विस्फोटों की आवाज सुनाई देने लगी. मेयर विटाली मालेत्स्की ने कहा कि बमों से किए गए विस्फोटों ने शहर को हिलाकर रख दिया. बमबारी से ऊर्जा और परिवहन ढांचे को नुकसान पहुंचा. उन्होंने फेसबुक पर लिखा, ''जिस समय पुतिन फोन पर ट्रंप को शांति का आश्वासन दे रहे थे और जब राष्ट्रपति जेलेंस्की व्हाइट हाउस में यूरोपीय नेताओं के साथ शांति के बारे में बातचीत कर रहे थे, उसी समय पुतिन की सेना ने क्रेमेनचुक पर बड़ा हमला किया. पोल्टावा क्षेत्रीय सैन्य प्रशासन के अनुसार क्रेमेनचुक और लुबनी जिलों में हमले से कई इमारतें मलबे के ढेर में बदल गईं. राज्यपाल वोलोडिमिर कोहुत ने पुष्टि की कि स्थानीय ऊर्जा कंपनियों के प्रशासनिक भवनों को नुकसान पहुंचा है. कोहुत ने कहा, लुबनी जिले में हमले के कारण 1,471 घरों और 119 व्यवसायों की बिजली गुल हो गई.

### पाकिस्तान को घुटनों पर लाया आईएमएफ, पाक से केंद्रीय बैंक के बोर्ड से वित्त सचिव को हटाने को कहा

## शहबाज सरकार के हाथ से निकल जाएगा केंद्रीय बैंक

**एजेंसी । नयी दिल्ली**

आईएमएफ से कर्ज लेकर पाकिस्तान फंस गया है. दरअसल आईएमएफ ने पाकिस्तान को कर्ज की नई किस्त जारी करने के लिए कुछ ऐसी शर्त रख दी है, जिससे पाकिस्तान की सरकार अपने ही केंद्रीय बैंक की निगरानी नहीं कर पाएगी और पाकिस्तानी सरकार का अपने केंद्रीय बैंक पर नियंत्रण कम हो जाएगा. दरअसल आईएमएफ ने पाकिस्तान से केंद्रीय बैंक के बोर्ड से वित्त सचिव को हटाने को कहा है और साथ ही वाणिज्यिक बैंकों के निरीक्षण का आदेश देने के संघीय सरकार के अधिकार को रद्द करने के लिए कानून में संशोधन की भी मांग की है.

**अपने ही केंद्रीय बैंक से नियंत्रण खो देगी पाकिस्तान सरकार :** पाकिस्तान के मीडिया रिपोर्ट्स में यह दावा किया गया है. रिपोर्ट्स के अनुसार, अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) ने वित्त सचिव को निदेशक मंडल से हटाने के लिए एसबीपी अधिनियम में संशोधन की सिफारिश की है. साथ ही आईएमएफ ने स्टेट बैंक ऑफ पाकिस्तान (एसबीपी) में डिप्टी गवर्नर के दो रिक्त पदों को तुरंत भरने को भी कहा है. आईएमएफ की सिफारिशें, गवर्नेंस एंड करप्शन डायग्नोसिस मिशन रिपोर्ट का



हिस्सा हैं. पाकिस्तानी मीडिया के अनुसार, अगर ये सिफारिशें मानी जाती हैं तो संघीय सरकार की केंद्रीय बैंक से निगरानी समाप्त हो जाएगी, जबकि स्टेट बैंक ऑफ पाकिस्तान (एसबीपी) में पाकिस्तानी सरकार की हिस्सेदारी 100 प्रतिशत है. इससे पहले साल 2022 में, आईएमएफ के दबाव में पाकिस्तानी सरकार ने एसबीपी को पूर्ण स्वायत्तता प्रदान की थी और बोर्ड में वित्त सचिव के मताधिकार को भी समाप्त कर दिया. जिसके बाद से वित्त सचिव बोर्ड का सदस्य तो होता है, लेकिन उसके पास मतदान का अधिकार नहीं होता. ऐसे में विनिमय दर निर्धारण करना या ब्याज दर निर्धारण जैसे प्रमुख फैसले भी एसबीपी के बोर्ड द्वारा नहीं, बल्कि मौद्रिक नीति समिति द्वारा लिए जाते हैं. सोमवार को, पाकिस्तान के वित्त मंत्री मोहम्मद औरंगजेब ने कहा कि ब्याज दरें निर्धारित करने में सरकार की कोई भूमिका नहीं है, जो एसबीपी के अधिकार क्षेत्र में आती हैं. उन्होंने आगे कहा कि विनिमय दर का निर्धारण बाजार द्वारा ही होता रहेगा.

**आईएमएफ ने सिफारिशों की बताई ये वजह :** औरंगजेब ने कहा कि आईएमएफ की टीम कर्ज के 1 अरब डॉलर की तीसरी किस्त पर बातचीत के लिए सितंबर में पाकिस्तान का दौरा करेगा. आईएमएफ ने तर्क दिया है कि एसबीपी बोर्ड से वित्त सचिव को हटाने से केंद्रीय बैंक को पहले से ही स्वायत्ता मिलेगा और केंद्रीय बैंक की स्वतंत्रता और मजबूत होगी. हालांकि मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, सरकार ने अभी तक आईएमएफ की सिफारिशों को स्वीकार नहीं किया है और सरकार इन पर चर्चा कर रही है.

## अंतरिक्ष में 75 टन भार ले जाने के लिए 40 मंजिले ऊंचे रॉकेट पर काम कर रहा इसरो

**एजेंसी । हैदराबाद**

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के प्रमुख वी. नारायणन ने मंगलवार को कहा कि अंतरिक्ष एजेंसी 40 मंजिला इमारत जितना ऊंचा रॉकेट बना रही है, जो 75 किलोग्राम का पेलोड पृथ्वी की निचली कक्षा में भेज सकेगा. नारायणन ओस्मानिया विवि के दीक्षांत समारोह को संबोधित कर रहे थे. उन्होंने बताया कि इस साल इसरो के पास एनएवीआईसी उपग्रह, एन1 रॉकेट जैसी परियोजना हैं. साथ ही उसके पास अमेरिकी 6,500 किलोग्राम के संचार उपग्रह को भारतीय रॉकेट के जरिए कक्षा में भेजने का भी काम है. नारायणन ने कहा, क्या आप जानते हैं कि पहले

नारायणन ने दी जानकारी



रॉकेट की क्षमता क्या थी? डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम ने जो पहला लॉन्चर बनाया था, उसका वजन 17 टन था और यह 35 किलोग्राम का पेलोड पृथ्वी की निचली कक्षा में भेज सकता था. आज हम 75 हजार किलोग्राम पेलोड भेजने वाला रॉकेट बना रहे हैं, जिसकी ऊंचाई 40 मंजिला इमारत जितनी होगी. नारायणन ने बताया कि इसरो इस साल प्रौद्योगिकी प्रदर्शन उपग्रह और भारतीय नौसेना के लिए बनाया गया सैन्य संचार उपग्रह जीसैट-7आर लॉन्च करने की योजना बना रहा है, जो मौजूदा जीसैट-7 (रुक्मिणी) उपग्रह की जगह लेगा. उन्होंने बताया कि फिलहाल कक्षा में भारत के 55 उपग्रह हैं, जो अगले तीन-चार वर्षों में तीन गुना बढ़ जाएंगे. दीक्षांत समारोह में तेलंगाना के राज्यपाल जिष्णु देव वर्मा ने नारायणन ने विज्ञान में डॉक्टरेट की मानद उपाधि प्रदान की. उन्होंने भारत के अंतरिक्ष कार्यक्रम में नारायणन के योगदान की सराहना की.

स्वत्वाधिकारी लगातार इंफोटेनमेंट प्राइवेट लिमिटेड की ओर से मुद्रक, प्रकाशक प्रदीप कुमार सिंह, क्वार्टर नंबर सी-90, पोस्ट-नावागढ़, थाना-बरोरा, हरिणा कॉलोनी, धनबाद-828306, झारखंड द्वारा फ्लैट नंबर 2ए, सेकेंड फ्लोर, सिंगारो मेनन अपार्टमेंट,चूना भट्ठा, एचबी रोड कोकर, नियर डिस्टिलरी पुल, बिरसा समाधि स्थल) रांची-834001, झारखंड से प्रकाशित और शिवसाईं पब्लिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड, रातू, काठीटांड़, टेंडर बगीचा रातू, रांची - 835222 झारखंड द्वारा मुद्रित. **संपादक : संजय कुमार सिंह.*** फोन नंबर 0651-2913385, 9142897989 (***पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार**).
आरएनआई नं : JHAHIN/2023/84487, ई-मेलः shubhamsandeshnews@gmail.com धनबाद ब्यूरो : ओजोन सेंटर,थर्ड फ्लोर, कमरा नं-306 अशोकनगर, बैंक मोड़, धनबाद-828106. फोन नं – 9431145133.ई मेल-sandeshsubham23@gmail.com.